दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष दशमी विक्रम संवत-2081 वर्ष-09 अंक-232 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ◊◊ 6 | आंचलिक 2 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | आस-पास

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:18 प्रात:

अस्त : 05:03 संध्या

प्रदेश का तापमान (आज)

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	25.0	15.0
जमशेदपुर	28.0	18.0
हजारीबाग	27.0	15.0
डालटनगंज	29.0	15.0

//--सुविचार--//

भावनाओं को समझने के लिए शब्दों का साथ चाहिए और रिश्ता निभाने के लिए मन में विश्वास चाहिए।

संजय मल्होत्रा होंगे आरबीआई के गवर्नर



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव, संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का अगला गवर्नर नियुक्त किया है। मल्होत्रा, बेनेगल रामा राव के सात साल से ज्यादा कार्यकाल के बाद दूसरे सबसे लंबे समय तक आरबीआई का गवर्नर रहने वाले शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को 11 दिसंबर, 2024 से तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए रिजर्व बैंक का अगला गवर्नर नियुक्त किया गया है। राजस्थान कैडर के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संजय मल्होत्रा, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से कंप्यूटर विज्ञान में इंजीनियरिंग स्नातक हैं, उन्होंने प्रिंसटन विश्वविद्यालय, यूएसए से सार्वजनिक नीति में मास्टर डिग्री हासिल की है।

झारखंड विधानसभा सत्र : सदन में 80 विधायकों ने ली शपथ, कार्यवाही 10 दिसंबर पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित

सदन में दिखे 21 नये चेहरे

नव प्रदेश संवाददाता

झारखंड विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत करते वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर।

रांची। षष्ठम झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को दिन के 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई गयी। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलायी। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन, बोरियो विधायक धनजंय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन सहित 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। जबकि पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

इस बार सदन में 21 नये चेहर दिखे, जो पहली बार विधायक बने हैं। सदन में पहली बार पहुंचने वाले विधायकों में रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। वहीं, 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं। इसमें सबसे अधिक आठ भाजपा के हैं जबकि छह झामुमो, तीन कांग्रेस के हैं। राजद, माले, आजसू एवं जेएलकेएम के एक-एक विधायक शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया।

सदन पहुंचने वाले विधायकों में दस ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगायी है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल हैं। पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं। स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 1980 में जीत हासिल की थी। चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक विरुआ, चमरा लिंडा और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं।

अनोखे अंदाज में पहुंचे जयराम

झारखंड विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हुए जयराम महतो अनोखे अंदाज में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया। इसके बाद सदन के अंदर नंगे पांव घुसे। शपथ लेने के बाद जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं, जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा। जयराम ने कहा कि इस डायरी में मैं वह शपथ लिखूंगा, जो मैं विधानसभा में लूंगा। यह मेरे लिए लोकतंत्र के प्रति मेरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

रांची में 'बारिश' के बाद आज से बढ़ेगी कनकनी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण रांची समेत कई जिलों में बारिश की संभावना है। राजधानी में सोमवार सुबह से ही घने बादल छाये हैं, जिसके कारण दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 10 और 11 दिसंबर से राज्य के विभिन्न जिलों का मौसम साफ होगा, जिसके बाद ठंड में बढ़ोतरी की संभावना है। रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम से आ रही ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आ गयी है, जिससे कनकनी में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 10 दिसंबर से अगले तीन से चार दिनों तक राज्यभर में घना कोहरा छाया रहने का अनुमान है। ठंडी हवाओं के कारण रात में कनकनी और अधिक बढ़ सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आएगी।

रांची समेत कई जिलों में बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के पलामू, गढ़वा, लातेहार और उत्तरी भाग के कुछ हिस्सों को छोड़कर कहीं-कहीं हल्के स्तर की बारिश हो सकती है। बारिश के दूसरे दिन से राज्य में घना कोहरा छा सकता है। रात के मौसम में कनकनी बढ़ सकती है।

रांची का न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री

पिछले 24 घंटे में रांची का न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री रहा। बादल छाये रहने से जमशेदपुर और मेदिनीनगर के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जमशेदपुर और मेदिनीनगर दोनों जगहों का तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 13 और मेदिनीनगर का 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी में बने मंत्रियों के आवास का किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी, रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर कई दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास और पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी, 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएं ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित की जा सके। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था और झूला इत्यादि लगाने के भी निर्देश दिए।इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीईओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार और जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

रबिंद्रनाथ महतो दूसरी बार लगातार बनेंगे स्पीकर, रचेंगे इतिहास

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : हेमंत सोरेन की नई सरकार में मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। सोमवार से छठी विधानसभा सत्र का पहला सत्र शुरू हुआ। एक बार फिर तय हो गया है कि जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक रबिंद्रनाथ महतो ही फिर से स्पीकर बनेंगे। इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित विधायकों की सीएम हेमंत सोरेन के आवास पर रविवार को देर रात तक चली बैठक में इस पर सहमति भी बन गई है। हालांकि 8 दिसंबर को रबिंद्रनाथ महतो के पिताजी का देहांत हो जाने के कारण हुए उनका पूरा परिवार अभी शोकाकुल है लेकिन उनके विधानसभा अध्यक्ष बनने की घोषणा से समर्थकों में खुशी देखी जा रही है।

स्पीकर बनते ही बनेगा नया रिकॉर्ड

नाला विधायक रबिंद्रनाथ महतो के झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष बनते ही एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा। वो झारखंड के पहले वैसे विधायक होंगे जो लगातार दूसरी बार विधानसभा अध्यक्ष बनेंगे। यही नहीं रविंद्रनाथ महतो पहले ऐसे विधायक है, जो लगातार दो कार्यकाल में स्पीकर बन रहे हैं। इसके पहले अब तक ऐसा नहीं हुआ था।

चौथी बार जीत दर्ज की है रबिंद्रनाथ ने

विधानसभा अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित रबिंद्रनाथ महतो नाला सीट चौथी बार विधायक चुनकर आए हैं। यही नहीं कई अन्य विधायकों की तरह वो भी लगातार तीन बार जीतकर हैट्रिक लगाने में सफल हुए है। 2005 में नाला से झारखंड विधानसभा का अपना पहला चुनाव जीते, लेकिन 2009 में अगला चुनाव हार गए, लेकिन 2014 और 2019 तथा 2024 के चुनावों में फिर से जीत हासिल की। रबिंद्रनाथ महतो झारखंड विधानसभा के सातवें अध्यक्ष चुने गए। आठवीं में भी उनका अध्यक्ष बनना तय है।

नहीं है एक भी मामला दर्ज

नाला विधायक रबिंद्रनाथ महतो मृदु भाषी मिलनसार और बिना विवाद के सामान्य जीवन व्यतीत करने वाले विधायक हैं। यही कारण है कि उनके लंबी राजनीतिक जीवन में उन पर कभी प्राथमिक ही दर्ज नहीं हुई। उनके विधानसभा क्षेत्र के लोग भी कहते हैं कि वह काफी मृदुभासी है और पक्ष हो या विपक्ष सभी को अपने साथ लेकर चलते हैं। जिस कारण आज तक उन पर कभी कोई केस दर्ज नहीं हुआ। यह नहीं चुनाव में दिए गए शपथ पत्र में भी उनकी इस बातों का जिक्र है। बहरहाल रबिंद्रनाथ महतो के अध्यक्ष बनने की घोषणा होने से उनके समर्थकों में खुशी देखी जा रही है। वही जामताड़ा जिले को इस सरकार में भी एक मंत्री के साथ-साथ विधानसभा अध्यक्ष का पद भी मिला है जो जामताड़ा के विकास के लिए शुभ माना जाएगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास विभाग बने भ्रष्टाचार का गढ़ : बाबूलाल

रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार का गढ़ बन गए हैं। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है। यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दर्शाता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है। यह कितना शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं। सरकार की लचर नीतियां और कमजोर व्यवस्था ने भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे रखी है। ऐसे में झारखंड का विकास एक सपना बनकर रह गया है।

एक नजर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी का किया अभिवादन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने षष्ठम्‌ विधानसभा के प्रथम सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का अभिवादन किया। दूसरी ओर, झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

रांची। मुखमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

अवैध रेलवे ई-टिकट बेचने के मामले में एक गिरफ्तार

रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत रेलवे ई-टिकट के अवैध व्यवसाय पर कार्रवाई की है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ ने पुंदाग ओपी पुलिस की सहायता से पुंदाग रोड के छोटी मस्जिद के समीप वसीर कॉम्प्लेक्स स्थित अरिशा कंप्यूटर सेवा नामक किराए की दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान की जांच करने पर 15 पास किये गए ई-टिकट बरामद किए गए, जो दो पर्सनल यूजर आईडी से बनाए गए थे।इन टिकटों की कुल कीमत 43 हजार 822 थी। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह व्यक्तिगत लाभ के लिए इन आईडी का उपयोग कर रेलवे ई-टिकट बना रहा था और प्रत्येक टिकट पर यात्रियों से वास्तविक किराए के अतिरिक्त 50 रुपये लेता था। आरोपित दुकानदार जावेद अख्तर को रेलवे एक्ट की धारा 179(2) के तहत गिरफ्तार किया गया और धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया।

रांची में कॉलेज और स्कूल की 100 मीटर की परिधि में साइलेंस जोन घोषित : एसडीओ

रांची। रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर की परिधि में भी साइलेंस जोन घोषित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण की शिकायत टोल फ्री नबंर 112 या थाना में करने वाले शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे से सुबह 06 बजे तक किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नहीं करना है और किसी प्रकार का लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है।

किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : बिरुआ

राजस्व संग्रहण पर दें जोर

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। दीपक बिरुआ ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता नहीं बरती जाए। दीपक बिरुआ ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें। तत्पश्चात जिला स्तर में कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने परिवहन सचिव और भू-राजस्व विभाग के सचिव को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिया।

बीएयू : 454 बकरियों का टीकाकरण

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आईसीएआर के सहयोग से चल रही बकरी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला के बाराबंकी में एन्टेरोटोक्सीमिया रोग से बचाव के लिए 454 बकरियों का टीकाकरण किया गया तथा किसान गोष्ठी में बकरीपालकों को आधुनिक बकरी पालन की तकनीकी जानकारी दी गई। परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ नन्दनी कुमारी ने बताया कि बकरी क्षेत्र में विकास दर के मामले में देश में झारखंड पश्चिम बंगाल के बाद दूसरा प्रांत है। यहां पिछले 5 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में लगभग 39% का विकास रहा। झारखंड में इस गतिविधि में ज्यादातर महिलाएं संलग्न हैं, जिन्हें इस सेक्टर के यथोचित विकास से आर्थिक रूप से ज्यादा सशक्त बनाया जा सकता है। पशु उत्पादन एवं प्रबंधन विशेषज्ञ तथा परियोजना के सह प्रधान अन्वेषक डॉ शैलेंद्र रजक ने किसान गोष्ठी एवं स्वास्थ्य शिविर का समन्वयन किया जिसमें 44 किसानों ने भाग लिया। उन्होंने बकरी पालकों को टीकाकरण के लाभ तथा एंटेरोटॉक्सेमिया के प्रकोप के बारे में जानकारी दी। पशु स्त्रैणिकी विशेषज्ञ डॉ दिलीप कुमार ने गर्भवती बकरियों की देखभाल तथा प्रसव संबंधी जानकारी दी। आयोजन में प्रमोद कुमार प्रमाणिक, मोहम्मद नईम तथा विनोद कुमार का भी सक्रिय सहयोग रहा।

कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण

रांची : राष्ट्रीय सनातन युवा मंच के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची के फिरायलाल मेन रोड में दूसरे सप्ताह भी संस्था के सभी सदस्यो ने गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस सेवा कार्य में संस्था के करण कर्मकार, रानी मुस्कान, वीना, श्री निशांत, मनोज, राजीव, साकेत सिंह, राजू चौधरी एवं संस्था के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

छात्रों ने सीखा बिस्किट व चॉकलेट बनाने का विज्ञान

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आजाद बस्ती रांची के सीनियर सेक्शन (कक्षा 6 से 9) के छात्रों ने एक शैक्षणिक दौरे के तहत एसएए विष्णु बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड, खूंटी रोड का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को इंडस्ट्रियल प्रोसेस /औद्योगिक प्रक्रियाओं और प्रोडक्शन /उत्पाद निर्माण से संबंधित प्रैक्टिकल /व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। दौरे में छात्रों के साथ स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सोनी सितारा केरकेट्टा, प्रबंधन प्रभारी सना अनाम, और एक्टिविटी इंचार्ज सादिया नईम, किरण कुमारी, शाजरा नसिम, सुहाना निशा और मिधात फातिमा उपस्थित रहीं। छात्रों ने बिस्किट और चॉकलेट बनाने की प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। उन्हें सामग्री के सही माप और मिश्रण से लेकर उत्पाद के पैकेजिंग तक के स्टेज का नॉलेज दिया गया। फैक्ट्री में छात्रों ने पार्ले द्वारा निर्मित टॉफी, बिस्किट, कुकीज और अन्य उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया का जायजा लिए और समझा। यह प्रैक्टिकल अनुभव न केवल उनके लिए सिखने के काबिल था, बल्कि औद्योगिक कार्यप्रणाली को समझने का एक नायब अवसर भी प्रदान करता है। शैक्षणिक दौरे के बाद, छात्रों ने 10 माइल के प्राकृतिक क्षेत्र का दौरा कराया गया। छात्रों ने प्राकृतिक दृश्यों का खूब आनंद लिया। उन्होंने पहाड़ियों से धुर्वा स्टेडियम का मनमोहक दृश्य देखा, जिसने उन्हें प्रकृति और उसके सुंदरता से और भी लगाओ हुआ। इस तरह के शैक्षणिक दौरों का अपना एक अलग ही महत्व होता है। इस तरह के शैक्षणिक दौरे छात्रों के लिए प्रैक्टिकल एजुकेशन / व्यावहारिक शिक्षा का बड़ा माध्यम होते हैं। किताबों में पढ़ाई गई जानकारी को वास्तविक दुनिया में देखने और समझने का यह अवसर छात्रों के लिए कभी नहीं भूलने वाला अनुभव होता है। औद्योगिक प्रक्रियाओं को देखने से छात्रों की साइंटिफिक सोंच / वैज्ञानिक सोच और व्यावहारिक ज्ञान में इजाफा होता है। स्कूल की प्रिंसिपल सोनी सितारा केरकेट्टा ने बताया, हमारे छात्रों को यह अनुभव उनके करिकूलम से जोड़ने में मददगार रहा। इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं छात्रों को कक्षा के बाहर सीखने का अवसर प्रदान करती हैं और उनके ओवर ऑल डेवलपमेंट में सहायक होती हैं।

झारखंड के युवा विधायक जयराम महतो ने खींचा सबका ध्यान

नंगे पांव पहुंचे और विधानसभा में मत्था टेका

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : झारखंड के सबसे गरीब और युवा विधायक जयराम महतो बिना चप्पल-जूता पहने खाली पैर ही विधानसभा पहुंचे। डुमरी विधानसभा सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में प्रवेश के पहले मत्था टेकर सदन के प्रवेश द्वार को प्रमाण किया। मत्था टेकने के बाद ही जयराम महतो विधानसभा के अंदर घुसे। विधानसभा में प्रवेश करने के वक्त भी उनके पैरों में चप्पल नहीं था।

झारखंड के सबसे गरीब विधायक रहे जयराम महतो ने संसदीय राजनीति का सफर शुरू करने के पहले जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंदाज में सदन में प्रवेश किया, उसके बाद उनके समर्थकों को उम्मीद है कि वो अपने वादे के मुताबिक युवाओं की आवाज, रोजगार, स्थानीय नीति और झारखंड के हित के मुद्दे को भी जोर-शोर से उठाएंगे।

आक्रमक भाषण शैली से युवाओं में लोकप्रिय

लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान गाड़ी के बोनट पर खड़े होकर भाषण देने वाले जयराम महतो आम युवाओं की तरह जींस और टी-शर्ट पहनते हैं। आक्रमक भाषण शैली के कारण युवाओं में खासे लोकप्रिय जयराम महतो विधायक के रूप में शपथ लेने के लिए सोमवार को विधानसभा भी उसी अंदाज में पहुंचे।

जयराम महतो की पार्टी से भाजपा-आजसू को दिया झटका

30 वर्षीय जयराम महतो ने पिछले कुछ दिनों में झारखंड की राजनीति में हलचल मचा रखी है। विधानसभा चुनाव परिणाम 2024 के बाद जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने सिर्फ एक सीट हासिल की, लेकिन उनकी पार्टी ने सबसे अधिक 71 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़कर करीब 12 लाख वोट हासिल किए। जयराम महतो की पार्टी के वोट के कारण ही बीजेपी और आजसू पार्टी समेत कई अन्य उम्मीदवारों का सियासी गणित गड़बड़ा गया। जेएलकेएम उम्मीदवारों के कारण बीजेपी को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

बचपन से अब तक का जीवन संघर्षों में बीता

झारखंड में 81 निर्वाचित विधायकों में जयराम महतो की संपत्ति सबसे कम है। वो खुद भी बताते हैं कि उनका जीवन संघर्षों भरा रहा है। जयराम महतो का संघर्ष मां के गर्भ से ही शुरू हो चुका था और जन्म के कुछ ही दिनों पर अंधविश्वास के कारण नानी उन्हें अपने साथ ले गईं। वो अपनी मां का दूध भी पी नहीं सके। जयराम बताते हैं कि उनके जन्म के पहले उनके दो बड़े भाईयों की जन्म के कुछ दिनों बाद हो गई थी, जिसके बाद गांव-घर के लोगों का मानना था कि जिस घर में वो रहते थे, उस घर में जरूर किसी न किसी का साया है, इसी कारण बच्चे की मौत हो रही है। इसी कारण जन्म के बाद नानी उन्हें अपने साथ ले गईं।

सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। नौ जनवरी को अदालत इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर के जरिये परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में हुई। मामले में राज्य सरकार के प्रतिशपथ पत्र पर निशिकांत दुबे की ओर से प्रतिउत्तर दिया गया। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। परित्राण मेडिकल लोन ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा की ओर से एफआईआर दर्ज कर कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर, जिसमें सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ट्रस्टी भी हैं, उनके जरिये जालसाजी कर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदा गया है। मामले को लेकर देवघर के जसीडीह थाना में कांड संख्या 96/2024 दर्ज किया गया है।

जमीन विवाद में मारपीट बचाव में थानेदार घायल

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। राजधानी के चान्हो थाना क्षेत्र में जमीन संबंधी मामले में मारपीट की एक घटना को लेकर रविवार को चान्हो में दो घंटे तक हंगामा मचा रहा। एक पक्ष के दर्जनों लोगों ने मारपीट के आरोपी के पिपराटोली स्थित घर में जमकर तोड़फोड़ की साथ ही जिस जमीन को लेकर विवाद हुआ था उसकी चहारदीवारी को भी ध्वस्त कर दिया वहीं एक युवक के साथ मारपीट की, जिसे बचाने के चक्कर में चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता को भी चोटें आयी है।

क्या है घटना

जानकारी के अनुसार यह घटना बिजुपाड़ा-खलारी रोड में सिटी मोड़ के निकट एक जमीन है। पांच दिसंबर को चहारदीवारी का काम कराया जा रहा था। सिटी गांव के बसंत टाना भगत ने काम रोकने को लेकर चोरेया मोड़ निवासी कर्मवीर सिंह नामक एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया था। आरोप है कि घटना को लेकर सात दिसंबर की शाम को पिपराटोली के पप्पू शाही व दो-तीन अन्य लोग सिटी गांव पहुंचे थे। जिसमें उन्होंने बसंत भगत की जमकर पिटाई कर दी थी। रांची के किसी निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

वहीं रविवार की सुबह एक पक्ष के लोग गोलबंद हो गये। मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहले चान्हो थाना में आवेदन दिया और बाद में पिपराटोली जाकर मारपीट के आरोपी पप्पू शाही के मकान में जमकर पथराव और तोड़फोड़ की। मौके पर पहुंचे चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने किसी तरह भीड़ को शांत किया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार,सूचना मिलने के बाद चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता दल-बल के साथ घटना पर पहुंचे थे। मारपीट होता देख बीच बचाव करने लगे इसी दौरान थाना प्रभारी को हाथ में चोट लगी है। थाना प्रभारी के हाथ से खून निकलता देखकर सभी आरोपी भाग निकले। वही एक पक्ष के द्वारा मारपीट में दूसरे पक्ष के घायल व्यक्ति गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

24वीं सब जूनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता में झारखण्ड को 4 पदक

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। पंजाब के होशियारपुर - तरण तारण में चल रहें प्रतियोगिता में भाग लेकर झारखण्ड दल वापस लौट गया। यह प्रतियोगिता दिनांक 2 से 6 दिसंबर 2024 तक आयोजित हुई थी। झारखण्ड के सब जूनियर खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में चार काँस्य पदक जीते। झारखण्ड के गौरव कुमार ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, प्राची कुमारी,सौम्या कुमारी और अर्पिता सिंह ने ताऊलु प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीते।

झारखण्ड के खिलाड़ियों की इस सफलता पर झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा (राज्य सभा सांसद)सहित डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू.चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद, साहू,उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार, मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे आदि ने बधाईया दी है.

एक नजर

नर्स ने कीटनाशक पीकर दी जान

रांची। पंडरा ओपी अंतर्गत बनहोरा निवासी 25 वर्षीय शालिनी टोप्पो ने रविवार की शाम कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। वह चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स का कार्य करती थी। शालिनी कांके थाना क्षेत्र के टंगरा टोली बाजार टांड़ निवासी सुनील टोप्पो की बेटी थी। जानकारी के अनुसार जनवरी, 2022 में पंडरा बनहोरा निवासी रवि विकास तिर्की के साथ शालिनी ने प्रेम विवाह किया था। शालिनी के परिजनों के अनुसार उसके पति का अफेयर किसी अन्य लड़की के साथ चल रहा था, इसी बात को लेकर दोनों में बराबर विवाद होता रहता था। कुछ माह पूर्व इसी विवाद को सुलझाने को लेकर कांके स्थित उसके मायके में दोनों पक्षों की बैठक भी हुई थी। बेटी का घर बस जाए सोच कर घर वालों ने शालिनी को ससुराल भेज दिया था, जिसके बाद भी इस मसले का कोई हल नहीं निकल पाया था। अंत में तंग आकर उसने शनिवार की शाम चान्हो सीएचसी से ड्यूटी पूरा कर लौटने के क्रम में कीटनाशक पी ली। मांडर मरियम टोली स्थित अपने बहन के ससुराल गई। उसे अपने बैंक पासबुक, एटीएम और कुछ अन्य कागजात सौंपकर अपने जहर पीने की बात बताई। बातचीत के दौरान ही उसकी तबीयत जब ज्यादा बिगड़ने लगी, तब उसके बहन बहनोई उसे मांडर मिशन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई।

स्नैचरों ने महिला के गले से की चेन छिनतई

रांची। चुटिया थाना क्षेत्र में स्नैचरों ने चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। घटना सात दिसंबर की है। इस संबंध में पीड़िता के द्वारा थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार नामकुम, आरागेट की रहनेवाली महिला रीता देवी सात दिसंबर की दोपहर करीब एक बजे अपने बेटे का स्कूल फीस जमा करने के लिए आक्सफोर्ड स्कूल जा रही थी। गणेश नर्सिंग होम के आगे जीपी मार्बल के सामने जब वह पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे बाइक पर सवार दो युवकों ने उनके गले से चेन छिन लिया और फरार हो गए। महिला ने काफी शोर मचाया, लेकिन दोनों भागने में सफल रहे। दोनों युवकों की उम्र 20-22 साल के बीच थी। एक ने काला जैकेट पहन रखा था वहीं दूसरे ने अपने मुंह पर मास्क लगा रखा था। इसलिए उन्हें वह देख नहीं पाई। उनके चेन की कीमत 20 हजार रुपए थी, जिसे 2009 में उन्होंने खरीदा था।

एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप 5 जनवरी से

रांची। आगामी 5 जनवरी से रांची में प्रारम्भ हो रहें एस जी एफ आई नेशनल चैंपियनशिप के सफलतम आयोजन हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने हेतु सोमवार को जेईपीसी सभागार में परियोजना निदेशक शशि रंजन (आईएएस) की अध्यछता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन सहित,हॉकी झारखण्ड, झारखण्ड साइकलिंग एसोसिएशन, झारखण्ड टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में चैंपियनशिप के सफल आयोजन हेतु तकनीकी सहयोग, आयोजन स्थल, भोजन एवं आवास की व्यवस्था, प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस बैठक के दौरान परियोजना पदाधिकारी धीर सेन सोरेंग, शिवेंद्र नाथ दुबे, चंचल भट्टाचार्य, के के सिंह, विजय शंकर सिंह, सुरजीत कुमार, राम भट्ट, शशांक भूषण सिंह, प्रवीण सिंह, निशा पन्ना, उमेश दास, शंकर पाल आदि मौजूद थे।

आरपीएफ ने सामान्य श्रेणी की टिकट खरीदकर हेराफेरी करनेवाले जालसाज को दबोचा

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। आरपीएफ ने सामान्य श्रेणी की टिकट खरीदकर हेराफेरी करनेवाले जालसाज वीर बहादुर सहनी को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। गिरफ्त में आया अभियुक्त बिहार के मुजफ्फरपुर का रहनेवाला है। इसके पास से 9 फर्जी टिकट, 70 माइक्रो रबर स्टैम्प, 45 अन्य स्टैम्प, आधार कार्ड और अन्य सामग्री बरामद की गई है।

इस संबंध में रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार ने बताया कि टिकटों की हेरा-फेरी करने की सूचना मिल रही थी। इस पर आरपीएफ हटिया को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। रविवार को आरपीएफ हटिया के प्रभारी निरीक्षक रुपेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने सीसीटीवी फुटेज में दिखे संदिग्ध की पहचान के लिए निगरानी शुरू की। शाम करीब साढ़े चार बजे हटिया रेलवे स्टेशन के यूटीएस काउंटर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को घूमते हुए देखा गया। आरपीएफ टीम ने संदिग्ध को रोककर पूछताछ की।

पहले उसने अपना गलत नाम बताया, लेकिन सख्ती से पूछने पर उसने अपना नाम वीर बहादुर सहनी (उम्र 40 वर्ष, निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार) बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह सामान्य श्रेणी के टिकट खरीदकर उनमें हेरा-फेरी करता था। संदिग्ध ने बताया कि वह टिकटों में फजीर्वाड़ा कर यात्रियों से टिकट बदल लेता और फिर असली टिकट को रेलवे काउंटर पर रद्द करवाकर पैसा लेता था। उसने यह भी बताया कि वह मां होटल के ऊपर स्थित सवेरा लॉज में रुकता है और वहां कूट रचना करता है। जिसके बाद आरपीएफ टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ सवेरा लॉज में छापामारी कर तलाशी में उसके पास से 9 फर्जी टिकट, 70 माइक्रो रबर स्टैम्प, 45 अन्य स्टैम्प, आधार कार्ड और अन्य सामग्री बरामद की है। अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से अलग-अलग बड़े स्टेशनों पर टिकटों की हेरा-फेरी कर रहा था। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जब्त सामान के साथ जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया, ताकि आगे की कानूनी कार्रवाई हो सके।

विश्व मानवाधिकार दिवस आज

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा है कि मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने, उनके उल्लंघन के खिलाफ संघर्ष करने और मानवाधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। मानवाधिकार उन मौलिक अधिकारों को कहते हैं जो प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, भाषा या राष्ट्रीयता का हो। इनमें जीवन का अधिकार,स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, श्रम का अधिकार, और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे महत्वपूर्ण अधिकार शामिल हैं। मानवाधिकारों का उल्लंघन न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता को खतरे में डालता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास को भी बाधित करता है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों और देशों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन अधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करना होता है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मानवाधिकारों का संरक्षण और उनका उल्लंघन रोकना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। आजकल के डिजिटल युग में, सूचना की स्वतंत्रता, गोपनीयता और डिजिटल अधिकारों का उल्लंघन भी एक प्रमुख चिंता का विषय बन गया है। साइबर हमलों, डेटा चुराने और ऑनलाइन उत्पीड़न के कारण लोगों के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, जिसके खिलाफ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। मानवाधिकार दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए क्या कर सकते हैं। यह दिन हमें अपने कर्तव्यों का पालन करने, दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने और किसी भी प्रकार के भेदभाव या असमानता के खिलाफ खड़े होने का प्रेरणा देता है। केवल तभी हम एक समान और न्यायपूर्ण समाज की ओर कदम बढ़ा सकते हैं, जहाँ सभी को उनके अधिकार पूरी तरह से प्राप्त हों। मानवाधिकार किसी एक देश या समाज की नहीं, बल्कि समूची मानवता की समस्या है। जब तक दुनिया भर में हर व्यक्ति को उसके अधिकार नहीं मिलते, तब तक यह दिवस हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा और हमें सशक्त बनाएगा ताकि हम मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास करें। यही असली उद्देश्य है मानवाधिकार दिवस का हर व्यक्ति को स्वतंत्रता, समानता, और न्याय का अधिकार प्रदान करना।

झारखंड स्कॉय टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

02 महिला खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड स्कॉय टीम ने 07 से 09 दिसंबर 2024 तक आयोजित 25वीं कैडेट, सब-जूनियर एवं जूनियर स्कॉय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 02 कांस्य पदक अपने नाम किए। विदित हो कि झारखंड के पदक विजेता खिलाड़ी पहली बार राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लिए थे। पूर्वी सिंहभूम की चुमकी मुर्मू ने कैडेट कैटेगरी के अंडर 30 किलो भार वर्ग में और सिमडेगा की एलिन डांग ने सब-जूनियर कैटेगरी के अंडर 37 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर झारखंड को गौरवान्वित किया। ये दोनों खिलाड़ी झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहीं। झारखंड स्कॉय टीम की इस सफलता पर स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के डॉ. राजेश गुप्ता, वेदांत कौस्तव, नीतीश सिंह, लाल मनीष नाथ शाहदेव, परवाज खान, मो. आमिर, रफिया नाज, रोहित यादव, नीरज वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, कीर्ति कुमार, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, प्रशांत पाठक, और अभिषेक शुक्ला समेत कई पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। वेदांत कौस्तव ने कहा, चुमकी और एलिन की इस उपलब्धि से राज्य के अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। यह झारखंड की प्रतिभाओं का प्रमाण है, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। झारखंड स्कॉय टीम के सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने इस सफलता को टीम वर्क और लगातार प्रयास का परिणाम बताया। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने भविष्य में राज्य के खिलाड़ियों को और बेहतर मंच देने का संकल्प लिया है।

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

क्र०	आन्दोलनकारी की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प के आलोक में प्रदत्त कंडिका
[illegible]	[illegible]	[illegible]

PR 341561 Home (24-25)_D

अंधविश्वास में भतीजे का मर्डर, चाची गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता





पलामू । अंधविश्वास में पलामू में एक बार फिर हत्या करने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। एक महिला का बच्चा बीमारी से मर गया तो उसने ओझा की बातों में आकर गोतनी के आठ साल के बेटे को मार डाला। मासूम की हत्या चाची ने गला दबाकर की है। बच्चे की हत्या करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ गांव में हुई।

मिली जानकारी के अनुसार अखिलेश सिंह का पुत्र प्रेम कुमार सिंह (8) अपने घर के पास खेल रहा था। रविवार को चचेरी चाची जमुना सिंह की पत्नी सुनीता देवी बच्चे को चॉकलेट खिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर साथ ले गई। घर से करीब एक किलोमीटर दूर ले जाकर अरहर के खेत में गला दबा दिया। बच्चे का शव खेत में छोड़कर वह वापस घर लौट आई। शाम तक बच्चा घर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। घंटों तलाश करने के बाद बच्चे को अरहर की खेत में देर रात मृत पाया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। कुछ ग्रामीणों ने बच्चे को अंतिम बार चाची सुनीता के साथ देखे जाने की बात कही। सुनीता से पूछताछ की गयी तो उसने बच्चे को मारने का बात कबूल की। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया, वहीं बच्चे के शव का पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को एमआरएमसीएच भेज दिया गया।

गोतनी के बेटे को मारने वाली महिला सुनीता का बेटा एक साल का था। पांच दिन पहले ही उसकी मौत बीमारी से हुई थी। सुनीता के रिश्तेदार सतबरवा में रहते हैं। सतबरवा आने -जाने के क्रम में सुनीता एक ओझा के संपर्क में आ गई। बेटे की मौत के पर ओझा ने प्रेम की मां और पिता के खिलाफ सुनीता को भड़काया। सुनीता से कहा कि गोतनी ने डायन-भूत कर उसके बेटे को मार दिया है। इसी कारण उसने अपने बेटे की मौत का बदला उसके बेटे की हत्या कर ले ली। घटना के बाद से गांव में सनसनी फैल गयी है। हर तरफ इस मामले की चर्चा है। गांव वाले इस घटना से दुखी हैं और प्रभावित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। सोमवार प्रेम का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के वक्त प्रेम के पिता एवं परिवार के अन्य पुरूष सदस्य मजदूरी के सिलसिले में बाहर के प्रदेश में थे। घटना की सूचना मिलने पर वे पहुंचे।

गिरिडीह के बगोदर में हाथियों का तांडव जारी

नव प्रदेश संवाददाता

गिरिडीह। जिले के बगोदर इलाके में जंगली हाथियों का तांडव पिछले 7-8 दिनों से जारी है। इस बीच सोमवार की सुबह ही हाथियों के झुंड ने बगोदर थाना के अटका के लच्छीबागी सहित कई गांवों में करीब दर्जन भर ग्रामणों के धान, सरसों, गेहूं, आलू की फसल और घरों को नुकसान पहुंचाया।

बताया गया कि हाथियों ने लच्छीबागी के नुनूलाल महतो के आलू के साथ गेहूं और सरसों के फसल को रौंद दिया। छोटी महतो के तीस एकड़ खेत में धान की फसल तैयार थी, जिसे हाथी चट कर गये। खेतों में लगे सरसों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। हाथियों का तांडव इतने में ही नहीं रुका। भोला महतो, मुकेश महतो, शंकर महतो समेत कई ग्रामीणों के खेत में लगे आलू और गेहूं की फसल के अलावा घरों में रखे तैयार फसलों को नष्ट कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार करीब तीन लाख से अधिक की फसल को हाथियों के दल ने नुकसान पहुंचाया है। कई घरों को ध्वस्त कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि जंगली हाथियों के कारण पूरे इलाके में दहशत का माहोल है। ग्रामीणों का आरोप है कि गिरिडीह के वन प्रमंडल पदाधिकारी हाथियों के खदेड़ने और अलग-अलग हिस्सों में हाथियों के कारण हो रहे नुकसान का आकलन करने में लापरवाही कर रहे हैं।

समाचार सार

सादिक चौक पुल के पास चला सघन जांच अभियान

पलामू/नवप्रदेश। सादिक चौक पुल के पास सघन जांच अभियान चलाया गया। चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों का जिसमें दो पहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे तो उनके वाहन को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी 22 दोपहिया मोटरसाइकिल वाहनों को चालान फाइन के लिए व्यवहार न्यायालय पलामू चालान फाइन हेतु भेजा गया है और कुछ ई रिक्शा सवारी गाड़ी के चालक जबरदस्ती अपने निर्धारित रूट पर लिखवा कर नहीं चला रहे हैं और जबरदस्ती जहां-तहां अपनी गाड़ी को मनमौजी चला रहे थे उनमें से 05 ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी को भी जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है और उसे चालान फाइन हेतु जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। सोमवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू नो एंट्री में जब्त ट्रक का चालान फाइन राशि 6150 रुपया आया है। सोमवार को टोटल चालान फाइन राशि 6150 रुपया आया है ।

विधिक सशक्तिकरण शिविर 14 को

मेदिनीनगर/नवप्रदेश । पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 14 दिसंबर को जिले के सभी प्रखंड में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा । वही ब्यवहार न्यायालय परिसर में इस बर्ष का अंतिम राषटीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ।इसको सफल बनाने को ले तैयारी चल रहा है ।राषटीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निपटाने का प्रयास है ।उक्त आशय कि जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी के अलावा सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे ले बारे में बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि डालसा का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर सुलभ, सरल तरीके से न्याय कैसे मिले इसके लिए इम्पावरमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आवास योजना ,पेंशन योजना, स्वास्थ्य योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी । उन्होंने बताया कि जिले की सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर में एक पैनल अधिवक्ता, पीएलभीके अलावा प्रखंड प्रशासन के लोग हिस्सा लेंगे ।सभी प्रखंडों में इसके लिए सूचित कर दिया गया है।

योजनाओं को समय पर पूरा करायें अधिकारी-कर्मचारी : स्मिता नागेशिया

नव प्रदेश संवाददाता

खूंटी। प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा, स्मिता नागेशिया ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, श्रम, पेयजल, कल्याण, पशुपालन, वन विभाग समेत अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की। । बैठक में बीडीओ ने प्रत्येक योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया और योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ शीघ्र मिल सके। समीक्षा के क्रम में उन्होंने वन विभाग के तहत ग्राम वन समिति को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ हीं जंगली हाथियों के जरिये क्षतिग्रस्त किए गए ग्रामीणों के आवास को लेकर मुआवजा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हाथियों से सुरक्षा के लिए ग्राम वन समिति को दी गई राशि का सदुपयोग करते हुए ग्रामीणों को टॉर्च, लाइट आदि जरूरी सामग्री बांटने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग के तहत प्रति माह राशन कार्ड धारियों को निर्धारित मात्रा में राशन की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। कर्रा प्रखंड से बाहर कार्य करने के लिए जाने वाले मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश श्रम पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बेहतरी को लेकर कार्ययोजना बनाने का निर्देश जेएसएलपीएस पदाधिकारी को दिया गया। एमओआइसी, सीएचसी कर्रा को शत प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं अंडर वेट बेबी और कुपोषित बच्चों को एमटीसी केंद्र में दाखिल करने औए शत प्रतिशत एमटीसी केंद्र में बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने का निर्देश एमओआइसी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बीडीओ द्वारा अगले पांच दिनों के अंदर शत प्रतिशत बच्चों को पोषण के लिए उपलब्ध राशि को डीबीटी के माध्यम से बच्चों के खाते में भेजना सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक के दौरान पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आ रही समस्याओं और चुनौतियों की भी जानकारी दी। बीडीओ ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने की बात कही।

बिजली के शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग नगद समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक

पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो-सालमदिरी गांव का मामला

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर । पलामू जिले के पांकी प्रखंड के रतनपुर पंचायत के कुशहा जीरो (सालमदीरी) गांव में बीती रात करीब 11 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्हाई भुइयां के घर में अचानक आग लग गया। इस घटना में शादी के लिए घर में रखे 40 हजार रुपए नगद समेत 4 से 5 लाख रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गया। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गए और सड़क पर आ गए हैं। घर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। घर से सटा पुआल भी आग की चपेट में आ गया, जिससे आग ने तेजी से पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में तीन बकरियां जिंदा जल गई। इसके अलावा घर में रखे तीन साइकिल, डीजल पंप, 5 से 6 क्विंटल धान, 10 12 क्विंटल मक्का समेत 30 से 40 हजार रुपए नगद, कपड़े, खाने-पीने का सामान और आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। जमीन का सारा दस्तावेज भी आग में जल गया है। पीड़ित कन्हाई भुइयां के परिवार में चार बच्चे हैं, जिनमें से एक बच्ची बिहार के डीहरी धान कटनी के लिए गई हुई थी। बाकी तीन नाबालिग बच्चे घर पर ही मौजूद थे। पीड़ित परिवार कन्हाई भुइयां के पत्नी का दिमागी हालत ठीक नहीं होने से वह घर में नहीं रहती है। घटना की रात कन्हाई भुइयां अपने तीन बच्चों के साथ सोए हुए थे। इस बीच करीब रात 11:00 बजे बिजली का शॉर्ट सर्किट होने से घर में आग लगी। घर में आग लगने के बाद भुक्तभोगी परिवार कन्हाई भुइयां अपने तीन बच्चों के साथ बाहर निकल कर शोर मचाया। लोगों को पहुंचने तक घर के पास रखे पुआल आग के चपेट में ले लिया। जिससे आग बिकराल रूप ले लिया। जिसे घर पूरी तरह से जल गया। स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग आग पर काबू नहीं पा सके। बताया जाता है कन्हाई भुइयां की बेटी की शादी करनी है, इसके लिए वह पैसा जुगाड़ कर घर में रखा था। अगलगी के घटना के बाद उनका जीवनयापन पर गंभीर संकट छा गया है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। पीड़ित परिवार ने मदद के लिए पांकी थाना में शिकायत दर्ज कराया है। पीड़ित परिवार कन्हाई भुइयां लोन लिया हुआ है। घटना के बाद उसके बेटी के शादी कैसे होगा और लोन की भरपाई कैसे होगा, यह चिंता की बात है। ठंड के दिनों में घर में आग लगने के बाद पीड़ित परिवार कहां रात गुजारेंगे, यह लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अभी मैं रांची हूं। रांची से लौटने के साथ ही पीड़ित परिवार से मिलेंगे और हर संभव सहायता करने का प्रयास करेंगे।

मिक्सड मार्शल आर्ट्स द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

डाल्टनगंज/नवप्रदेश । मार्शल-आर्ट्स के महागुरू ब्रुसली के 84 वाँ जन्मदिन के अवसर पर द मिक्सड मार्शल- आर्ट्स काउंसिल (युके)के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल- आर्ट्स ब्रुसली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय कजरी के प्रागंण में किया गया ।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री अविनाश देव उपस्थित थे। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रतन अवार्ड से नवाजा गया।अवार्ड पाने वाले लोग इस प्रकार हैः-रंजन प्रसाद (स्केटिंग) ,अशुतोष कुमार (मास्टर आँफ फिजिकल एजुकेशन), सकेन्दर प्रजापति (कराटे), नटवर पाण्डेय (एमङ्कएमङ्क एङ्क),प्रितम चैधरी (ताईकान्डो), अनुपम तिवारी (बाँसिंग) ,श्याम किशोर पाण्डेय (संगीत) ,सनतन सोनी (नृत्य) इत्यादि ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है , बस समय पर प्रशिक्षकों को मान-सम्मान मिलते रहनी चाहिए क़्योंकि प्रशिक्षक है जो बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उचाँई तक पहुँचा सकते है , इसलिए बच्चों को प्रशिक्षको का हमेशा आदर करना चाहिए ।यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया । इस अवसर पर सौकड़ो कराटेकार उपस्थित थे।

झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ ने डीसी को सौंपा मांगपत्र

नव प्रदेश संवाददाता

पलामू। सोमवार को झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता में एवं संघ के संयोजक सह झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के केंद्रीय संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑटो चालकों एवं छोटे वाहनों के चालकों के साथ आहूत बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय अनुसार उपायुक्त पलामू को एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मेदिनीनगर शहर में यातायात सुदृढ़ न होने तथा ऑटो चालकों, ई रिक्शा वाहन चालकों के साथ आए दिन बढ़ते दुर्व्यवहार एवं शोषण आदि मामले पर विगत दिनांक 4 सितंबर 2024 को नगर आयुक्त मेदिनीनगर की अध्यक्षता में एवं संबंधित प्रशासन तथा महासंघ के पदाधिकारी के साथ प्रशासन द्वारा बुलाए गए बैठक में लिए गए सामूहिक निर्णयों को आज तक धरातल पर उतारा नहीं गया जिस कारण चालकों के शोषण एवं प्रताड़न का बढ़ावा प्रतीत तो होता है जबकि शहर के बीचोंबीच बस स्टैंड कई वर्षों से स्थापित होने शहर की बढ़ती जनसंख्या के कारण आए दिन शहर की मुख्य सड़कें अत्यधिक जाम रहता है जिस कारण ऑटो चालक, ई रिक्शा चालक, एवं अन्य छोटे वाहन चालक श्रमिक प्रशासनिक कोप का भाजन निरंतर बना रहे हैं। नगर निगम के द्वारा प्रतिदिन लिए जा रहे नगर निगम शुल्क के नाम पर अवैध तरीके से एक वहां से दिन में मेदिनीनगर शहर में तीन से चार बार टैक्स वसूला जाता है जबकि प्रशासनिक पहल पर निर्णय हुआ था कि एक वाहन प्रतिदिन मात्र एक बार ही नगर निगम शुल्क का रसीद कटाएंगे परंतु चालकों के साथ अवैध तरीके से गाली गलौज मारपीट यहां तक की जान से मारने की धमकी देकर अवैध वसूली की जाती है तथा मनमानी एवं धांधली जारी रखा गया है जो जांच का विषय है।

वाहन चालक प्रताड़ित एवं शोषण का शिकार बने हुए हैं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन से चलने वाले कुछ ऑटो चालक प्रशासनिक मिली भगत से सारे रूट में जाने एवं सवारी उठाने के लिए स्वतंत्र हैं परंतु अन्य जगहों से ऑटो एवं छोटे वाहन चलाने वाले चालक श्रमिकों को रेलवे स्टेशन से सवारी उठाने नहीं दिया जाता है तथा रंगदारी भेदभाव प्रताड़ित किया जाता है इस तरह का भेदभाव महासंघ कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। पाकी रोड से चलने वाले वाहनों को भी शोषण एवं प्रताड़ना का शिकार बनना होता है जो विचारणीय विषय है ट्रैफिक इंचार्ज के द्वारा प्रतिदिन नए-नए अव्यवहारिक नियम कानून ऑटो चालू एवं छोटे वाहनों पर थोपा जाता है तथा कागजी खाना पूर्ति के लिए सारा गाज ऑटो चालकों के ऊपर गिराया जाता है जो अमानवीय है इसलिए महासंघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि 72 घंटा के अंदर महासंघ द्वारा प्रेषित मांग पत्र पर आवश्यक कार्रवाई एवं पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा पूर्ति किया जाए अन्यथा 11 दिसंबर 2024 को संध्या 4:00 बजे मेदनीनगर स्थित जीएलए कॉलेज से छः मुहान तक मसाल जुलूस एवं 12 दिसंबर 2024 को उपायुक्त कार्यालय मेदिनीनगर के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा जिसकी सारी जवाब देही संबंधित प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में संतोष शुक्ला, विवेक कुमार सिंह, अनुज मिश्रा, प्रेम तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, मनोज दुबे,छोटन दुबे, पंकज कुमार, राजू कुमार, यासीन अंसारी उर्फ गोल्डन तथा अन्य सदस्य शामिल थे।

रनिया के शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान

खूंटी। रनिया प्रखंड मुख्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने कहा कि रक्तदान कर हम जरूररतमंदों की जान बचा सकते है।। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी तरह की न कोई शारीरिक कमजोरी होती है और न ही कोई हानि। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान कर सकता है। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर गौंझू, उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजेश्वर बैठा, सदस्य मनोज कुमार, बालमुकुंद कश्यप, भाजपा के जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, पूर्व प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू ,भाजपा रनिया मंडल अध्यक्ष सीताराम नाग, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष चंदन चौधरी आदि ने योगदान दिया।

संत मरियम विद्यालय परिसर में मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' का हुआ विमोचन

मेदिनीनगर/नवप्रदेश। पलामू जिले के ख्यातिप्राप्त संत मरियम विद्यालय में पलामू से निकलने वाणी मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' के दिसंबर : 2024 अंक का विमोचन किया गया। विमोचन करने वालों बतौर मुख्य अतिथि संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव, अधिवक्ता ओंकारनाथ तिवारी, 'अरण्य वाणी' पत्रिका के संपादक विनोद सागर, दैनिक अखबार 'बदलता झारखंड' के स्थानीय संपादक मनोज कुमार प्रजापति, पत्रकार विकास कुमार एवं प्रखर समाजसेवी ललन प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अविनाश देव ने कहा कि मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' विशुद्ध साहित्यिक पत्रिका है, जो गरीबों, शोषितों व दलितों की मुखर आवाज भी है। आगे उन्होंने कहा कि यह पत्रिका विगत 2020 से अपनी सकारात्मक गतिविधियों द्वारा समाज में अलख जगाने का कार्य कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि मुझसे जितना बन पड़ेगा, मैं पत्रिका के नियमित प्रकाशन में अपना सहयोग देता रहूँगा। इस मौके पर अविनाश देव ने पत्रिका के संपादक विनोद सागर को बुके देकर सम्मानित भी किया।

डालटनगंज के विकास का नया अध्याय लिखेंगे विधायक आलोक चौरसिया : लड्डू खान

- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विधायक आलोक चौरसिया को दी बधाई

नव प्रदेश संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू) । भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री शाह आलम उर्फ लड्डू खान ने डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया को बधाई दी है। विधानसभा में शपथ ग्रहण करने के बाद रांची के धुर्वा स्थित विधायक आवास में पहुंचे विधायक आलोक चौरसिया को लड्डू खान के नेतृत्व में भाजपाईयों ने बधाई दी। डालटनगंज से विधायक के आवास पर पहुंचे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड प्रदेश मंत्री लूडू खान, रमन श्रीवास्तव, रणजीत सिंह व अन्य कार्यकर्ताओं ने विधायक आलोक चौरसिया को बुके व गुलदस्ता देकर व शौल ओढ़ाकर बधाई दी। साथ ही डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के बेहतरी के लिए शुभकामनाएं दी। लड्डू खान ने कहा कि तीसरी पारी में विधायक आलोक चौरसिया डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए नई लकीर खींचेंगे। साथ ही विकास का नया अध्याय लिखेंगे। झारखंड विधानसभा में विधायक आलोक चौरसिया डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र वासियों की आवाज बनेंगे। कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी समुदाय, जाति व धर्म में भेद नहीं करती है। सभी को आगे बढ़ने का समान मौका देती है। साथ ही विकास की योजनाओं में सभी को भागीदार बनती है। कहा कि कुछ सियासी सामंती सूबेदार संविधान, लोकतंत्र, सेक्यूलरिज्म व अल्पसंख्यकों पर खतरे के भय-भ्रम व भौकाल से देश के अल्पसंख्यकों को प्रगति की धारा से अलग करने की साजिश करते हैं। उन्होंने कहा कि सेक्युलर सिंडिकेट मुसलमानों के वोटों को अपनी जागीर समझ बैठा है। हमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स के सांप्रदायिक, समाज तोड़ने वाले दुष्प्रचार से भी सचेत रहना है। अल्पसंख्यकों को भाजपा से जुड़कर समाज में एक बेहतर माहौल तैयार करना है। विधायक आलोक चौरसिया अल्पसंख्यक समाज के लोगों को ऊपर उठाने का काम करेंगे। मौके पर आलोक चौरसिया ने कहा कि आने वाले दिनों में सभी धर्म व जाति के लोगों को विकास के कार्यों में भागीदार बनाया जाएगा। किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे। समाज के लोगों को एकजुट रखेंगे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी, एससीए के तहत किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें : डीसी

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार । लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावे उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्?वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके। बैठक में पीसीसी सड़क, पुलिया निर्माण, तालाब, विद्यालय समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी, एससीए श्रेयांश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सामाजिक जिम्मेदारी का हरसंभव निर्वहन करूंगा : उमेश यादव

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार । अखिल भारतीय यादव महासभा युवा कमिटी लातेहार के अध्यक्ष बच्चन यादव द्वारा गारू प्रखंड के बारेसांढ़ निवासी उमेश यादव को प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उमेश यादव नें बताया कि गारू प्रखंड के यादव युवाओं को एकजुट कर सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जायेगा। वहीं समाज के सभी लोगों की भागीदारी से समाज को सशक्त बनाया जायेगा। उमेश यादव ने अपनी नियुक्ति के अवसर पर कहा कि वह गारू प्रखंड के यादव युवाओं को एकजुट कर सामाजिक और राजनितिक हिस्सेदारी सुनिश्चित कराने के उदेश्य से पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। प्रांतीय यादव महासभा युवा कमिटी लातेहार के अध्यक्ष बच्चन यादव ने उमेश यादव की नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि वह उमेश यादव की क्षमताओं पर पूरा विश्वास रखते हैं और उन्हें विश्वास है कि वे गारू प्रखंड के यादव युवाओं को एकजुट करने और समाज को सशक्त बनाने में सफल होंगे।

बालूमाथ से कासिमअन्सारी मक्का शहर उमरा सफर पर रवाना

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार । बालूमाथ क्षेत्र के ग्राम लेजांग निवासी कासिम अंसारी मक्का शहर में उमरा के मुकद्दस सफर पर रवाना हो रहे हैं हर मुसलमान के दिल का ये अरमान होता है कि कमसे कम एक बार मक्का और मदीना में हाजिर हो कर वहां की पवित्र जमीन पर इबादत करे और वो इबादत हज उमरा की सूरत में हो हज उमरा करने वाला अल्लाह का मेहमान होता है वो जब हज या उमरा करके वापस होता है तो वो गुनाहों से पाक हो जाता है मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने कहा उमरा करने से गरीबी दूर होती है। एक उमरा दुसरे उमरा तक गुनाहों कफ्फारा बन जाता है कासिम अंसारी खुशनसीब है जिन्हें अल्लाह ने उमरा करने की तौफीक (सौभाग्य) अता किया

समाजसेवी जुनैद अनवर कहा की कासिम अंसारी हमारे चचा है मेरा बचपन से ही उनसे परिवारीक लगाव रहा है वो मुझे अपनी औलाद की तरह प्यार करते है उनकी दुआएँ हमेशा मेरे साथ रहतीं है साथ ही भावुकता से कहते हैं उनका ये उमरा सफर हमारे लिए और हमारे क्षेत्र लिए गौरव का विषय हमारे चाचा मक्का मदीना में क्षेत्र और देश की सुख शांति के लिए दुआ करेंगे।

बोकारो विस से नवनिर्वाचित विधायक श्वेता सिंह ने लिया शपथ

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। विधान सभा के प्रथम सत्र प्रारम्भ होने के अवसर पर झारखंड विधान सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं प्रोटेम स्पीकर प्रो० स्टीफन मरांडी के समक्ष बोकारो विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक श्वेता सिंह ने शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर सिंह ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता का आभार जताया और कहा कि जिस प्रकार आप सभी ने मिलकर मुझे सदन में पहुंचाया है मैं आजीवन यह प्रेम भूल नहीं सकती हूं और इसके लिए मैं ऋणी रहूंगी। मेरी प्राथमिकता हमेशा बोकारो परिवार के सुरक्षा और विकाश के प्रति समर्पित है। मुझे मेरे श्वसुर स्वर्गीय समरेश सिंह दादा से जन सेवा का संस्कार मिला है जिसे मैं बखूबी निभाने का प्रयास करूंगी।

बालूमाथ पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया सघन वाहन जांच अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

बालूमाथ। बालूमाथ थाना पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ते अपराधी घटना को रोकथाम को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बालूमाथ थाना गेट के पास सहित विभिन्न जगह पर पुलिस ने बाईक एवं चार चक्के वाहनों को बारीकी से जांच कर-के नजर आए। पुलिस द्वारा बाईक व चार चक्का गाड़ीयों का डीकी आदि जगहों पर जांच किया। इसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बतलाया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर यह वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है ।ताकि पुलिस क्षेत्र में होने वाले क्राइम को रोक सके। इस वाहन जांच के दौरान थाना पुलिस के अधिकारी व पुलिस बल शामिल रहे।

समाचार सार

पैसे के अभाव में चार दिनों से हॉस्पिटल में है पड़ी आश्रिता

लातेहार । बालूमाथ शेरेगढ़ा की असरीता कुमारी चार दिनों से रांची के दीपाटोली के द curest हॉस्पिटल में एडमिट है, जिसकी डिलीवरी होनी थी। पैसे के अभाव में पेट में एक-एक करके दोनों बच्चे मर गए लेकिन अस्पताल के मैनेजमेंट ने पैसा जमा नहीं करने पर इलाज करने से इनकार कर दिया। मरीज के परिजनों के द्वारा 80 हजार रुपए पहले जमा किया गया है। डेढ़ लाख रुपये और राशि की मांग की जा रही है अभी की स्थिति यह है कि ना तो मरीज का इलाज हो रहा है, न हीं पेट में मरे हुए बच्चे को निकालने के लिए ऑपरेशन की कोई कार्रवाई हो रही है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट का नंबर : रिशेप्सन 7545950000 Mod w 9153971423 सिर्फ इसी जिद्द पर है कि रुपए जमा करिए तब ऑपरेशन होगा 'कृपया त्वरित संज्ञान लिया जाए ' महिला की जान खतरे में है।

नाम :- असरीता कुमारी पता :- शेरेगढ़ा, बालूमाथ मोबाइल संख्या :- 9361200631

डीएवी-6 में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया गया



बोकारो । डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर -6 बोकारो के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नई दिल्ली में आयोजित डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स में कई पदक जीत कर विद्यालय का नाम रौशन किया ' विद्यालय के प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ' डी ए वी 6 के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक, तीन रजत पदक और पाँच कांस्य पदक सहित कुल मिलाकर 9 पदक प्राप्त किए ' आयुष कुमार साहू बॉक्सिंग में बालक वर्ग से अंडर -17 स्वर्ण पदक प्राप्त कर कृतिमान स्थापित किया ' पुनः मनीष कुमार अंडर -17 रजत पदक, निशांत कुमार 15 कांस्य पदक प्राप्त किया,वहीं जुडो में बालिका वर्ग से निकिता सोरेन ने अंडर -14 में कांस्य पदक जीत कर विद्यालय का मान बढ़ाया ' बालक वर्ग हैंड बॉल अंडर -19 में अभय कुमार सिंह,श्रेयांश परासर ने रजत पदक प्राप्त किया , खो -खो अंडर -17 में रौशन कुमार, मोहम्मद आतिफ व रोहित यादव ने कांस्य पदक जीता ' इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुराधा सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया ' उन्होंने कहा कि आज विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ -साथ खेल कूद में भी उत्तम प्रदर्शन कर रहे है ' प्राचार्या ने खेल -कूद के महत्त्व को बताते हुए कहा कि खेल से नेतृत्व क्षमता सहयोग और अनुशासन की भावना का विकास होता है साथ ही भविष्य में भी सुनहरा अवसर प्राप्त कर सकते है 'यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ- साथ खेल -कूद में भी अपनी प्रतिभा की चमक दिखा रहे है ' इस विजयी यात्रा में खिलाड़ियों की कठिन मेहनत के साथ ही कोच व अभिभावक गण का पूर्णतः सहयोग रहा है ' इसी पुनीत अवसर पर सभी कक्षाओं के विशेष चयनित 'विद्यार्थियों को 'स्टूडेंट ऑफ द वीक ' बैच भी प्रदान किया गया ' चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिए विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया ' इस मौके पर सभी शिक्षक -शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय पिकनिक स्पॉट है कौलेश्वरी पर्वत नये वर्ष पर उमड़ती है विदेशी पर्यटकों की भीड़

चतरा/नवप्रदेश। नव वर्ष का आगमन और पुराने साल की विदाई के मौके पर चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थली व धार्मिक पर्यटन स्थल कौलेश्वरी पहाड़ अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक स्पॉट के रूप में शुमार है। यह जगह झारखंड और बिहार के सीमांत क्षेत्र में है। यहां जापान, चाइना, श्रीलंका, अमेरिका, भूटान, नेपाल, तिब्बत, कनाडा, सहित विभिन्न देशो से हजारो की संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। इस दौरान पूरा पर्वत विश्व के कई देशों के पर्यटकों से गुलजार होता है। पहाड़ में लोग पिकनिक का लुत्फ उठाते हैं। अलग-अलग देशो से आए पर्यटक एक दूसरे को अपने-अपने देशों के व्यंजन खिलाकर उनका स्वागत करते हैं। इस दौरान पूरा पहाड़ देशी और विदेशी व्यंजनो की खुशबू से महक उठता है। कौलेश्वरी पर्वत पर मां कौलेश्वरी का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां शारदीय और वासंतिक नवरात्रों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां आ कर मां की साधना करते हैं। तो वहीं नए वर्ष के आगमन पर पर्यटक यहां पहुंचकर प्रकृति का आनंद उठाते हैं। यह स्थल तीन धर्मों का संगम स्थली भी है। सनातन धर्म के साथ-साथ यहां बौद्ध और जैन धर्मावलंबी भी पहुंचते हैं। कौलश्वरी पहाड़ के सबसे उपर लगभग 2000 फिट पर स्थित सरोवर देशी समेत विदेशी पर्यटकों को काफी आकर्षित करता है। इतने उंचाई पर स्थित सरोवर में फोटो खिंचवाने और सेल्फी के लिए स्थानीय सैलानियों के साथ विदेशी पर्यटको का हुजूम उमड़ पड़ता है। वहीं पहाड़ पर स्थित विशाल गुफाएं विदेशी पर्यटकों के लिए किसी आशियाने से कम नही होता। गुफाओ में विदेशी पर्यटक ठहरते हैं और इस अदभुत दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर अपने देश ले जाते हैं।

बाइक राइडर, ट्रिपल लोडिंग व बिना हेलमेट के बाइक चलाना अब पड़ेगा महंगा : अभिषेक

नव प्रदेश संवाददाता

महुआडांड़ । सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की हो रही मौतों को देखते हुए नेतरहाट पुलिस विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य हेलमेट धारण की प्रतिशतता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है.सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें हेलमेट न पहनने की वजह से होती हैं. बिना हेलमेट के सड़क पर वाहन चलाना सिर पर गंभीर चोट का कारण बनता है, जो जानलेवा हो सकता है. नेतरहाट प्रशासन नेतरहाट ग्रामीण एवं नेतरहाट घूमने आने वाले पर्यटकों से अनुरोध किया है की हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता फैलाएं और लोगों को हेलमेट के महत्व के बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी दें।

चलाया जायेगा हेलमेट विशेष जांच अभियान

इस विषय में विशेष जानकारी देते हुए नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट जांच अभियान चलाया जाएगा. इस अभियान के तहत यातायात पुलिस की टीम सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों की जांच करेगी और बिना हेलमेट पाए जाने पर जुमार्ना किया जाएगा. यह अभियान सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के साथ ही लोगों में नियमों का पालन करने की आदत डालने का प्रयास करेगा।

हाईवा वाहन की धक्का से बाइक सवार युवक की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

लातेहार । बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बालूमाथ हेरहंज मार्ग पर सोमवार की सुबह करीब 9,30 बजे हेरहंज थाना क्षेत्र के हुम्बु पेट्रोल पंप के पास हाईवा वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई ' जिसकी पहचान हुम्बु ग्राम के हाटाटोंगरी टोला निवासी नीरज कुमार उर्फ प्रमोद राम उम्र 19 बर्ष के रूप में हुई है ' दुर्घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया ' जहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने जांचों प्रांत मृत घोषित कर दिया ' घटना के संबंध में मृतक युवक के चाचा राकेश कुमार भारती ने बताया कि उसका भतीजा नीरज कुमार अपने छोटे भाई को हूंबू ग्राम स्थित विद्यालय में छोड़कर अपना घर लौट रहा था कि ईसी दौरान पीछे से एक अनियंत्रित हाईवा वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया ' जिससे वह एक पेड़ से टकराते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया ' मृतक हेमराज राम के तीन पुत्रों में बड़ा पुत्र था इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ' फिलहाल इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दे दी गई है जिसके आधार पर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही है वहीं ग्रामीण ने शव के साथ बालूमाथ हेरहंज मार्ग को जाम रखा है हालांकि जाम के खबर मिलते ही स्थानीय प्रशासन जाम स्थल पहुंचकर ग्रामीणों से बात कर रही है

घटना के विरोध में सड़क जाम

राशनकार्ड में केवाईसी और आधार सीडिंग को लेकर प्रज्ञा केंद्र एंव जनवितरण दुकान पर बढ़ी भीड़

नव प्रदेश संवाददाता

महुआडांड़ । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एंव झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग, केवाईसी, आयुष्मान कार्ड निर्गत एंव छुट हुए लाभुकों को ग्रीन कार्ड राशनकार्ड निर्गत का निदेश सभी जनवितरण दुकानदारों और आधार कार्ड सेन्टर सहित प्रज्ञा केंद्र को मिला है ।ग्रामीण आधार सीडिंग ,केवाईसी नये ग्रीन राशनकार्ड के बनाने के लिए जनवितरण दुकान और प्रज्ञा केंद्र का चक्कर काट रहे है ।कई घटों के इंतजार के बाद लाइन लगाकर अपने बारी का आने के बाद काम कराकर जा रहे है ।वही केवाईसी के चक्कर में कई बच्चे स्कूल जा नहीं पा रहे है।

श्री हरिवंश महापुराण के पांचवें दिन हरियाणा से आए महाराज श्री रविकांत वत्स ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का किया वर्णन

नव प्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर : गुरु के रूप में महर्षि सांदीपनि ने भगवान श्रीकृष्ण को 64 कलाओं की शिक्षा दी थी और मृत पुत्र को फिर से जीवित करने की मांग गुरु दक्षिणा में की थी जिनकी मृत्यु बचपन में हो गई थी।

श्री हरिवंश महापुराण के पांचवें दिन हरियाणा से आए महाराज श्री रविकांत वत्स ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए श्रोताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने अपने गुरु की मांग का आदर करते हुए जल के स्वामी भगवान वरुण के पास गए। इसके बाद जिस राक्षस (पाचजन्य) ने उनका वध किया था, उनसे कामना की। मृत शरीर को पुनः जीवित करने की यह मांग धर्म के विरूद्ध था इसके बावजूद उन्होंने धर्मराज यम से युद्ध भी किया। फिर नारद मुनि ने धर्मराज को समझाया कि यह श्रीकृष्ण की लीला है और उनकी लीलाओं से कोई पार नहीं पा सकता। इसके बाद श्रीकृष्ण ने धर्मराज से सांदीपनि मुनि से उनके बेटे का शरीर लेकर उसमें प्राण संचय किया था और गुरु की दक्षिणा पूरी की। इस दौरान गुरु महाराज ने गोर्वधन पूजा, यमुना को दूषित कर रहे कालिया नाग से मुक्ति, रासलीला, कंस का वध सहित माता देवकी व पिता वासुदेव का मिलन का वर्णन किया।



नागलोक से पांच कुल का हुआ था निर्माण : कथा के दौरान महाराज रविकांत ने बताया कि यदु एक बार यमुना नदी में स्नान करने गए तो नागलोक के देवता उन्हें खीचकर अपने लोक ले गए और अपनी पांच कन्याओं का विवाह उनसे कराया। इससे पांच कुल, अंदक, यादव, कुश, रैवत और वैवरणी बने। इसी कुल से सुरसेन, वासुदेव, कुंती और माधवी उत्पन्न हुए थे। वहीं, कथा में उन्होंने बताया कि भगवान को उनकी माता यशोदा ने रस्सी से बांध दिया था इसलिए उनका नाम दामोदर पड़ा। गौ की रक्षा करने के लिए उन्हें गोपाल और इंद्र द्वारा गौ के पूजनीय होने के कारण इन्हें गोविंद भी कहा जाता है।

पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

समाज और देश के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है : डीडीसी

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण 2.0 के तहत 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम अंतर्गत सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका के लिए आईपीईएल की विशेषज्ञ टीम के द्वारा जिला समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से सोमवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि समाज और देश के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की आधारशिला रखा जाती है। गर्भवती महिला के नियमित जांच व पोषण, पोषाहार के जरिये स्वस्थ शिशु का ध्यान रखा जाता है। जन्म के बाद बच्चों को पोषाहार, कुपोषण की जांच, पोषणयुक्त आहार के जरिये स्वस्थ्य शिशु की पौध तैयार की जाती है। इसके साथ-साथ विद्यालय जाने से पहले आंगनवाड़ी केंद्र में ही बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता का पाठ पढ़ाया जाता जाता है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका सहायिका का कार्य देश के भविष्य को गढ़न में बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाना चाहिए। इसी प्रकार पीवीटीजी जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी उनकी संस्कृति व उनके तौर-तरीकों के साथ समन्वय बनाते हुए पढ़ाया जाना चाहिए।

कार्यशाला में प्रशिक्षण का लाभ उठाएं

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज प्रशिक्षण के जरिये सभी मास्टर ट्रेनर्स (सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका) लाभ उठाएं और गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। आज राष्ट्रीय स्तर पर बात की जाय तो राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में आंगनवाड़ी केंद्रों और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बेहतर कार्य हो रहा है। हमें उस मॉडल पर काम करने की जरूरत है। जब आज प्रशिक्षण के बाद आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्य करें तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें।

प्रखण्डों में प्रशिक्षण 11 से 18 दिसंबर तक

कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बताया कि आज के उन्मुखीकरण कार्यशाला के बाद मास्टर ट्रेनर्स (सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका) द्वारा प्रखण्ड स्तर पर सभी प्रखण्डों में 11 से 18 दिसंबर तक आंगनवाड़ी सेविकाओं के क्षमतावर्द्धन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की प्रारंभिक देख और शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन को विस्तार दिया जा रहा है। इसी अवधारना के साथ नव चेतना और आधारशिला नामक दो पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। नवचेतना जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन तथा आधारशिला 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग समावेशन और रेफरल की प्रक्रिया भी शामिल है।

विकास योजनाओं की समीक्षा को ले बीडीओ ने की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

भंडरा। प्रखंड मुख्यालय परिसर में सोमवार को समीक्षात्मक बैठक हुई. अध्यक्षता बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने की. बैठक में विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से संपन्न कराने में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को धन्यवाद दिया गया. साथ ही प्रखंड के विभिन्न गांव में संचालित 15वें वित्त आयोग, मनरेगा,अबुवा आवास, पीएम आवास, पेंशन आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी. मनरेगा योजना पोर्टल पर लक्ष्य के अनुरूप योजना का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. योजनास्थल पर दिसंबर तक सूचना पट्ट लगाने की बात कही गयी. बताया गया कि मनरेगा योजना की सामग्री या मजदूरी मद में अग्रिम भुगतान नहीं होगा. पुरानी योजनाओं को नियमानुसार बंद करने तथा लंबित योजनाओं को समय पर पूरा कराने का निर्देश दिया गया. आवास योजना की जांच कर भुगतान, पेंशन, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र का समय पर निष्पादित करने पर जोर दिया. कहा गया कि 15वें वित्त योजना पर कनीय अभियंता के अनुशंसा पर द्वितीय भुगतान दिया जा सकता है. बैठक में उपप्रमुख राजमनी उरांव,कृषि पदाधिकारी नवप्रभात कुजूर, बीपीओ अभिषेक हेमांशु, प्रखंड समन्वयवक मनीष अग्रवाल, महिपाल भगत, रविशंकर भगत, पंसस समेत अन्य प्रखंडकर्मी मौजूद थे।

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन सरकुलेशन के कारण बदला जिला का मौसम, बढ़ी ठंड

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिले में बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन सरकुलेशन के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला। सोमवार की सुबह सुबह हुए बारिश से ठंड में बढ़ोतरी हुई वही दिनभर बादल होने से लोग गर्म कपड़े पहनकर ही घर से निकलने को मजबूर हुए। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मंगलवार को भारी बारिश हो सकता है जिससे पारा और नीचे जायेगा जिससे कंपकपाती ठंड का सामना लोगो को करना होगा। मौसम में आए अचानक बदलाव से लोगो की परेशानी भी बढ़ गई है। खासकर जिले के वैसे किसान जिनकी धान की कटाई और मिशाई दोनो बाकी है उन्हें बारिश से काफी नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। साथ ही बारिश के बाद बढ़ी ठंड से भी परेशानी बढ़ेगी। सोमवार को सुबह हुए बारिश के बाद दिनभर बादल रहने से लोगों के दिनचर्या में बदलाव देखने को मिला। वही मंगलवार को भी बारिश की संभावना से लोगो के लिए परेशानी की सबब बनेगी। हालांकि बारिश से रबी फसल को काफी फायदा होने की उम्मीद जताई जा रही है।



जय श्री राम समिति की बैठक 11 को

लोहरदगा। जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी की बैठक हरमू रोड स्थित आवासीय परिसर में की गई जिसमें कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी,अनूप गुप्ता मौजूद थे। आयोजित बैठक में समिति के प्रति मीडिया में गलत बयान बाजी कर समिति को बदनाम करने की साजिश को लेकर चर्चा हुई । इस तरह के साजिश से समिति के लोग खासे नाराज हैं। इसलिए सर्व समिति से निर्णय लिया गया की आने वाला 11 दिसंबर को दिन के 11:00 बजे गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्विट हॉल में आवश्यक बैठक होगी । बैठक में कोर कमेटी सदस्य, जिला संरक्षक,जिला कमेटी, नगर कमेटी,महिला कमेटी, प्रखंड, पंचायत कमेटी एवं पूर्व के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी सुषमा सिंह ने दी।

मूलभूत आवश्यकताओं से कोसों दूर है अरकोसा पंचायत के दो गांव

नाली और सडक जैसे मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है ग्रामीण

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा । जिला मुख्यालय से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सदर प्रखंड के अरकोसा पंचायत के दो गांव कोयलाटोली और डूमर टोली में मूलभूत सुविधाओं का भी घोर अभाव है। दोनों ऐसे गांव हैं जहाँ केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना दोनों आज तक पहुंच नहीं पाई है। पंचायत में कुल 18 टोले हैं जिसमें कोयला टोली दो भागों में बांटा हुआ है। ऊपर कोयल टोली जिसमें लगभग 40 घर है और इस टोले कि जनसंख्या 300 के करीब है। गाँव में तीन चापानल है किन्तु पूरी जनसंख्या पीने के पानी कि जरुरत के लिए एक चापानल पर निर्भर है अगर यह खराब हो जाय तो ग्रामीण मिलकर पैसे इक्कठे कर इसे ठीक करा कर उपयोग करते हैं। पंचायती राज व्यवस्था लागु होने के लगभग 12 साल बाद इस गाँव में मात्र 100 फीट सडक का निर्माण हो सका है और गाँव में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मात्र छः सात परिवार को मिला है। पक्की नाली के आभाव में गाँव में बरसात के दिनों में ग्रामीणों के घर में पानी घुस जाता है। नीचे कोयला टोली में 10- 12 घरो मे लोग निवास करते है यहाँ घर घर जल कि योजना पूरी तरह से फेल हो चुकी है। जल मीनार से मात्र 5 फीट कि दुरी पर स्थित घर तक पानी नहीं पहुंच सका। लोगों को पानी कि जरुरत के लिए जल मीनार तक जाना पड़ता है। इसी पंचायत के डुमर टोली जिसमें 500 घरों में लोग निवास करते है। इस ग्राम में भी नाली का निर्माण नहीं हो सका है। बरसात के दिनों में जगह जगह जलजमाव कि समस्या होने से स्थानीय ग्रामीणों को समस्यायों का सामना करना पड़ता है। गाँव में 4 जल मीनार का निर्माण हुआ है किन्तु बड़ी टंकी वाले जलमीनार से मात्र 8 -10 घरों को घर घर जल योजना से लाभानवित किया गया है। बाकी लोग जलमीनार तक पहुंच कर अपनी जरूरतों को पूरा करते है। इस पंचायत को बृहत घर घर योजना से लाभाविन्त किया गया है जिसके लिए एक बड़ी टंकी का निर्माण रामपुर में किया गया है किन्तु ये योजना अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। पंचायत के मुखिया बसंत उराव से जब पंचायत के इन दो गावों कि समस्यायों को लेकर सवाल किया गया। तो उन्होंने 18 बड़े -बड़े टोले,मुखिया फंड में पैसे कि कमी होने और गाँव वालो कि आपसी विवाद के कारण विकास का ना होना बतलाया। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया जनकल्याणकारी योजना को जनता तक पहुंचाने में रूचि नहीं लेते है।

कभी बंदूक के संगीन साया में रहने वाले लोगों के जीवन में अब सरसों की खेती ला रही है बदलाव

जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार प्रखंड में सरसों की खेती का क्रेज बढ़ने से विभाग भी उत्साहित

नव प्रदेश संवाददाता

लोहरदगा। जिले के अति नक्सल प्रभावित पेशरार प्रखंड में खेती के प्रति लोगों में बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां पहले इस क्षेत्र के लोग उग्रवाद के कारण जंगल के लकड़ी ,पते और दातुन के माध्यम से जीविका चलाते थे लेकिन उग्रवाद की समाप्ति के बाद अब खेती के माध्यम से बेहतर जीविका चला रहे है। खासकर तिलहन की खेती जिसके सरसों प्रमुख है। पेशरार प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पुलुंग, जवा खाड़, मुंगो, चपाल सहित कई गांवों में लहलहा रही सरसों की खेती। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को सरसों की खेती पसंद आ रही है। यही कारण है कि रबी के मौसम में गेहूं के बाद सरसों की खेती ही सबसे अधिक होती है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि सरकार सरसों की खेती को बढ़ावा दे रही है। लोहरदगा के कुडू में तेल उत्पादन केंद्र भी स्थापित किया है। जिससे किसानों को सरसों की बेहतर कीमत भी मिल पाएगी। लोहरदगा में कुल तेलहन के आच्छादन के लक्ष्य 20000 हेक्टेयर में से इस बार 4308.15 हेक्टेयर में आच्छादन हुआ है। जिसमें सरसों के आच्छादन का लक्ष्य 17000 हेक्टेयर में से इस बार 3993 में सरसों का आच्छादन हो पाया है। किसानों के समक्ष कम सिंचाई में खेती को लेकर तेलहन एक बेहतर फसल के रुप में निकल कर सामने आया है जिससे किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। ग्रामीण बताते है कि इस क्षेत्र की मिट्टी सरसों की खेती के लिए काफी उपयुक्त है साथ ही मौसम का भी साथ मिलता है। जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में खेती के प्रति लोगों में आए बदलाव से इस क्षेत्र में विकास तेजी से होने की उम्मीद भी जागी है। इस सम्बन्ध में जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो ने बताया कि कृषि विभाग के ओर से किसानों को अनुदान पर सरसों बीज दिया जाता है साथ ही अब किसानों को बेहतर फसल उत्पादन को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जिससे किसान वैज्ञानिक तकनीक का उपयोग कर बेहतर खेती कर रहे है।



समाचार सार

संकुल स्तरीय बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

लोहरदगा/नवप्रदेश। संकुल स्तरीय बालक बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय में संपन्न हुआ। एक दिवसीय बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता, ॐ और मां शारदे के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार,अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित किया। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि प्रांतीय योजनानुसार यह वर्ग प्रतिवर्ष आयोजित होता है। बहनों के लिए व्यक्तित्व विकास वर्ग में बहनों को किशोरावस्था से संबंधित होने वाली समस्या एवं उसका निदान को बताया गया। चम्मच रेस, वंदना अभ्यास, बैलून फोड़, अग्नि रहित व्यंजन तथा भैया के लिए शिशु वर्ग बैलून फोड़, वंदना अभ्यास बाल वर्ग 100 मीटर दौड़, किशोर वर्ग कुर्सी रेस,तरुण वर्ग राइफल रेस इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की बहन बाल वर्ग में प्रथम हेमा उरांव, बाल वर्ग भैया में शील अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया प्रथम करमचंद भगत 100 मीटर दौड़ , किशोर वर्ग में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की बहन अग्नि रहित व्यंजन में तृतीय स्थान?? अनुप्रिया एवं धानी कुमारी ने प्राप्त किया।कक्षा प्रथम से तरूण वर्ग में सात संकुल से कुल 70 भैया /बहन शामिल हुए थे।

लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोहरदगा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा उप- विकास आयुक्त, दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के मार्गदर्शन के आलोक में सरकार के संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के के द्वारा लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य महिलाओं खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर के अवसर पर 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जागरूकता कार्यक्रम लोहरदगा जिला अंतर्गत विभिन्न उच्च विद्यालय एवं कॉलेज में किया जा रहा है। इसी क्रम मे सेन्हा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मुरकी तोड़ार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में गैर संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख अमित तिवारी ,सोशल वर्कर अखिलेश्वर पाण्डेय, तथा सन्नू भुइयाँ, आउटरीच वर्कर, द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विभिन्न एक्ट के कानूनी प्रावधानों का संक्षिप्त एवं सामान्य रूप जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कुल के प्रधानाध्यापक- अरुण भगत शिक्षक राजवीर चौधरी, अमित नायक, एवं संजित कुमार और स्कुल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

जोरदार बारिश से मौसम का मिजाज बदला, तापमान गिरी, ठंड में इजाफा



भंडरा/नवप्रदेश। प्रखंड क्षेत्र मे सोमवार सुबह 7 से 9 बजे तक मूसलाधार बारिश हुई. मौसम का मिजाज बदला हुआ है. सुबह घना कोहरा छाया हुआ था. 7 बजते बजते बारिश शुरू हो गई. धीरे-धीरे बारिश तेज हुई और एक घंटा तक मूसलाधार बारिश हुई. इसके बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. ठंड बढ़ गया है .गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी है .लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं. मौसम में परिवर्तन आते ही दिनभर बादल छाया रहा. खुली धूप नहीं निकली. लोग अलाव, हीटर ताप कर ठंड से बचने का प्रयास करते रहे.2 घंटे हुई बारिश से रवि फसल को लाभ होने की संभावना बताई जा रही है .किसान बता रहे हैं कि अभी के बारिश गेहूं ,मसूर ,चना, खेसारी, अरहर, मटर सहित अन्य फसलों को लाभ हुई है. क्षेत्र में रवि की फसल की बुवाई पूरी हो चुकी है. किसान गेहूं, मटर, चना ,मसूर, अरहर सहित अन्य रवि फसलों की खेती बढ़-चढ़कर किए हैं .ऐसी स्थिति में आज हुई बारिश से किसानों को लाभ हुई है. किसान बताते हैं कि वर्षा के पानी से खेती को अधिक लाभ होता है. बेनिफिट सिंचाई किए जाने से महीना में दो बार इस तरह की बारिश हो जाए तो खेती का उपज बढ़ जाता है।

बढ़ती ठंड के बावजूद अब तक नगर परिषद नहीं करा पाया है अलाव की व्यवस्था, लोग परेशान

लोहरदगा/नवप्रदेश। जिले में अचानक हुए मौसम में बदलाव से ठंड काफी बढ़ गई है। उसके बावजूद अभी तक जिला प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नही की गई है। शहरी क्षेत्र में नगर परिषद द्वारा अलाव की व्यवस्था की जिम्मेवारी है बावजूद इसके शहर के मुख्य चौक चौराहों पर अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे आम लोगो को परेशानी हो रही है। जिले में सोमवार को हुए बारिश के बाद बढ़ी ठंड से बचने के लिए लोग अलाव की व्यवस्था की मांग करते नजर आए। इस सम्बन्ध में जब नगर परिषद के सिटी मैनेजर अनिल उरांव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक जिला प्रशासन द्वारा उन्हें फंड नहीं दिया गया जिसके कारण अलाव की व्यवस्था नही हो पाई है। इसे लेकर जिला प्रशासन को अवगत भी कराया गया है उम्मीद है जल्द ही अलाव की व्यवस्था की जाएगी।

उपायुक्त ने चंदाली गांव में ग्रामीणों से की मुलाकात, समस्याओं को जाना, अधिकारियों को दिए कई निर्देश

गांव में सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना पहली प्राथमिकता

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। प्रखंड असनी पंचायत स्थित चंदाली ग्राम का आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के उद्देश्य से ग्रामीणों से मुलाकात किया गया। और ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उपायुक्त से मुलाकात करते हुए ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, सरना स्थल बनवाने, घर, नहर से सिचाई कराने हेतु सुविधा, स्कूल में बच्चों के खेलने हेतु मैदान, तलाब एवं कुआं की मरम्मती, अखाड़ा की मरम्मती, धुमकुड़ीया भवन बनाने, बिजली, पानी, शिक्षा और जल मीनारों के मरम्मत एवं अन्य समस्या को लेकर आवेदन भी सौंपे। उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाए। और विभिन्न पेंशन योजनाओं, वृद्धा पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं से छुटे हुए व्यक्ति को लाभ दिलाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों के महिला मंडल को विशेष रूप से लाभ लेने तथा कार्य कर अपने पर निर्भर होने को कहा। जिससे महिला अपने घर चला सके। तथा ग्रामीणों के बच्चों के पॉलटेक्निक कॉलेज जैसे मे नामांकन हेतु अच्छे तैयारी करने को कहा गया।

ग्रामीणों में विश्वास और आशा का संचार किया है। प्रशासन और समुदाय के बीच सीधा संवाद स्थापित होने से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि ग्राम के विकास में सबसे अधिक ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता होती है , उन्होंने कहा कि चंदाली ग्राम कलेक्टर ऑफिस के सबसे नजदीक में हैं, यह के ग्रामीणों के सहयोग के ग्राम विकास के लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार है, किसी भी समस्या के लिए आप तुरंत समाहरणालय भी आ सकते हैं। इसके साथ ही उपायुक्त ने ग्रामीणों से अपने बच्चों को पढ़ाने के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला, अंचल अधिकारी गुमला, मुखिया, वार्ड सदस्य सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 22613 विद्यार्थियों में 18765 ने प्रीबोर्ड में लिया भाग

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। जिले के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक, स्थापना अनुमति प्राप्त एवं प्रसवीकृति प्राप्त माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा इंटर महाविद्यालय में झारखंड अधिविद्य परिषद के मैट्रिक एवं इंटर की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2025 के पूर्वाभ्यास हेतु प्री बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आरम्भ हुई। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत उपायुक्त के नेतृत्व में प्री बोर्ड आयोजित किए जा रहे हैं जिसका विद्यालयों के साथ संबद्ध पदाधिकारियों द्वारा अनुश्रवण किया जा रहा है। पूरे जिले के सभी 12 प्रखंड में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 22613 विद्यार्थियों में 18765 ने प्रीबोर्ड में भाग लिया जो 83% हूं। मैट्रिक हेतु 164 विद्यालय में प्रीबोर्ड संपन्न हुआ जिसके अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई जिसके अंतर्गत कुल नामांकित 14188 बच्चों में 12210 बच्चे प्रीबोर्ड में सम्मिलित हुए जो कुल 86.6% है। इसी तरह कुल 47 विद्यालय/ इंटर महाविद्यालय में इंटर प्रीबोर्ड संपन्न हुआ जिसके अंतर्गत भौतिकी, भूगोल तथा लोकशास्त्र की परीक्षा हुई जिसमें कुल नामांकित 8425 बच्चों में 6555 बच्चे शामिल हुए जो कुल 77.80% है। जिला में दूसरी बार प्रीबोर्ड परीक्षा हो रही है तथा सरकारी विद्यालयों के अतिरिक्त अन्य श्रेणी के विद्यालय तथा इंटर महाविद्यालय को उपायुक्त के निर्देश अनुरूप पहली बार शामिल किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो एवं शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां के नेतृत्व में आयोजित इस प्रीबोर्ड हेतु सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं वहीं योग्य शिक्षकों की टीम द्वारा जैक पैटर्न पर प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं।

दालग्राम में बच्चों का दो दिवसीय संस्कार वर्ग सम्पन्न



चांडिल। चांडिल प्रखंड अंतर्गत दालग्राम सार्वजानिक स्थित शिव शक्ति धाम प्रांगण में 25 बच्चों के बीच दो दिवसीय आवासीय संस्कार वर्ग सम्पन्न. संस्कार वर्ग में बच्चों को योग, व्याम, मंत्र, हवन, नैतिक शिक्षा आदि के प्रति धार्मिक एवं सामाजिक ,आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया गया। शिव शक्ति धाम दालग्रम के संस्थापक भीम सेन मुन्डा ने कहा - आज के आधुनिक युग में बच्चों में आधुनिक शिक्षा के साथ साथ वैदिक, शिक्षा भी जरुरी है, साथ हीं उन्होने कहा बच्चे अध्यात्म से जुड़े रहेंगे तो मुख्य धारा से भटकेंगे नहीं। कार्यक्रम का समापन संध्या आरती के साथ हुआ. इस अवसर पर समाजसेवी कार्तिक कालिन्दी, आवधेश मुर्मू, संदीप मंडल, आदित्य मंडल आदि उपस्थित हुए।

थर्ड जेंडर के श्रम अधिकार व सम्मान पर कार्यशाला का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर। श्रमजीवी महिला समिति की ओर से सोमवार को थर्ड जेंडर के श्रम अधिकार व सम्मान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेन्द्र प्रसाद, श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, विशिष्ट अतिथि एवं हिमाचल प्रदेश क्विर फाउंडेशन के एक्टीविस्ट डॉन हसर, श्रमजीवी महिला समिति के प्रमुख अंजली बोस समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि थर्ड जेंडर को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है, साथ ही इस समुदाय को मुख्य धारा में लाने के लिए कई नीतियां एवं योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। कानूनी पक्ष रखते हुए उन्होंने कहा कि डालसा इस समुदाय को जागरूक करने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने मंच से घोषणा की कि थर्ड जेंडर को भी पारा लिगल वॉलंटियर के रूप में जिम्मेदारी सौंपी जाएगी जिससे वे अपने समाज के साथ-साथ आम लोगों को जागरूक कर सकें। कार्यक्रम में मौजूद श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर ने थर्ड जेंडर को श्रम विभाग की योजनाओं से जोड़ने की बात कही। साथ ही कहा कि थर्ड जेंडर के बधाई मांगने जैसे काम को श्रम की सूची में शामिल नहीं किया गया है। यह विषय विधायिका के अंतर्गत आता है। समुदाय के बात को सरकार के स्तर तक पहुंचाने का उन्होंने भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में हिमाचल प्रदेश से आए रिसोर्स पर्सन (एलजीबीटीक्यू एक्टिविस्ट) डॉन हसर ने थर्ड जेंडर समुदाय के कानूनी अधिकार पर प्रकाश डाला साथ ही थर्ड जेंडर के साथ होने वाले भेदभाव, शोषण, दुर्व्यवहार आदि पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब तक थर्ड जेंड़र समुदाय एकजूट नहीं होगा तब तक वह मान-सम्मान से वंचित रहेगा। कहा कि थर्ड जेंडर ईश्वरीय वरदान है, लेकिन ऐसे व्यक्ति के साथ घर में भी भेदभाव बरता जाता है जो गलत है।

उत्पाद विभाग द्वारा देशी दारू भट्टी संचालकों को संरक्षण दिए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश

नव प्रदेश संवाददाता

चांडिल। जिला सरायकेला उत्पाद विभाग चांडिल अनुमंडल सर्किल इंस्पेक्टर द्वारा अवैध देशी दारू चूलाई संचालकों को संरक्षण दिए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश , चिन्हित अवैध दारू कारोबारीयों पर ही महेरबनीया क्यों ? अवैध देशी दारू धंधे करने का नजराना जो देगा ओर काम करेगा नहीं तो भट्टी टूटेगी ओर केस दर्ज होगा . ऐसा ही मामला नीमडीह थाना क्षेत्र के हुंडरू पाथरडीह में जिला उत्पाद विभाग के सर्किल इंस्पेक्टर अखिलेश यादव की शास्त्र बल की टीम ने किया. हुआ ये की अवैध देशी दारू वृहत पैमाने चुलाई कर रहे अमित गौराई की अवैध दारू चूलाई की भट्टी ग्रामीण की शिकायत पर नहीं तोड़ा , लेकिन गरीब विधवा की भट्टी को तोड दिया . मौके पर ग्रामीण काफी संख्या में जमा हों गाए, लेकिन अमित गोराई की दारू भट्टी पर करवाई नहीं करने पर, अफसर से नाराजगी जाहिर की लेकिन ग्रामीणों की जुटती भीड़ को देख अखिलेश यादव वाहन पर बैठ कर चल दिए . दारू माफिया अमित गोराई महुआ , गुड , नौसादर देशी दारू चूलाई के समान संचालकों को सप्लाई करता है. देशी हो या अंग्रेजी शराब कारोबारी बैगर , उत्पाद विभाग सरायकेला को नजराना दिए बैगर , कारोबार नहीं कर सकते .अवैध दारू नीमडीह थाना क्षेत्र के दर्जनो गांवों में उद्योग का रूप ले लिया है. यहां से रोजाना जब क्षेत्र की जनता ठंड से कपकपाती है, तब तड़के 3 बजे से मोटरसाइकिल, मेजिक यात्री वाहन, पेसंजर ऑटो से अवैध देशी दारू की सप्लाई - लूपुंगडीह, कुसपुतुल,रघुनाथपुर, आदर्डीह , सीमा गुंडा, रासुनिया होते हुए सुक्सारी पुनर्वास, भालूकोचा, रुचाप, गांगुडिह, दाल ग्राम, तनकोचा,चांडिल, होते हुए जमशेदपुर मार्ग स्थित दर्जनों गांवों में पहुंचती है.नीमडीह थाना अंतर्गत अवैध दारू चुलाई के उद्योग - मुरु , तिलाईतांड, लाकड़ी, बागड़ी, वनडीह, पुड़ीयारा , झिमडी मोड, सहित हुंडरू पाथर्डिह , विख्यात है. एक तरफ जिला पुलिस प्रशासन प्रहरी अभियान चला रहा अवैध नशा धंधे बाजो को नकेल कसने के लिए. लेकिन जिला उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों की महेरबानियो के कारण दारू माफियाओं के हौसले बुलंद है.उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों के रवैए से ग्रामीण क्षेत्र में असंतोष देखा जा रहा है।

सदस्यता अभियान की सफलता को लेकर भाजपा ने की बैठक

महानगर में ढाई लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य, कार्यकर्ताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर महानगर में भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इसके साथ ही, बैठक में कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में आगामी सदस्यता अभियान की सफलता को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके बाद 18 और 19 दिसंबर को महानगर के अंतर्गत सभी मंडलों में कार्यशाला का आयोजन होगा। इन कार्यशालाओं के उपरांत 22 दिसंबर को जमशेदपुर महानगर द्वारा विधिवत रूप से सदस्यता अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन के विस्तार और जमीनी स्तर तक पार्टी की विचारधारा सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बैठक में मौजूद कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाएं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं है बल्कि समाज के हर वर्ग को भाजपा की विचारधारा और नीतियों से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

वहीं, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि देशभर में संगठन द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इसकी शुरूआत देर से हो रही है, आगामी 22 दिसंबर से जमशेदपुर महानगर में अभियान की विधिवत शुरूआत होगी। इस अभियान के तहत जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और उन्हें पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष जमशेदपुर महानगर द्वारा लगभग 2.5 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान बूथ, मंडल और जिला स्तर पर संचालित होगा। पार्टी कार्यकर्ता इस महापर्व में अधिक से अधिक योगदान देकर संगठन को मजबूत करेंगे। सदस्यता अभियान को बूथ, मंडल, जिला और प्रदेश स्तर पर संचालित किया जाएगा। प्रत्येक स्तर पर कार्यकताओं को अभियान की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षित करने की तैयारी की गई है।

बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में धूमधाम से मना कालका माता का जन्मोत्सव

मइया थारे हाथ रचावण घनी राचणी मेहँदी लाया... जैसे भजनों पर झूमे श्रद्धालु

नव प्रदेश संवाददाता

जमशेदपुर। सोमवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में श्री महाकाली शक्तिपीठ अमरसर धाम वाली कुलदेवी श्री कालका माता रानी का जन्मोत्सव (प्रकट दिवस) धूमधाम से मनाया गया। श्री कालका माता परिवार टाटानगर द्वारा आयोजित हुए इस धार्मिक महोत्सव में श्री गणेश वंदना के साथ मंगल पाठ एवं भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चलते रहा। इससे पहले संध्या 4.30 बजे से कालका माता की पूजा अर्चना शुरू हुई। निशा-कमल सिंघल ने पूजा की और मुन्ना पंडित (साकची) ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। आमंत्रित भजन गायिका शीतल काटरूका (पुरूलिया) ने भजनों और मंगल पाठ से माता रानी को रिझाया। माता के चरणों में मंगलपाठ का वाचन के साथ ही भजनों की प्रस्तुति के दौरान माता परिवार के बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भजनों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गयी, जिसने सबका मन मोहा। महोत्सव में सभी महिलाएं चुंदड़ी ओढ़े व राजस्थानी परिधान में थीं।

भजनों की अमृत वर्षाः- इस धार्मिक मौके पर भजन गायिका शीतल काटरूका द्वारा मेरो हाथ पकड़ ले मइया मेरो मन घबरावे..., जा के सर पे हाथ अपनी कुल देवी का होवे..., चलो रे चलो दरबार कालका मैया के..., मेरी कालका भवानी आई रे मेरी कालका..., काली मैया मेरे घर में इक बारी तू आजा..., अवतार मां काली का दुनिया में निराला है..., मईया थारी चुदड़ी में कुछ तो बात हैं..., मइया थारे हाथ रचावण घनी राचणी मेहँदी लाया..., कर लो मंगल पाठ ये तो जीने का सहारा हैं..., जो जय माता की गाता है जीवन में बड़ा सुख पाता है..., कितनी सुदर कितनी भोली बड़ी प्यारी लगे..., मेरी मईया जी के हाँथ में मेहंदी रंग लाई..., माता रानी का दरबार सजा प्यारा प्यारा..., एक हार बना माली माता रानी को पहनाना है... आदि माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

ये रहा मुख्य आकर्षण का केन्द्रः- परिवार की महिलाओं द्वारा फूलों से सजाया गया कालका माता का भव्य दरबार, माता का जन्म, केक कटिंग, अखंड ज्योत, नृत्य नाटिका, छप्पन भोग का प्रसाद समेत 51 जोड़ो द्वारा मॉ की महाआरती तथा विशाल भंडारा विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने में कालका माता परिवार टाटानगर के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

एक नजर

प्री बोर्ड परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विद्यालयों का निरीक्षण

गुमला (नव प्रदेश)। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2025 के पूर्वाभ्यास के तहत प्री बोर्ड परीक्षा जिले के सभी विद्यालयों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। शिक्षा कर भेंट गतिविधि के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रशासनिक और शैक्षिक अधिकारियों ने विद्यालयों का दौरा किया और परीक्षा प्रक्रिया का निरीक्षण किया। आज चैनपुर अनुमंडल की अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रियश्री भगत, रायडीह की प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिला प्रसार पदाधिकारी सिसई, बीटीएम भरनो, तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी जैसे बीपीओ, बीआरपी और सीआरपी ने विभिन्न विद्यालयों का अनुश्रवण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और परीक्षा के संचालन में पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, जैक पैटर्न पर तैयार प्रश्नपत्रों की गुणवत्ता, परीक्षा केंद्रों पर सुविधाओं एवं अनुशासन पर भी ध्यान दिया गया। यह प्रयास जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा सुनिश्चित किया गया है ताकि छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए बेहतर तैयारी का अवसर मिले। इस गतिविधि के माध्यम से प्री बोर्ड परीक्षा की सफलता में सभी संबंधित अधिकारियों और शिक्षकों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। प्री बोर्ड परीक्षा में जिले के 83 प्रतिशत छात्रों ने भाग लिया है, जो शैक्षिक अनुशासन और छात्रों की गंभीरता को दशार्ता है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इस प्रयास को छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।

पुलिस ने चिरान लकड़ी के साथ गाड़ी को किया जब्त

चैनपुर (नव प्रदेश)। चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम नवटोली के समीप चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आदतन अपराधी पवन गिरी को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने चिरान लकड़ी के साथ गाड़ी जब्त की, जबकि अपराधी फरार हो गया। पवन गिरी पतगच्छा निवासी है और उस पर कई आपराधिक केस दर्ज हैं। वह कुरूमगढ़ वन प्रक्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में अवैध परिवहन में संलिप्त था। पिछले एक सप्ताह से कुरूमगढ़ वन टीम और गुमला वन टीम की संयुक्त कार्रवाई चल रही थी। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के नेतृत्व एक टीम गठित की गई और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। टीम ने पवन गिरी की गाड़ी संख्या खल्र 03ढ 3553 को चिरान लकड़ी के साथ जब्त किया, जबकि अपराधी मौके से भागने में सफल रहा। गाड़ी को सुरक्षित चैनपुर आवासीय परिसर में रखा गया है और पवन गिरी के खिलाफ नामजद केस की कार्रवाई जारी है। वहीं पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग की टीम ने इस प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए आगे भी सक्रिय रहने का आश्वासन दिया है। मौके पर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, प्रभारी वनपाल चंद्रेश बड़ाईक, बुधदेव बड़ाईक, सहित वन विभाग एवं थाना के जवान मौजूद रहे।

सैलाना के विधायक के साथ अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम डीसी को ज्ञापन

जमशेदपुर (नव प्रदेश)। मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार के साथ जिला अस्पताल रतलाम में पदस्थ डॉक्टर द्वारा जातिगत दुर्भावना स्वरूप अपमानित करने, गालियां देने एवं दुर्व्यवहार करने पर भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन के नेतृत्व में एक स्मार पत्र राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू को उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से सौंपा गया। जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने माँग की है कि दोषी पर एसटी एससी अत्याचार निवारण कानून 1989 के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ताकि इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति ना हो सके।प्रदेश महासचिव कृष्ण हांसदा ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का फर्ज है कि अपने क्षेत्र के जनता का स्वास्थ्य सेवा का ख्याल रखें। स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए भी अस्पताल जा सकता है परंतु पद स्थापित डॉक्टर जनप्रतिनिधि को सहयोग करने के बजाय उनके साथ दुर्व्यवहार और अपमानित करने का घृणित कार्य है, इसकी जितने भी निंदा किया जाए कम है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन,प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा,कार्तिक मुखी, सुनील बान सिंह, दीपक लकड़ा आदि उपस्थित थे।

मंईयां योजना से संबंधित त्रुटि निराकरण के लिए आज से लगेगा कैंप

जमशेदपुर (नव प्रदेश)। उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित त्रुटि निराकरण (जाँच एंव सुधार) संबंधित कैंप का आयोजन 10.00 बजे पूर्वाहन से 05.00 बजे अपराह्न तक 10.12.2024 से अगले आदेश तक अंचल कार्यालय, मानगो, मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय एंव अंचल कार्यालय, जमशेदपुर के साथ-साथ तरूण संघ, शास्त्रीनगर कदमा (रोड न0-4) तथा जोजोबेडा छठ घाट मैदान के पास स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित किया जाएगा। आमजनों से अपील है कि अपने क्षेत्रांतर्गत आयोजित शिविर में निर्धारित समय अवधि में जाँच तथा त्रुटि निराकरण के लिए अवश्य आएं। बता दें कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना अन्तर्गत आनलाइन प्रविष्टि कि प्रक्रिया पूर्व कि भाँति प्रज्ञा केन्द्रों तथा संबंधित अंचल कार्यालय में किया जाएगा।

वाहन जांच अभियान में 6 गाड़ी से वसूला गया जुर्माना, एक बस जब्त

जमशेदपुर (नव प्रदेश)। उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार ओवर लोडिंग बसों के खिलाफ बहरागोड़ा, बरसोल में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ओवरलोडिंग और वाहनों के कागजातों की जांच की गयी। इस दौरान 28 वाहनों के कागजातों की जांच-पड़ताल में एक वाहन का टैक्स बकाया होने पर जब्त किया गया, जब्त बस को थाने को सौंप दिया गया। जबकि 6 बसों से लगभग ?49, 500 जुमार्ना वसूला गया। जांच के दौरान ओवरलोडिंग के अलावा वाहनों के फिटनेस परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण, टैक्स आदि कागजातों की सघनता से जांच की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय के नेतृत्व में जिला मोटर यान निरीक्षक सूरज हेंब्रम ने अभियान चलाया। मोटर यान निरीक्षक हेंब्रम ने 12 बजे से 5 बजे तक अभियान चला उन बसों को पकड़ा जिनके छत पर यात्री और काफी सामान लदा हुआ था। सड़क सुरक्षा को देखते हुए जिला परिवहन विभाग की ओर से यह अभियान चलाया गया। मोटरयान निरीक्षक ने यात्री वाहन संचालकों को ओवरलोडिंग नहीं करने अन्यथा जांच के क्रम में पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई और जुमार्ना वसूलने की चेतावनी दी है।

पिलका में 20 युवाओं ने किया रक्तदान



जमशेदपुर (नव प्रदेश)। आदिवासी मार्शल समिति निश्चितपुर और नई जिंदगी परिवार के संयुक्त प्रयास से पहली बार मंझारी प्रखण्ड के पिलका गाँव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से पी० एम० अपग्रेडेड उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मझगाँव विधायक श्री निरल पूर्ती ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्धाटन किया। इस शिविर में कुल 40 युवाओं ने पंजीयन कराया मगर सिर्फ 20 लोग ही रक्तदान के योग्य पाए गए। सभी रक्तदाताओं को विधायक श्री निरल पूर्ती ने प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ साथ अंग वस्त्र एवं विशेष रूप से उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं जमशेदपुर निवासी ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर राजेश मार्डी ने अपने जीवन में कुल 76वां बार रक्तदान कर कोल्हान प्रमंडल के गौरव बने हुए हैं। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से मंझारी प्रमुख सुशीला बारी, उप प्रमुख दमयंती बिरुवा, पिलका पंचायत की मुखिया विनिता मार्डी, छोटे कुंटिया, श्रीराम सोरेन, चंद्र मोहन बिरुवा, अनिल कुमार चांपिया, सोमरा हेम्ब्रम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

सीसीएल एडीओ सीएम के अमलो परियोजना में मनाया गया वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह

सुरक्षा नियमों का हर हाल में करें पालन : मनोज

नव प्रदेश संवाददाता

फुसरो (बेरमो)। सीसीएल ढ़ोरी एरिया के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना में 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। समारोह में सीसीएल के रजरप्पा परियोजना की टीम ने अमलो खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कोल इंडिया के कॉर्पोरेट गीत गाकर, दीप प्रज्वलित और सुरक्षा की शपथ लेकर किया गया। परियोजना पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अमलो परियोजना की संक्षिप्त जानकारी दी। निरीक्षण दल के पदाधिकारियों ने खान सुरक्षा को लेकर कई तरह की जानकारी दी। इसके बाद माइंस रेस्क्यू स्टेशन अमलो के कर्मियों ने एयर पोलोशन पर आधारित सुरक्षा नाटक प्रस्तुत किया। वहीं परियोजना के दर्जनों संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को बेहतर कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह में जीएम प्रोडक्शन मनोज कुमार पाठक ने कहा कि यहां पर सुरक्षा नियमों का पूर्णतया पालन किया जाता है। एएडीओसीएम की यह कोयला खदान पूरी तरह से अपग्रेड मोड पर चल रही है। आईएसओ वी पी सिंह और एरिया सेफ्टी आफिसर मनोज कुमार और कन्वेयर रजरप्पा पीओ आर के सिंह ने कहा कि सुरक्षा नियमों के एसओपी को हर हाल में पालन किया जाना जरूरी है। कलाकार जयप्रकाश चौहान की टीम द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। संचालन अशोक कुमार सरकर और धन्यवाद ज्ञापन मैनेजर मुनिनाथ सिंह ने किया। समारोह में खान निरीक्षण दल में मैनेजर चन्द्रशेखर आजाद, पीई नितिश बराल व कमलेश प्रसाद, सर्वेयर विजय कुमार, वर्क मैन इंस्पेक्टर राकेश रोशन व संजीत कुमार के अलावे ढ़ोरी क्षेत्र के एसओ सिविल मनोज कुमार साह, एफएम संजय सिंह, पीई एक्स एस सी सिंहा, पीई ईएंडएम मोहम्मद अकबर आलम, सेफ्टी आफिसर अतुल कुमार सहित यूनियन के सदस्यो मे गणेश मल्लाह, धीरज पाण्डेय, जयराम सिंह, जयनाथ मेहता, आनंद विश्वकर्मा, किशुन नायक, सिनियर ओवरमैन अमरेंद्र कुमार, जितेंद्र चम्पिया सहित कामगार उपस्थित थे।

एक नजर

कॉमरेड भीमलाल महतो की स्मृति सभा का हुआ आयोजन

चास (नव प्रदेश)। चन्दनकियारी प्रखंड के आमडीहा प्राथमिक विद्यालय परिसर में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के बोकारो जिला कमिटी के चन्दनकियारी लोकल कमिटी के सदस्य कॉमरेड भीमलाल महतो का आयोजन किया गया। स्मृति सभा का अध्यक्षता एसयूसीआई (सी) चंदनकियारी लोकल कमिटी के सचिव डॉ गोपाल महतो ने किया व संचालन डॉ निमाई गोराई ने किया स्मृति सभा में सर्वप्रथम कामरेड की स्मृति में एक मिनट का मन धारण किया गया उसके बाद उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। सभा में उपस्थित ग्रामीणों तथा उपस्थित साथियों ने बड़ी बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर कॉमरेड भीमलाल महतो के पुत्र ज्ञानेंद्र महतो, पत्नी गीता देवी, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के नेता कॉमरेड रामलाल महतो, डॉ. गोपाल प्रसाद महतो, डॉ निमाईं गोराई, नित्यानंद महतो, सुफल महतो, शिबुलाल महतो, धरम महतो, सुधीर गोप, कमल प्रसाद महतो, राजू रजवार, खगेन हंसदा, आनंद महतो, कालीपद महतो आदि मौजूद रहे।

सड़क दुघर्टना में युवक की मौत, आक्रोशितों ने किया एनएच किया जाम

बोकारो (नव प्रदेश)। बोकारो के बालीडीह सड़क दुघर्टना में रवि वर्णवाल नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना आज दोपहर की बताई जा रही है। मृतक रवि वर्णवाल बालीडीह नरकरा क्षेत्र स्थित एनएच 23 का रहने वाला था। मौत से नाराज मृतक के परिजनों व स्वजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच 23 जाम कर दिया। जिसके बाद फोरलेन की दोनों सड़कों पर वाहनों की कतार लग गई।घटना की सूचना मिलने के बाद बालीडीह थाना पुलिस सड़क जाम पर बैठे परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। बताया जाता है कि रवि वर्णवाल बियाडा क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। अपनी अपाची बाइक से ड्यूटी जा रहा था इसी दौरान एनएच 23 पर जैनामोड़ की ओर से तेज रफ्तार से आ रही फोर्च्यूनर कार ने बालीडीह पेट्रोल पंप के निकट, उसे अपनी चपेट में ले लिया।कार की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाइक के साथ दुर्घटना के बाद भी कार फोरलेन के दूसरी सड़क पर जंप कर जा पहुंचा, जहां एक वाहन ने ऑटो को भी चपेट में ले लिया। घायल ऑटो चालक सहित लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं इस घटना में घटनास्थल पर ही रवि की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा के बाद फॉर्च्यूनर कार का चक्का ब्लास्ट कर गया। कार सवार को भी थोड़ी बहुत चोट लगी है। बालीडीह थाना पुलिस कार को थाना ले गई। बताया जाता है कि आज रवि के नानी का दशकर्मा श्राद्ध है। इसी बीच रवि वर्णवाल की दर्दनाक मौत से पूरा परिवार सहम उठा। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय ग्रामीणों तथा परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है।

सोनिया गांधी एक महान महिला : अक्षय पाण्डेय

बोकारो (नव प्रदेश)। सोमवार को युवा कांग्रेस बोकारो के द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी जी की जन्मदिन पर 'उत्कृष्ट सेवा दिवस' के तहत चास में केक काट कर लोगो के बिच में मिठाई और जरुरतमंद लोगो के बिच कंबल बाटा गया मौके में उपस्थित युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सौरव शर्मा ने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, और समावेशी विकास की चैंपियन, उनके दृष्टिकोण ने लाखों वंचित लोगों के उत्थान और भारत के कल्याणकारी राज्य को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बोकारो विधानसभा अध्यक्ष अक्षय पाण्डेय ने कहा सोनिया गाँधी एक महान महिला है जो अपने पति की हत्या के बाद, जब उनको कांग्रेस नेताओं ने पार्टी का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। पार्टी की ओर से बहुत अनुरोध करने के बाद वह 1997 में राजनीति में शामिल होने के लिए सहमत हुईं; अगले वर्ष, उन्हें पार्टी अध्यक्ष के लिए नामित किया गया । उनके नेतृत्व में, कांग्रेस ने 2004 और 2009 में प्रचंड जीत हासिल किया अन्य केंद्र-वाम राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करके सरकार बनाई । गांधी को तब से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है , मौके में उपस्थित उपाध्यक्ष - सौरभ शर्मा ,महासचिव मिलन मंडल ,सचिव बिनीत सिंह, सचिव अभिषेक राय ,सुमंत राय चास प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार ,सीमांत सिंह,बिपिन सिंह, अभय मिश्रा, शम्भु पाण्डेय मौजूद थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया सोनिया गांधी का 78वां जन्मदिवस

बोकारो (नव प्रदेश)। जिला कांग्रेस कार्यालय दुदीबाग में बोकारो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में नारी शक्ति की सशक्त आवाज पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल के चेयरपर्सन आदरणीय सोनिया गांधी का 78वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यकताओं ने केक काटकर और मिष्ठान वितरण कर उन्हें बधाई दिया। इस अवसर पर सैकड़ो असहाय, जरूरतमंदों लोगों के बीच कम्बल वितरण कर उनके दीघार्यु की कामना किया गया। मौके पर गुप्ता ने सहृदय ईश्वर से कामना करते हुए कहा कि त्याग की प्रतिमूर्ति,नारी शक्ति की सशक्त आवाज, कांग्रेस संसदीय दल के चेयरपर्सन आदरणीय सोनिया गांधी आप स्वस्थ रहे,दीघार्यु हो हम सभी का मार्गदर्शन बने रहे। इस मौके पर अशोक मिश्रा,कमरुल हसन,प्रेम पासवान, जीतेन्द्र यादव,नजीर अहमद, रेनू देवी सहित कई लोग शामिल रहे।

स्ट्रीट लाइट की व्यस्था होगी दुरुस्त : अपर नगर आयुक्त

◆ शहर को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त कराने हेतु वह उनका सहयोग करें

नव प्रदेश संवाददाता

चास। नगर निगम कार्यालय के सभागार में अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार अध्यक्षता में नगर निगम के पदाधिकारी व कर्मियों के बीच शहर की बिजली व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। साथ ही बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने तथा शहर के स्ट्रीट लाइट को ठीक करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इसके लिए खराब पड़े बंद लाइटों की सूची उनकी मरम्मती तथा बेकार पड़े लाइटों के जगह नए लाइट लगाने का भी निर्देश दिया गया। स्ट्रीट लाइट से संबंधित एजेंसी को उसके रख - रखाव को दुरुस्त करने तथा तकनीति समस्या को अविलंब दूर करने का भी निर्देश जारी किया। अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु निरंतर अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि शहरवासियों को अतिक्रमण मुक्त करना हमारी प्राथमिकता ही नहीं बल्कि हमारी जवाबदेही भी है और इसे निरंतर चलाना होगा। साथ ही शहर वासियों से अपील भी किया है कि शहर को स्वच्छ तथा कचरा मुक्त कराने हेतु वह उनका सहयोग करें। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, जयपाल सिंह मुंडा, स्ट्रीट लाइट से जुड़े संबंधित अधिकारी नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक तथा अन्य सभी कर्मी मौजूद थे।

छह वर्ष के मासूम को आज्ञात हत्यारे ने कुल्हाड़ी से की हत्या

नव प्रदेश संवाददाता

नावाडीह (बेरमो)। नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पेंक-नारायणपुर थाना स्थित बरई पंचायत के हरलाडीह निवासी विनोद महतो के 06 वर्षीय पुत्र देवदास कुमार को आज्ञात हत्यारे ने कुल्हाड़ी की धार से मौत का घाट उतार दिया। घटना रविवार की शाम का है। मृतक की मां रूकमणी देवी ने बतायी कि मैं अपने पुत्र के साथ अपनी नेयहर कोठी (मुंगोरंगामाटी) आयी थी कि कौन दुश्मनवें हमर बेटवा के माइर देइयलो गे मेइया। भाकपा नेता नुनूचंद महतो ने बताया कि घटना निंदनीय है, हत्यारे के प्रति जितना भी निंदा की जाय कम है। बच्चा भगवान का रूप होता है और ऐसे मासूम बच्चें पर हत्या करना घोर निंदनीय है। घटना की सुचना मिलते ही स्थानीय थाना प्रभारी अनिल लिंडा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचाकर शव को अपने कब्जे ले पोस्टमार्डम के लिए तेनूघाट भेंज दिया है। इधर पेंक - नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने हत्यारे को चिन्हित कर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेंजने की बात कही है । साथ ही कहा कि सुरंग मिलने की आसार बढ़ गयी है।

भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को सभी अंचलाधिकारियों (सीओ) के साथ बैठक किया। बैठक में अंचल अधिकारियों के कार्यालय में लंबित भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रत्येक सप्ताह के सोमवार बुधवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों के दाखिल - खारिज (म्यूटेशन) संबंधित मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा अपने-अपने पंचायत में शिविर लगाकर लोगों के जमीन संबंधित मामलों के निष्पादन का अंचल अधिकारियों को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभाष द्वत्ता एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

इंसानी खिदमत से बड़ा कोई इबादत नहीं इनके दर्द में शामिल होना ही धर्म है : मुमताज अली

नव प्रदेश संवाददाता

बोकारो। गरीबों, कमजोरों, मजबूरों, बेसहारों के दर्द में शामिल होना मेरे लहू का हिस्सा है। ये बातें समाजवादी पार्टी के नेशनल स्टार कैंपेनर मुमताज अली ने बोकारो में गरीबों के बीच कंबल बांटते हुए कही। हर साल दिसंबर से जनवरी तक ठंड में कंबल वितरण कार्यक्रम मुमताज अली के द्वारा चलाया जाता है। झारखंड बिहार बंगाल महाराष्ट्र कर्नाटक में यह कार्यक्रम हर साल चलाई जाती है और गरीबों के दर्द का एहसास किया जाता है। मुमताज अली ने कहा कि गांधी नेहरू पटेल मौलाना आजाद का देश आज एक वक्त की रोटी और तन पे कपड़ा सर पे छत के लिए तरस रहा है ।गर्मी में गरीब झुलसता है बरसात में गरीब टपकते हुए झोपड़ी में रहने को मजबूर होता है ठंड में गरीब ठिठुरता है ये हमारे मुल्क की हकीकत है। एक तरफ मुल्क के दौलत वालो के लिए महलो को सजाने की कबायद हुकूमत करती है बड़े घरानों के लिए मुल्क कायदे कानून गुलाम की तरह काम करती है ।मगर गरीब कमजोर लाचार बेसहारों के लिए हुकूमत और कानून के पास न तो आंख है न तो कान है न कोई चिंता है न कोई योजना है। मुमताज अली ने कहा कि जिस देश में आधी आबादी रोजी रोटी कपड़ा और मकान के लिए सड़क पे इंकलाब की आवाज बुलंद करता हो उस देश के हुक्मरान खुद को भगवान साबित करने में लगा है। ये कैसा मजाक है।

उन्होंने कहा कि कभी हमारा मुल्क सारी दुनियां को रोटी देती थी। कभी हमारा मुल्क सारे जहां को सुख शांति का सन्देश देता था। मुमताज अली ने कहा कि हर साल मै 5 राज्य में गरीबो के बीच कंबल वितरण ठंड में करता हूं। दिसंबर से जनवरी तक यह सिलसिला चलाता हूं। इस बार भी 30 नवंबर से ही कंबल वितरण कार्यक्रम चला रहा हूं। मुमताज अली ने कहा कि जितनी खुशी हमे इन गरीबो के चेहरे पे मुस्कान देखकर होती है।

प्रदूषण की रोकथाम के लिए अधिवेशन 21 को

पिछरी (बेरमो)। पिछरी स्थित पुराना पंचायत भवन में सूरज महतो की अध्यक्षता में झारखंड ओवरलोड छाई, कोयला एवं वायू प्रदूषण नियंत्रण समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग में हाईवा वाहन द्वारा ओवरलोड कोयला व छाई ट्रांसपोर्टिंग से होने वाले वायू प्रदूषण की रोकथाम के लिए विचार विमर्श किया गया। समिति अध्यक्ष सुरज महतो ने कहा कि रोजाना सैकड़ो हाईवा वाहन से छाई व कोयला का ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है जिससे इस मार्ग में पड़ने पिछरी, तांतरी, मानगो, तुपकाडीह आदि गांवों के ग्रामीण प्रदूषण के चपेट में आकर बीमार हो रहे हैं इस गंभीर समस्या के निदान के लिए ठोस कार्रवाई करना आवश्यक है। कहा कि करगली गेट स्थित महिला मंडप में आगामी 21 दिसंबर को एक दिवसीय अधिवेशन किया जाएगा जिसमें वायु प्रदूषण के खिलाफ अगली रणनीति बनाई जाएगी। कहा कि समिति का विस्तार कर आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जाएगी। मौके पर महासचिव मंतोष सोरेन, कोषाध्यक्ष राम भजन लायक, धनेश्वर महतो, मुकेश सिंह, जगेश्वर नायक, सदानंद कुमार, महादेव रविदास आदि मौजूद थे।

बीडीओ व सीओ ने संयुक्त रूप से अबुआ आवास के लाभुक को कराया गृह प्रवेश

आईईएल। गोमिया प्रखंड के अंतर्गत खम्हरा पंचायत स्थित रविदास टोला में अबुआ आवास योजना का गृह प्रवेश गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो, अंचल अधिकारी आफताब आलम, मुखिया बंटी उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं इस दौरान उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना पर तेज गति से कार्य किया जा रहा है पंचायत के संबंधित मुखिया को अबुआ आवास से संबंधित लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया है ताकि ससमय निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा सके तत्पश्चात प्रखंड क्षेत्र में काफी संख्या में अबुआ आवास योजना का कार्य लगभग अंतिम चरण में है जिसका गृह प्रवेश बहुत ही जल्द कराया जाएगा। वहीं इस दौरान मौके पर उपस्थित ससबेड़ा पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पिंटू पासवान, रोजगार सेवक विनय गुरु, खुलेश्वर महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार, गुलाम सरवर, दिनेश रविदास सहित कई लोग शामिल थे।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

अबुआ आवास के लाभुकों को कराया गृह प्रवेश

नव प्रदेश संवाददाता

गोमिया। झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद रविवार को गोमिया प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो व सीओ आफताब आलम ने मंत्री जी का स्वागत व अभिनंदन किया। कल्याण विभाग के उन्नति का पहिया योजनांतर्गत स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। प्रखंड के चतरोचट्टी, सीधावारा, कर्री व होसिर मध्य विद्यालयों के कक्षा आठवीं के छात्राओं के बीच उन्नति का पहिया योजना के तहत साइकिलों का वितरण हुआ। मंत्री जी ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत बाबू की दूरदर्शी सोच का नतीजा है की आज बेटियों के जन्म बाद से पढ़ाई लिखाई से लेकर शादी होने तक विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिए मदद और लाभ दिया जा रहा है,मंत्री श्री योगेंद्र प्रसाद स्वांग दक्षिणी और खम्हरा पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत बने अबुआ आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शामिल हुए। फीता काटकर लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। उन्होंने संबंधित लाभुकों को बधाई भी दी और कहा की लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत जी की अगुवाई में हर तबके के गरीबों से लेकर माध्यम वर्ग तक के लोगों को विभिन्न योजनाओं के जरिए लाभान्वित कर सहूलियतें पहुंचाई जा रही है। इससे पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोमिया में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान को शुरू कराया। उन्होंने आमजनो से अपील किया कि अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित बूथों पर पहुंचकर पोलियो की दवा जरूर पिलाएं। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजकिशोर मिश्रा,पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेश कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी, उपाध्यक्ष अमित पासवान,खम्हरा पंचायत के मुखिया बंटी उरांव, मुखिया रीना सिंह,मुखिया शांति देवी, मुखिया तेजलाल महतो, मुखिया पार्वती देवी,पूर्व प्रखण्ड प्रमुख गुलाबचंद हांसदा, समाजसेवी पिंटू पासवान,धनंजय सिंह,शंभू यादव,पंचायत सचिव राधा कुमारी, घनश्याम महतो, रोजगार सेवक,खुलेश्वर महतो, विनय गुरु, संतोष साव, विशाल जयसवाल, रणधीर पांडे सहित कई लोग मौजूद थे।

मौसम ने ली करवट, कोयलांचल में बारिश से तापमान में गिरावट

नव प्रदेश संवाददाता

फुसरो (बेरमो)। बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में सोमवार सुबह लगभग नौ बजे रिमझिम बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट आई। बदले हुए इस मौसम के मिजाज से प्रदेश में ठंढ और कंपकपी भी बढ़ गयी है। इसे लेकर पूर्व में ही अलर्ट जारी किया गया था वहीं मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार सुबह से ही झारखंड में कई इलाकों में बारिश दर्ज की गयी है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं कई इलाकों में बारिश की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि 9 दिसंबर को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों में बारिश के आसार हैं. वहीं आईएमडी ने गढ़वा, लातेहार, पलामू और चतरा में वज्रपात होने की संभावना जतायी है। इसको लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।

15 दिसंबर के बाद से और बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग के मुताबिक, कल मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाये हुए रहेंगे। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास होगा। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 15 दिसंबर के बाद से ठंड और बढ़ेगी।

उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया पदभार ग्रहण

बोकारो। विधानसभा सत्र में शामिल होने के ठीक पहले नवनियुक्त उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रांची के न्यू पुलिस लाइन के सामने स्थित विभाग के कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया , इस अवसर पर विभाग के सचिव मनोज कुमार एवं उत्पाद आयुक्त सह प्रबंध निदेशक जे एस बी सी एल के अमित प्रकाश आदि ने मंत्री श्री प्रसाद का बुके भेंटकर और अपने अपने परिचय के साथ स्वागत किया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने अधिकारियों से आवश्यक जानकारियां प्राप्त की और पदभार ग्रहण करते ही कई जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किया है। उन्होंने राजस्व प्राप्त के लक्ष्य और अब तक के कलेक्शन पर चर्चा की और लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का सख्त निर्देश भी दिया है।

मधुपुर में सीरियल बम ब्लास्ट से दहशत, बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

नव प्रदेश संवाददाता



मधुपुर। मधुपुर थाना क्षेत्र के लखना मोहल्ला, पोखरिया, और डोभा गढ़ा इलाके में कल रात को हुए तीन जगहों पर बम धमाकों ने इलाके में सनसनी फैला दी। घटना रात करीब 8:30 बजे की है, जब बाइक पर सवार अज्ञात बदमाशों ने प्रवीण नर्सिंग होम, नौशाद अंसारी के घर और नीलू देवी के घर के पास बम फेंके। एक के बाद एक धमाकों से पूरा क्षेत्र दहशत में आ गया। पहला धमाका प्रवीण नर्सिंग होम की दीवार के पास हुआ। तेज धमाके की आवाज से लोग सकते में आ गए। अभी लोग समझ ही रहे थे कि दूसरा धमाका 200 मीटर दूर नौशाद अंसारी के घर के पास हुआ। नौशाद अंसारी के गेट पर बम फेंकने से उनके घर का दरवाजा टेढ़ा हो गया और चारों तरफ धुआं फैल गया। इसके बाद तीसरा धमाका पोखरिया के नीलू देवी के घर के पास हुआ।घटना के बाद मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। ठंड के मौसम में लोग अपने-अपने घरों में थे, लेकिन धमाकों की आवाज सुनकर लोग बाहर निकल आए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से सुतली बम के लोहे के टुकड़े और एक जिंदा बम बरामद किया है। एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद और थाना प्रभारी त्रिलोचन तामसो घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। पुलिस का कहना है कि यह हरकत इलाके में दहशत फैलाने के मकसद से की गई है। एक चश्मदीद ने बताया, हम घर में बैठे थे, अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी। बाहर निकले तो देखा दरवाजा टेढ़ा हो गया था और चारों ओर धुआं ही धुआं था। कोई बाइक से तेजी से निकलता हुआ दिखाई दिया।₹ पुलिस ने कहा कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। घटना के बाद से स्थानीय लोग सहमे हुए हैं। पुलिस लगातार इलाके में गश्त कर रही है और मामले की तहकीकात में जुटी है। यह घटना बताती है कि अपराधी किस हद तक जाकर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। पुलिस पर अब दबाव है कि जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ा जाए और इलाके में सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

कांग्रेस ने सोनिया गांधी का मनाया जन्मदिन

नव प्रदेश संवाददाता

देवघर। देवघर जिला कांग्रेस कमिटी ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी का 78 वां जन्मदिन मनाया। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर अपने नेता के जन्मदिन पर केक काटा और मिठाइयां बांटी। बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने अपने नेता के जन्मदिन टर शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि आदरणीय सोनिया गांधी एकता एवं सद्भाव की प्रतिक हैं। जिन्होंने अपने सुहाग के साथ अपने परिवार को देश के खातिर कुबार्नी झेली है। हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों की सच्ची समर्थक ओर बड़ी साहसी नेता हैं। उनके जन्मदिन पर हम सभी उनके अच्छे स्वास्थ्य के साथ उनकी दीघार्यु की मंगल कामनाऐं करते हैं। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने सोनिया गांधी के कार्य एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोनिया जी त्याग एवं समर्पण की प्रतिमुर्ति हैं। जो सक्रिय राजनीति में रहते हुए प्रधानमंत्री जैसे पद का त्याग किया। आज उन्हें देवघर जिला कांग्रेस परिवार से हार्दिक बधाई और शुभकामनाऐं देते हैं। इस दौरान प्रदेश सचिव राजेंद्र दास, महासचिव-सह-प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल,जिला पदाधिकारी रवि गुप्ता, मकसूद आलम, मुकुंद दास, राघवेन्द्र झा, मीना तुरी, युवा जिलाध्यक्ष कुमार राज, चंदन कुमार, राजा साहिल, धर्मेंद्र सिंह, पियूष झा, सूरज सिंह, डॉ अरुण सिंह, सिराज अंसारी, अरबाज अंसारी, सुरेश सिंह, दिवाकर राज, अमूल्य राय, राजू तुरी, अर्जुन राउत आदि दर्जनों मौजूद थे।

पुलिस की वर्दी में आए अपराधियों ने मचाया तांडव, गोलीबारी से क्षेत्र में दहशत

नव प्रदेश संवाददाता

मधुपुर। करौ थाना क्षेत्र के पहरदाहा गांव में बीते रात्रि 7बजे आसपास पुलिस के वर्दी में आए अपराधियों द्वारा तांडव मचाया रात्रि में अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ गोली चला कर थाना क्षेत्र में दहशत फैला दिया है जिससे लोग डरे सहमे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहरदाहा गांव में प्रदीप चौधरी के घर में ताबड़तोड़ गोली चलाई जाने से प्रदीप चौधरी का पैर में गोली लगा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है वही अपराधियों द्वारा गोली से घायल प्रदीप चौधरी को जबरन पड़कर अपने साथ ले जाना चाह रहे थे जिसका प्रदीप चौधरी द्वारा ताकत लगाकर रोकने का प्रयास किया गया जिसके फल स्वरुप उसको ले नहीं जा पाया वहीं थाना क्षेत्र के ही नागादेरी गांव में बलदेव पंडित के घर में अपराधियों ने घर मैं घुसकर एक महिला को हथियार सटाकर बक्सा खुलवाया और बक्सा में रखे जेवरात सहित अन्य सामान लेकर चलते बने! दोनों जगह के घटना में अपराधी आधा दर्जन की संख्या में थे और पुलिस वर्दी पहने हुए थे अपराधियों द्वारा एक सफेद रंग का चार पहिया वाहन में सवार होकर पहुंचे हुए थे पुलिस द्वारा घटनास्थल पर 6 गोली का खोखा बरामद किया है! रात्रि में सूचना पाते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मधुपुर सत्येंद्र प्रसाद एवं सारठअनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जायज लिया बेखौफ अपराधियों द्वारा थाना क्षेत्र के इन दोनों गांव में दिए गए इस प्रकार के घटना को अंजाम दिए जाने से लोगों में भय एवं दशक का माहौल बना हुआ है' लोगों ने इस क्षेत्र में रात्रि में पुलिस बल तैनात किए जाने का मांग प्रशासन से किया है! बताया जाता है कि आपको राधिका द्वारा घटना को अंजाम देकर सीमावर्ती मागोमुंडा थाना क्षेत्र की ओर भाग निकले! समाचार लिखे जाने तक गोली से घायल प्रदीप चौधरी के सभी परिजन देवघर चले जाने के कारण थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाया है' प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ही घटना के विषय में विशेष जानकारी मिल पाएगा।

रंगलिया में बाल संसाधन केंद्र का हुआ शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

दुमका। सोमवार को झारखंड की उपराजधानी दुमका जिले के रानीश्वर प्रखंड के रंगलिया में बाल संसाधन केंद्र का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा और रंगालिया पंचायत के मुखिया जीशु बास्के की उपस्थिति में किया गया। आपको बताते चले जबाला कई वर्षों से रानीश्वर प्रखंड और शिकारीपाड़ा में कार्य कर रही है। जबाला का मुख्य कार्य बाल विवाह को रोकना , ड्रॉप आउट बच्चे को पुनः दाखिल करना और इसके साथ साथ सिलाई , कंप्यूटर आदि की शिक्षा दिया करता। आज के कार्यक्रम में दिल्ली से आई जबाला के संगठन निर्देशक ने रानीश्वर की बच्चे से मिलकर काफी आनंदित हुए। आज के कार्यक्रम का संचालन जाबाला एक्शन रिसर्च संगठन द्वारा किया गया। संगठन की निदेशक सुश्री बैताली गांगुली जबाला के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चे और गण मान्य व्यक्ति के पास रखा। इसके साथ-साथ दिव्या मुकुंद और डॉ. दुर्बा बंद्योपाध्याय तथा अन्य जाबाला प्रतिनिधि भी मौजूद थे।आपको बताते चले जबाला के द्वारा हर तीन महीने में हितधारकों और बच्चों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी और बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना तथा उनमें भागीदारी और आत्मविश्वास का निर्माण करना जारी रखा जाएगा और आज के कार्यक्रम सफल बनाने के लिए गांव से लड़के-लड़कियों जमकर भागेदारी लिया। जिसमें 80 से ज्यादा बच्चे मौजूद थे उन्होंने गांव के लिए सबके सामने कुछ मांगें भी रखीं। इसी तरह जबाला अपना नीति को गांव गांव फैलाने का प्रयास कर रही है। बच्ची को आत्म निर्भर बनाने का प्रयास कर रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

मधुपुर। मधुपुर स्टेशन के निमार्णाधीन फ्लाईओवर ब्रिज के निकट एक हृदयविदारक घटना घटी, जहां 38 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। यह खबर जैसे ही फैली, माहौल गमगीन हो गया। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना के एसआई दिवाकर चौधरी, एएसआई रवि टुडू, आरक्षी मुकेश दास, दिवाकर दास और आरपीएफ के एएसआई बीके पांडे व रामा शंकर प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर पंचनामा तैयार किया।रेल थाना प्रभारी कर्तिक कुमार महतो ने बताया कि मृतक की पहचान अमृत राणा (38), निवासी रामपुर खरजोरी, मारगोमुंडा थाना, देवघर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी पाकर मृतक के स्वजन भी वहां पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के हवाले कर दिया गया। इस दुखद घटना के बारे में प्रभारी ने कहा, घटना स्थल पर अवैध रूप से लोगों की आवाजाही होती रहती है। ऐसा लगता है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान कोई अज्ञात ट्रेन युवक को चपेट में ले गई। बताया गया कि मृतक मधुपुर बाजार दवा लेने आया था। युवक के परिवार में उसकी पत्नी, दो बेटे और दो बेटियां हैं। घटना के बाद परिवार का हाल बेहाल है—हर कोई रो-रोकर बेसुध है! जीआरपी ने स्वजनों के बयान पर यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे इलाके के लिए गहरी चोट की तरह है। रेलवे ट्रैक पर इस तरह की दुर्घटनाएं समाज के लिए चेतावनी हैं कि सुरक्षा नियमों का पालन करना कितना जरूरी है।

बेंगाबाद में बारिश से खलिहान में रखे धान के बोझे भींगे, ठंड से बढ़ी कनकनी

नव प्रदेश संवाददाता

बेंगाबाद। बे मौसम बारिश का असर बेंगाबाद में भी देखा गया! सोमवार को दिन दोपहर तक रुक-रुक के बारिश होती रही। यहां रविवार देर रात से ही मौसम खराब था और अहले सुबह से ही रिमझिम बारिश की वजह से दिनभर सूरज देव के दर्शन नहीं हुए !तापमान में भी कमी आई है ।दिनभर बारिश और ठिठुरन से आम जीवन पर इसका व्यापक असर पड़ा है। ठंडी हवा के साथ हो रही बारिश से अधिकांश लोग अपने घरों से नहीं निकले ।मौसम खराब रहने से रोज कमाने खाने वाले के जीवन पर भी असर पड़ा है। बेमौसम बारिश की वजह से खेती किसानी प्रभावित हुई है ।आज किसानों के सब्जियों व अन्य उपज बाजार तक नहीं पहुंच पाए ।टमाटर गोभी व अन्य सब्जियों की तुड़ाई नहीं हुई जिसमें किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। बारिश से खास कर धान की खेती पर इसका व्यापक असर देखा गया। खलिहान में रखे धान और धान के बोझे भींग गए। धान की कटाई और मैसाई के काम में ब्रेक लग गया। कई किसानों के धान काट कर खेतों में रखे हैं ऐसे में भी खलिहान व घर तक वे अपनी फसल को नहीं ला पाए। बारिश से खेतों में काटकर रखे धान के अटिया व बोझे गीले हो गए हैं और खराब होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। वहीं कई किसानों के खलिहान में रखे तैयार धान पानी में भीग गए हैं ।बे मौसम बरसात से धान की खेती को नुकसान पहुंचा है जिन खेतों में गेहूं की बुवाई हो चुकी है गेहूं के फसल को भी नुकसान पहुंचाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। बे मौसम बारिश से आज दिनभर चौक चौराहा में सन्नाटा पसरा रहा ।हालांकि किसानों ने बताया कि खेतों में लगे आलू मटर टमाटर सरसों व अन्य रवि फसल को इस बारिश से फायदा हुआ है। वहीं मौसम खराब रहने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है।

उपायुक्त ने की विभिन्न मामलों की समीक्षा बैठक

दुमका। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में भू-अर्जन, पथ, एनएचएआईं, रेलवे से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एन.एच.ए.आईं के सभी परियोजना के लिए भू अर्जन का कार्य पूर्ण करते हुए सभी प्रकार के मुआवजा का भुगतान करें एवं निर्धारित समयसीमा में कार्य को पूर्ण करें।कहा कि प्राथमिकता के आधार योजनाओं के कार्य को पूर्ण करने का कार्य करें। इस दौरान जानकारी दी गयी कि एन.एच.ए. आई के 3 परियोजना हेतु विभाग से 1,56,03,09,533.00 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है।पथ परियोजना के 34 परियोजना हेतु विभाग से कुल 2,21,23,95,369.00 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। कॉल ब्लॉक के 4 परियोजना हेतु 38,74,90,009.00 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है।

जिला स्तरीय बैठक : जेंडर हिंसा के खिलाफ जागरूकता और बदलाव की पहल

नव प्रदेश संवाददाता

मधुपुर। मधुपुर प्रखंड सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान 2024 के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन आश्रय संस्था द्वारा किया गया, जिसमें युवा लड़कियों, महिलाओं और विभिन्न सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आश्रय की सचिव दीपा कुमारी ने किया। दीप प्रज्वलन का कार्य अंचल अधिकारी श्री यामुन रविदास, बाल कल्याण समिति के सदस्य देवेंद्र पांडे और उपस्थित किशोरियों ने किया। दीपा कुमारी ने अपने संबोधन में कहा, आज भी भेदभाव किशोरियों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर और विकलांग व्यक्तियों के साथ हो रहा है। इन्हें समान अवसर और सम्मान दिलाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खेल और रोजगार में इन वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। बाल कल्याण समिति के सदस्य देवेंद्र पांडे ने कहा, जेंडर आधारित हिंसा आज भी हमारी सामाजिक व्यवस्था में गहराई से जमी हुई है। हमें इस भेदभाव को खत्म करने के लिए एकजुट होकर कदम उठाना होगा। अंचल पदाधिकारी यामुन रविदास ने कहा, ₹महिलाओं और किशोरियों के बीच जागरूकता बढ़ने से क्षेत्र में बदलाव देखने को मिल रहा है। रोजगार परक शिक्षा के जरिये यह बदलाव और व्यापक हो सकता है। जब महिलाएं और किशोरियां जेंडर आधारित हिंसा को समझेंगी, तभी इसे खत्म किया जा सकेगा। यूनिसेफ के जिला समन्वयक नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा, बाल विवाह, घरेलू हिंसा और अन्य हिंसाएं कहीं न कहीं जेंडर आधारित भेदभाव का परिणाम हैं। हमें इन मुद्दों पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां इनसे मुक्त रह सकें। इस अवसर पर निवेदिता नटराज, सलवंती (महिला पर्यवेक्षिका), चाइल्ड लाइन के सुजीत और रंजीत, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की मंजू एक्का, और आश्रय संस्था से रेखा देवी एवं दिलीप कुमार यादव सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। यह बैठक जागरूकता और सामूहिक प्रयास के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी गई।

एक नजर

समस्याओं का दस दिन में समाधान नहीं होने पर अनवरत आंदोलन की चेतावनी

देवघर (नव प्रदेश)। झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र ने सिविल सर्जन देवघर को पत्र लिखकर लंबित समस्याओं का दस दिन में समाधान नहीं होने पर अनवरत आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि संघ के द्वारा लगातार आवेदन देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं करने से कर्मचारी आक्रोशित हैं। प्रमुख मांगे स्थानांतरण के बाद भी बारह वर्ष से सिविल सर्जन कार्यालय में रहकर लेखा सहित आउट सोर्सिंग जैसे कर्मचारी हितों के संचिका का प्रभार रख कर मनमानी करने वाले मनीष कुमार सिंह सहित अन्य को पदस्थापित स्थान पर भेजा जाय या फिर सभी स्थानांतरित कर्मियों को वापस किया जाय। दस वर्ष से अधिक सेवा देने वाले कर्मचारियों को जरूरत के अनुसार सेवा संपुष्टि करते हुए सेवा पुस्तिका में सेवा संपुष्टि दर्ज कर, ए सी पी का लाभ एवं नियमावली के अनुरूप प्रोन्नति का लाभ दिया जाय।ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवा निवृत्ति नजदीक है, गंभीर रूप से बीमार हैं, पति/अभिभावक की मृत्यु हो गयी है या अन्य परेशानी है और कई बार अभ्यावेदन दिया है तो उनके आवेदन पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाय। कर्मचारियों के आवासन हेतु निर्मित आवास में विधि वत रह रहे कर्मचारियों से जबरन आवास नहीं खाली कराया जाय और अवैध कब्जा को खाली कराया जाय। पारा मेडिकल के इंटर्नशिप के छात्रों को चार महीने से बकाया मानदेय का भुगतान अविलंब किया जाय। आंदोलन के तिथि की घोषणा दिनांक 15/12/24 को आयोजित संघ के बैठक में की जायेगी।

त्रिलोचन शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में गूंजी भावनाओं की गूंज



मधुपुर (नव प्रदेश)। स्थानीय राहुल अध्ययन केंद्र में प्रसिद्ध आधुनिक कवि त्रिलोचन शास्त्री की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुई। जलेस के प्रांतीय सह सचिव एवं कलमकार धनंजय प्रसाद ने कहा, त्रिलोचन शास्त्री आधुनिक हिंदी प्रगतिशील काव्यधारा के स्तंभ थे। छायावाद के बाद की पीढ़ी में त्रिलोचन जैसा शास्त्रज्ञ कवि मिलना दुर्लभ है। उन्होंने हिंदी साहित्य में 'सॉनेट' की परंपरा की शुरूआत की और अपने लेखन से साहित्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने आगे कहा, त्रिलोचन के तीन प्रमुख काव्य संग्रह – गलती, गुलाब व बुलबुल, और दिगंत आज भी साहित्य प्रेमियों के बीच अत्यंत प्रासंगिक हैं। साहित्य अकादमी सम्मान और मैथिलीशरण गुप्त सम्मान से सम्मानित इस महान कवि को याद करना हमारी जिम्मेदारी है! कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और त्रिलोचन शास्त्री के योगदान को याद करते हुए कहा, उनकी रचनाएं न केवल साहित्य का हिस्सा हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी हैं। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने उनके विचारों और लेखनी से प्रेरणा लेते हुए उन्हें नमन किया।

लेबर वार्ड में परवान पर अवैध वसूली

देवघर (नव प्रदेश)। सदर अस्पताल का लेबर रूम हमेशा सुर्खियों में बना रहता है क्योंकि वहां के जितने भी स्टाफ है सब वहां पर फिक्स हो गए हैं जबकि बाकी वार्ड में स्टाफ का ड्यूटी चेंज होते रहता है सिर्फ और सिर्फ लेबर रूम का ही स्टाफ को चेंज नहीं किया जाता इस सम्बन्ध में तो उच्च अधिकारी भी बताने में असमर्थकता जाहिर कर रहे हैं। जबकि लेबर रूम में अवैध वसूली परवान पर है जिससे मरीज सहिया व दलालों के चक्कर में पड़ जाते हैं वहीं लेबर रूम के बगल में ही एसएनसीयु वार्ड है कभी भी वहां के बारे कोई कंप्लेंन नहीं आता है सदर अस्पताल में बहुत सारे वार्ड हैं कहीं से कोई कंप्लेन नहीं आता है क्योंकि वहां के स्टाफ का हर एक सप्ताह में ड्यूटी चेंज किया जाता है लेकिन सिर्फ लेबर रूम ही है जहां स्टाफ दो-तीन साल से फिक्स है पहले पूरे अस्पताल में एक दो महीने में चेंज होते रहता था लेकिन कुछ सालों से लेबर रूम के स्टाफ को फिक्स कर दिया गया है इसी कारण वहां के स्टाफ का भय खत्म हो गया है और अपनी मनमानी करते आ रही हैं और उच्च अधिकारी भी मुकदर्शक बने रहते हैं और मामले को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

हिला हिंसा पर 'ऑरेंज द वर्ल्ड' अभियान

देवघर (नव प्रदेश)। इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर ने आज आर. मित्रा स्कूल की छात्राओं के बीच 'ऑरेंज द वर्ल्ड' अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को उनकी सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व को समझाया गया। उन्हें यह सिखाया गया कि कैसे अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें और किसी भी विपरीत परिस्थिति में आत्मविश्वास और साहस के साथ सामना करें।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना था ताकि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा या भय का सामना कर सकें। 'चुप्पी तोड़ो' अभियान के तहत सभी छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने में सहायक साबित हुआ।इस अभियान का नेतृत्व इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष अर्चना भगत और सचिव कंचन मूर्ति ने किया, कोषाध्यक्ष ज्ञानी मिश्रा, सरिता रानी, नमिता भगत, मिनी दास, और निशा गुप्ता सहित अन्य सहयोगी सदस्य भी मौजूद थीं। स्कूल की शिक्षिकाओं ने भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और उन्होंने इसे बड़े उत्साह के साथ सराहा।

सरकारी स्कूल में मिलने वाले मध्याह्न भोजन के चावल की हेराफेरी

गावां (नव प्रदेश)। गावां प्रखंड के गांवॉ पंचायत अंतर्गत दोनों सोत प्राथमिक विद्यालय में शाम को 6 बजे मध्याह्न भोजन का चावल वितरण किया जा रहा था। लेकिन गांवॉ बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने ये आरोप लगाते हुए कहा कि गांवॉ एजीएम नियाज उद्दीन अंसारी ने बताया कि सुबह 11 बजे चावल वितरण वाहन को चावल सुपुर्द कर दिया गया था लेकिन विद्यालय में चावल शाम 6 बजे पहुंचाया जा रहा है, क्या चावल रात में विद्यालय पहुंचाया जाता है, इससे ये साफ जाहिर होता है कि विद्यालय में बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन के चावल का हेराफेरी किया जा रहा है। अजय सिंह ने कहा कि हमे ये शक संदेह है कि चावल गोदाम से लेकर वितरण करने वाले सभी अधिकारियों की मिलीभगत से हेराफेरी किया जाता रहा है। और गांवॉ थाना प्रभारी को तत्काल बुलाकर चावल वितरण वाहन के संचालक पर एफआईआर करने की बात कही। खबर लिखे जाने तक गांवॉ थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ वाहन को अपने कब्जे में ले लिया और कहा कि इस मामले की जांच किया जाएगा ।बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि इस तरह से अधिकारियों की मनमानी नहीं चलने दिया जाएगा, बच्चों के हक अधिकार को इस तरह हेराफेरी करने से समाज में गलत संदेश जाता है जिससे हमारे झारखंड सरकार की छवि धूमिल होती है जो हम बीस सूत्री अध्यक्ष होने के नाते कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं एफसीआई गोदाम एजीएम नियाज उद्दीन से फोन पर संपर्क किए लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उसके बाद गांवॉ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भी फोन किया गया लेकिन उन्होंने ने भी फोन रिसीव नहीं किया। दोनों सोत माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष रबीन्द्र यादव ने बताया कि जिस वाहन से मध्याह्न भोजन का चावल आने की सूचना थी ये वो वाहन नहीं है। अब देखना ये है कि इस मामले की जाँच की जाती है या नहीं और दोषी पाए जाने पर ऐसे लोगों पर एफआईआर दर्ज किया जाता है या नहीं।

आईआईटी आइएसएम के 99 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल संतोष गंगवार

प्रधानमंत्री के विकसित भारत लक्ष्य में संस्थान का है महत्वपूर्ण योगदान, महिलाएं भी माइनिंग के क्षेत्र में आगे आये: राज्यपाल

नवप्रदेश संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिले का सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आइआइटी आइएसएम का आज 99 साल हो गया है। संस्थान अपना 99 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष गंगवार शिरकत किये। आईआईटी आइएसएम पहुँचने पर जिला प्रशासन ने राज्यपाल को गॉड ऑफ ऑनर दिया। आईआईटी आई एस एम के डायरेक्टर प्रो. सुकुमार मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर प्रो.धीरज कुमार, डीसी माधवी मिश्रा, एसपी ग्रामीण कपिल चौधरी राज्यपाल का स्वागत किये। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अलावे विशिष्ट अतिथि में कोल इण्डिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं दुगार्पुर बर्नपुर सेल निदेशक विजिंदर प्रताप सिंह उपस्थित हुए।समारोह में संस्थान के समस्त फेकेल्टी, स्टूडेंट्स एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वही राज्यपाल ने पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। संस्थान ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

आईआईटी आइएसएम की स्थापना 9 दिसंबर 1926 को हुई थी संस्थान स्थापना के 100वें साल में कर रहा प्रवेश कर रहा है।

वहीं राज्यपाल ने कहा कि देश के आजादी के पहले से ऐसे संस्थान देश की विकास के लिये कार्य कर रहा है। माइनिंग के क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आये। आइआइटी आइएसएम के 99 वां स्थापना दिवस में आकर अच्छा लगा है।संस्थान को इसके लिये बहुत बहुत बधाई है। बताया कि उनके पुत्र रुड़की आईआईटी में पढ़ रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में आईआईटी आइएसएम का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। माइनिंग में संस्थान अपना योगदान दे रही है। सभी अच्छे से अपनी पढ़ाई करे।

एक नजर

नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव ने ली शपथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

नवप्रदेश (विजय कुमार) चंदवारा: बरही विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव का हुवा शपथ ग्रहण कई लोगो ने दी बधाई। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा है कि बरही -21 की जनता के विश्वास और समर्थन से मुझे यह अवसर मिला है, अतः मेरा प्रण है कि आपके प्रतिनिधि के रूप में आपकी आकांक्षाओं को विधानसभा में पूरी दृढ़ता से प्रस्तुत करूँगा। बताते चले कि बरही विधानसभा क्षेत्र से वे 5वी बार विधायक बने। वही इनके शपथ ग्रहण पर लक्ष्मण यादव,प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी,मुखिया रामदेव यादव,नन्दकिशोर सोनी, विजय मोदी, सुरेश यादव, बिनोद वर्णवाल, बीरेंद्र यादव, आनन्द मोदी, द्वारिका राणा, पिंटू साव, संजय मोदी, समेत कई लोगो ने बधाई दी है।

चंदवारा भाजपा शिष्टमंडल ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर टोल टैक्स के प्रतिनिधि से वार्ता किया

नव प्रदेश (विजय कुमार)चंदवारा: भाजपा चंदवारा का एक शिष्टमंडल हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर मदनगुण्डी टोल प्लाजा के प्रतिनिधि से वार्ता करने पहुंचे। इस दौरान स्थानीय वाहनों को टोल मुक्त करने व रोजगार को लेकर वार्ता हुई। वार्ता के दौरान सभी ने कहा कि गांव में रहने वाले ग्रामीणों को रोज बाजार में खरीदारी करने तथा इसके इर्दगिर्द स्थित स्कूलों में अपने बच्चों को रोज छोड़ने व लेने जाना पड़ता है। स्थानीय लोगो से भी टोल की वसूली होती है ये उनके लिए बड़ी परेशानी है। उनका कहना है कि टोल शर्तों में प्रावधान रहता है कि स्थानीय लोगो से टोल टैक्स की वसूली नहीं की जाएगी। स्थानीय को छूट ओर रोजगार नही मिलने से ग्रामीणों में काफी रोष है। इस दौरान स्थानीय मुखिया रामदेव यादव,भाजपा नेता प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, गौरी शंकर वर्णवाल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

लिपिक सहदेव राम के निधन पर प्रखंड मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता/जयनगर। प्रखंड कार्यालय में सतगावां प्रखंड में पदस्थापित लिपिक सहदेव राम के निधन पर जयनगर प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के द्वारा शोकसभा का आयोजन किया जहाँ दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर प्रार्थना की गयी। कोडरमा चाराडीह निवासी सहदेव राम प्रखंड कार्यालय सतगावां में कार्यरत थे। जिनका इलाज रिम्स रांची में चल रहा था सुबह 7:00 बजे उनका निधन हो गया। शोक सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर गौतम कुमार के अलावा प्रखंड नाजिर तानेश्वर राम, अंचलकर्मी गिरधारी प्रसाद, राकेश राय, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, रवि कुमार, विवेक कुमार, लिपिक संदीप प्रसाद वर्मा, आइजैक जॉन प्रसाद एवं अन्य कर्मी शामिल हुए।

आईएचआईपी एवं वेक्टर बोर्न डिजीज से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता/जयनगर। प्रखण्ड सभागार में सोमवार को बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के बीच आईएचआईपी एवं वेक्टर बोर्न डिजीज से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वहीं महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास चौधरी द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को आईएचआईपी ऑनलाइन प्रतिवेदन से संबंधित तथा विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी तथा विशेष अपील किया गया कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें ताकि होने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियों से आम जनों का बचाव किया जा सके एवं आईएचआईपी पोर्टल में ससमय एंट्री कर तुरंत उचित कार्रवाई की जा सके। मौके पर अविनाश आनंद, शंभू कुमार, थेओदोर सुरीन, शंकर कुमार समेत कई जनप्रतिनिधी मौजूद थे।

झामुमो नगर दीपक विश्वकर्मा के पहल से माँइयाँ योजना फॉर्म में हो रहा सुधार

नव प्रदेश संवाददाता/ कोडरमा। ज्ञात हो कि दो दिन पहलें झामुमों नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कोडरमा उप्पायुक्त महोदया को सोशल साइट के माध्यम से माँइयाँ योजना में जिन महिलाओं का IFC कोड या बैंक अकाउंट नम्बर गलत भरे जाने से योजना का पैसा महिलाओं के खाते में नही आ रहा था. और लगातार झामुमों नगर कार्यलय में आकर वो अपना आधार कार्ड का फोटो कॉपी बैंक पासबुक का फोटो कॉपी जमा कर रहें थे। जिसको श्री विश्वकर्मा ने संबंधित अधिकारियों को इसका लगातार सूचना दें रहें थे। कि जितना जल्दी हो इस सभी महिलाओं का खाता सुधार कर सम्मान राशि जल्द भेजने का काम करें इसी को लेकर सोशल साइट के माध्यम से अवगत कराया गया था। जिसको लेकर कोडरमा ब्लॉक में सभी महिला लाभुकों को माँइयाँ योजना का फॉर्म को सुधारने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जो जारी रहेगा दीपक विश्वकर्मा ने सभी महिलाओं से अपील किया है कि कोडरमा ब्लॉक में जाइए और अपना फॉर्म को सुधरवाईये और हेमंत सोरेन सरकार की योजना का लाभ लीजिए।

बेमौसम बारिश ने बढ़ाई ठंड

नवप्रदेश/धनबाद/ तोपचांची:- तोपचांची क्षेत्र में सोमवार को पूर्वाह्न हुई बेमौसम बारिश ने बढ़ाई ठंड,वहीं खेत-खलियान की तरबतर हो गई। जिससे धान की फसल को छति हुई है। सोमवार 9 दिसंबर को हुई बेमौसम बारिश से जनजीवन ठंड से परेशान हो रहे हैं। तोपचाँची बाजार एवं ग्रामीण अंचल में बच्चे, बूढ़े एवं भिक्षुक और राहगीर ठंड से ग्रस्त हो गए हैं।वे जहां ठंड से ठिठुरते दुबके के देखे गए। क्षेत्र में कंपकंपाती ठंढ के मदेदनजर तोपचांची गोमो रोड़ में स्थित महतो मार्केट परिसर में लोगों का ठंढ से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था सामाजिक कार्यकर्ता सदानंद महतो ने किया और संबंधित स्थानीय पदाधिकारी से विभिन्न चौक- चौराहे एवं बस पड़ाव पर अलाव पर जलाने की व्यवस्था करने की गुहार लगाई है। मौके पर शंकर रवानी, लखन लाल महतो, सोमर डोम, जितेंद्र कुमार, शिबू प्रसाद, सुनील रजक आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

जनहित के कार्य लिए मसीहा बनेगा क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा

नवप्रदेश/धनबाद/झरिया। डिगवाडीह, गुप्ता मेडिकल के पास जनहित कार्य के लिए आयोजित बैठक में क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मोर्चा के पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामप्रवेश यादव ने किया। इस बैठक में काफी संख्या में समाजसेवी, राजनीतिज्ञ बुद्धिजीवी उपस्थित थे। बैठक की चर्चा में झारखण्ड की आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही लोगों की दर्जनों समस्याएं निकल कर सामने आई। वंचितों की समस्याओं के निराकरण के लिए सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगो ने निराकरण के सभी बिंदुओं पर एक साथ लड़ने के लिए आवाज उठाई। मोर्चा के सचिव व बैठक के संचालनकर्ता अनिल बाउरी ने कहा की मोर्चा का गठन जनहित के लिए है अगर जनहित के लिए लड़ाई लड़नी होगी तो मरते दम तक लड़ते रहेंगे। आज तक जनहित कार्यों के लिए कोई मोर्चा नहीं बना है ये पहली बार जनहित के कार्यों के लिए क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा का गठन किया गया है। इस कार्य में महिला, पुरुष, बच्चे, शिक्षा से वंचित बच्चे, स्वास्थ से व आर्थिक स्थिति से कमजोर मजदूरों, बेरोजगारी जैसी अनेकों समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य करेगी। अगर जनहित के कार्य के लिए सरकार से भी लड़नी पड़ी तो हम लोगो पीछे नहीं हटेगे।मोर्चा के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा समान काम का समान वेतन दिया जाए, पारा मेडिकल, पारा शिक्षक में से पारा नाम को जल्द जल्द हटाया जाए।बैठक में मुख्य रूप से ओबीसी एससी एसटी एवं माइनॉरिटीके जिला महासचिव गोपाल यादव अपने संबोधन में कहा कि जनहित कार्यों के लिए सभी मोर्चा के साथ चले और लोगों का आवाज बुलंद करें।

बैठक में मुख्य रूप से रामप्रवेश यादव ओबीसी एससी एसटी जिला महासचिव व इस मोर्चा के मीडिया प्रभारी गोपाल यादव, शिवाजी सिंह यादव, उपाध्यक्ष हरिराम पंडित, महासचिव अनिल बाउरी, कोषाध्यक्ष शिवजी सिंह, सहसचिव अप्पू खान,रंजीत यादव, सैयद सुल्तान खान, अरमान अंसारी, मोतीलाल हेमराम, संतोष यादव,रामलाल महतो,मो. इरशाद, महेंद्र विश्वकर्मा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

जनता मौजूद संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम का किया गया जोरदार स्वागत

नवप्रदेश/धनबाद/झरिया। जनता मजदूर संघ के बैनर तले सोमवार को आजदनगर जामाडोबा में मिलन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह को जोरदार स्वागत किया गया कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी किया। कार्यक्रम में बीसीसीएल लोदना क्षेत्र में संघ का उपाध्यक्ष का पद शाहिल खान एवम अजान खान को भौरा ईजे एरिया का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। श्री सिंह ने कहा है की दोनों भाइयों को जबाव देहि दिया गया है। दोनों युवा हैं अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़कर मजदूर हित में काम करेंगे। उन्होंने कहा है की दोनों भाई मजदूर समस्या को कंपनी प्रबंधन के समक्ष बेहतर अनुभव के साथ उठा कर सभी समस्याओं का निदान कराएंगे। ताकि संघ पर मजदूरों का विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा है की क्वाटर का मामला हो स्थांतरण का सभी मामलों का निष्पादन करेंगे।

बलियापुर थाने में जान से मारने की धमकी रंगदारी वह एससी एसटी का मामला दर्ज करने की हुई शिकायत

नवप्रदेश/धनबाद/ झरिया। बेलगढिया निवासी आशा देवी ने राजू सिंह ओर किशोर सिंह के खिलाफ बलियापुर थाना में मारपीट व जान मारने की धमकी रंगदारी व जाति सुचक लगाकर गाली ग्लौज करने का एसीएसटी का लिखित शिकायत की है। शिकायता मे उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से मेरे दुकानदार मे राजु सिंह और किशोर सिंह प्रतिदिन मेरे दुकान से जबरन समान उठा लेते है और कुछ बोलने पर बहुत ही गन्दा गन्दा जातीसुचक गाली गलौज करता है। उसका विरोध करने पर मेरी जबान बेटी का इज्जत लुटने की बात कहता है तुम लोग छोटे जाती का है। राजु सिंह और किशोर सिंह जबरन मुझे जुआ अड्डा पर बैठना चाह रहा हैं। आशा देवी ने सबूत के तौर पर वीडीयो बना कर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

इस्कॉन कुसुम विहार ने आयोजित की विशेष प्रार्थना सभा

नवप्रदेश/धनबाद: बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आज इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा विशेष प्राथना का आयोजन किया गया।प्राथना सभा में सभी भक्तो ने हरि नाम जाप एवं कीर्तन कर भगवान से बांग्लादेशी हिंदुओं के सुरक्षा के लिए प्राथना किया और सभी देशवासियों को एक होने का निवेदन किया।

इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने सभी भक्तो से आग्रह किया कि वो धर्म को समझे, अपने ग्रंथों का अध्ययन करे और एक रहे।

अगर सभी सनातनी विभिन्न जात या समाज में ना बट कर एक रहे तो एक सकारात्मक विचार का माहौल बनेगा और सभी अपने धर्म की रक्षा कर सकेंगे।

सभा के पश्चात भक्तो के मध्य प्रशाद का वितरण किया गया।

घटना के 40 मिनट बाद पहुंची डोमचांच पुलिस

डोमचांच में व्यवसाइयी के घर नकाबपोश अपराधियों ने की गोलीबारी, दहशत

नव प्रदेश संवाददाता/कोडरमा। डोमचांच थाना से महज एक किलोमीटर दूर नगर क्षेत्र स्थित एक व्यवसाई के घर में नकाबपोश अपराधियों ने धावा बोला और गोलीबारी की घटना को अंजाम देने से हड़कंप मच गया। गिरिडीह रोड निवासी रोहित कुमार मेहता पिता युवराज मेहता ग्राम डोमचांच ने डरे सहमे डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार को आवेदन देकर बताया कि दिनांक 7 दिसंबर 2024 को मध्य करीब 12 बज के 40 मिनट पर घर के बगल निमार्णाधीन आवास का सहारा लेकर मेरे घर के छत में 6 अज्ञात नकाबपोश हथियारों से लैस लोग घुसकर दरवाजा तोड़ने लगा। ओर हथियार से लैस मोटे रस्सी के सहारे घर घुसने का प्रयास किया। और मुझे गाली गलोज करने लगा और कहा साला अभी तुमको गोली मार देगें, तुम बहुत बडा नेता हो गया है. इस दौरान मैं हल्ला करने लगा तभी वो लोग हवाई फायरिंग करते हुए भागने लगा और बोला को आज तो तुम बच गया लेकिन तुमको छोड़ेंगे नहीं पीड़ित ने से प्रशाशन से अनुरोध किया है कि उचित छान बीन करते हुए अपराधियों को पकड़ा जाय, और मेरी जान माल की सुरक्षा प्रदान किया जाय। मिली जानकारी के अनुसार गोलीबारी की घटना से भयभीत पीड़ित परिवार ने डोमचांच पुलिस को सूचना दिया तो घटना के 40 मिनट के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। 9 दिसंबर की शाम लगभग 4 बजे कोडरमा जिले के टैक्निकल सेल पुलिस टीम पहुंची और घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली और सीसी टीवी फुटेज भी खंगाली और जांच हेतु सीसी टीवी फुटेज ओर फोटो साथ ले गई है। इस वारदात से पीड़ित परिवार डरे ओर सहमे हुए है। मौके पर डोमचांच थाना एसआइ अजीत महतो और टैक्निकल सेल पुलिस मौजूद थे।

संगठन के कार्यों की सराहना की गई

भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के बैनर तले अनुग्रह नारायण रोड माल गोदाम में कार्यरत सभी श्रमिक बंधुओं का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ राष्ट्रीय प्रभारी मनोरंजन पासवान ने संघ के संगठन मंत्री संदीप कुमार के द्वारा संगठन के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं तथा शिफ्टिंग प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई, उनके द्वारा बताई गई की सरकार के द्वारा प्राप्त योजनाओं का लाभ जल्द ही सभी श्रमिक बंधुओं को प्राप्त होगा साथ ही साथ अन्य वक्ताओं ने भी संगठन के क्रियाकलाप पर अपने- अपने विचार रखें। मौके पर संगठन के मंच संचालक रजनीकांत पाण्डेय के साथ-साथ संगठन की सक्रिय सदस्य बीरेंद्र चौधरी, अनिल सिंह, पंकज कुमार सिंह, संजय सिंह,उमा शंकर सिंह,कृष्णा दुबे, बीरेंद्र सिंह, राजू सिंह, नोखलाल दास, सोनी कुमारी, किशोर राणा, आशुतोष कुमार सरगम, अदनान खान के साथ- साथ सैकड़ों की संख्या में श्रमिक बंधु और उनके अभिभावक गण उपस्थित थे। सभी ने संगठन के कार्यों की जमकर सराहना की।

डॉ सुरिन्दर कौर नीलम की दो पुस्तकों का लोकार्पण

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। 8 दिसम्बर को गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल पी पी कंपाउंड के सभागार में जानी मानी वरिष्ठ कवयित्री डॉ सुरिन्दर कौर नीलम की दो पुस्तकों का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और रेणु झा रेणुका के मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। संगीता सहाय अनुभूति ने अतिथियों का स्वागत किया। गीत संग्रह 'कल -कल रागिनी ' और काव्य संग्रह 'तुम आओगे न..?' पुस्तकों के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ हरेराम त्रिपाठी चेतन ' ने कहा कि मैं डॉ नीलम की साहित्यिक यात्रा के संघर्ष का साक्षी रहा हूं। इनकी कलम निरंतर क्रियाशील रही है। रचनाओं में विषय की विविधता आकर्षित करती है। मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित विद्वान, वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि नीलम के गीतों और कविताओं के खूबसूरत बिंब और शिल्प इन्हें उत्तम श्रेणी में पदस्थापित करते हैं। उन्होंने पुस्तक में से माहिया की पंक्तियां पढ़ते हुए शब्द संयोजन एवं भाव की सराहना की।मंच की शोभा सुप्रसिद्ध,वरिष्ठ साहित्यकार डॉ माया प्रसाद ने नीलम के गीत की पंक्तियां कभी फुर्सत में आना मेरे पास जिंदगी, तुझसे बातें करूंगी मन उदास जिंदगी सुनाते हुए कहा कि एक स्त्री के मनोभावों और दर्द का ब्यान बेहद खूबसूरती से किया गया है। कवयित्री के गीतो में राग एवं प्रवाह है और कवयित्री का मधुर कंठ सोने पर सुहागा है। उन्होंने कवयित्री के पतिदेव गुरकमल सिंह के सहयोग की चर्चा करते हुए कहा कि सभी पतियों को प्रेरणा लेनी चाहिए पत्नी का साथ देने की।

वक्ता विद्वान निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ नीलम एक संवेदनशील कवयित्री हैं जो समय की नब्ज को पहचान कर शब्दों में व्यक्त करती हैं।

मशहूर शायर और समारोह के वक्ता नसीर अफसर ने कहा कि कवयित्री ने हिंन्दी के साथ उर्दू के शब्दों का प्रयोग भी बड़ी खूबसूरती और सलीके से किया है।

डॉ सुरिन्दर कौर नीलम ने कहा कि मंच को सुशोभित कर रहे सभी साहित्यकारों ने मेरी लेखनी का बचपन देखा है और आज इस महत्वपूर्ण पायदान पर सभी मुझे आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हैं ये मेरा सौभाग्य है। मैं सभागार में उपस्थित सभी साहित्य साधकों और साहित्य प्रेमियों का अभिनंदन और आभार व्यक्त करती हूं। कवयित्री ने अपनी मधुर आवाज में एक गीत सुना कर खूब तालियां बटोरी।

पुस्तक में से चरणजीत कौर,कमल बोस और नीरज नीर ने काव्य पाठ किया। सदानंद सिंह यादव और सूरज श्रीवास्तव ने कवयित्री के लिखे गीतों को कर्ण प्रिय अंदाज में प्रस्तुत किया। नन्हीं मायरा कौर ने एक कविता प्रस्तुत की।

पति गुरकमल सिंह ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इसके अलावा गुरविंदर सिंह सेठी, परमजीत सिंह टिंकू और मलकीयत सिंह ने शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में परिवार के सदस्यों, शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों, साहित्यकारों, महिला काव्य मंच की कवयित्रियों एवं संस्कार भारती रांची महानगर के सदस्यों की उपस्थिति ने समारोह को सफल बनाया।



रामानुज पाठक आशीतोष प्रसाद, जवाहरलाल राकेश रमण, वर्षा ऋतुराज, अंकुश्री एवं कुलदीप सिंह दीपक विशेष तौर पर उपस्थित थे। यशदीप सिंह, सुभाष कुमार सहाय, रंगोली सिन्हा, अंकिता सिन्हा, बिम्मी प्रसाद ने विशेष सहयोग किया। समारोह का बेहतरीन संचालन सीमा चंद्रिका तिवारी ने और धन्यवाद ज्ञापन रेणु झा रेणुका ने किया।

मंत्री श्रवण ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के विजेताओं को दिए ट्राफी और मेडल

नवप्रदेश संवाददाता

पटना। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सोमवार को उत्तरप्रदेश के भदोही नगर के हरियांव स्थित प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल पहनाकर जीत की शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से भदोही का गौरव बढ़ा है। कराटे की इस तकनीक से बालक और बालिकाओं को अपनी आत्मरक्षा में सहूलियत होगी। इस खेल से बालिकाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित करने की जरूरत बताते हुए इस खेल को बालिकाओं के बीच लोकप्रिय करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। साथ ही कहा कि जिन खिलाड़ियों को मेडल नहीं मिला है उन्हें निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि दोगुने उत्साह के साथ अगली प्रतियोगिता की तैयारी में जुट जाना चाहिए।

श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार सरकार भी खेल को बड़ी पैमाने पर उत्साहित कर रही है। प्रदेश में जिले से लेकर प्रखंड एवं गांव स्तर तक खेल का मैदान तैयार किया जा रहा है, जिससे बिहार के खिलाड़ियों को गांव से निकलकर जिला एवं प्रदेश स्तरीय खेल में कौशल दिखाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनने का मौका मिलेगा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए गूजूरियो कराटे फेडरेशन आफ इंडिया को बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने 25 गोल्ड के साथ कुल मेडल 49 मेडल जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया जबकि 9 गोल्ड के साथ नेपाल दूसरे और 7 गोल्ड के साथ भूटान तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह में मंत्री के साथ बिहार जदयू के प्रदेश सचिव बद्री भगत, तकनीकी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमाकांत सिंह, अध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ बब्लू सहित स्कूल के छात्र, शिक्षक और कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

संपूर्णता अभियान से प्रथम तिमाही एनसीसी जांच में हुई बढ़ोतरी



नवप्रदेश प्रतिनिधि/सासाराम। मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रसव पूर्व जांच को बढ़ावा देने के लिए कई स्तरों से सरकार पहल कर रही है। साथ ही होम डिलीवरी को कम करने के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाया है और इसके लिए हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर से लेकर पीएचसी और एफ आर यू को सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि लोग इन केंद्रों पर प्रसव के लिए आसानी से पहुंच सके और सरकारी अस्पतालों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ सके। इसको लेकर सरकार कई डेवलेपमेंट पार्टनर्स का भी सहयोग ले रही है और इसका बेहतर परिणाम भी देखने को मिल रहा है। रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति और डेवलपमेंट पार्टनर्स के सहयोग से जिले के कई प्रखंडों के सरकारी अस्पतालों में होने वाली प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) में बढ़ोतरी देखी गई है। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) प्रोफाइल टेस्ट कराया जाता है। यह टेस्ट मां और बच्चे के स्वास्थ्य का आंकलन किया जाता है। एएनसी प्रोफाइल में ब्लड ग्रुपिंग, ब्लड शुगर, कंप्लीट ब्लड काउंट, थायराइड, हेपेटाइटिस बी, एचआईवी, सिफीलिस, रुबेला संक्रमण जैसे टेस्ट शामिल होते है।

संपूर्णता अभियान से एएनसी जांच में हुई बढ़ोतरी

सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने ने सहयोगी संस्था के रूप में अहम भूमिका निभा रही पिरामल स्वास्थ्य भी लोगों को सरकारी स्वास्थ्य अस्पतालों में इलाज एवं प्रसव कराने के लिए प्रेरित कर रहा है। पिरामल स्वास्थ्य द्वारा चलाए जा रहे अभिमान का बेहतर परिणाम भी देखने को मिला रहा है। पिरामल स्वास्थ्य द्वारा चलाए गए संपूर्णता अभियान के दौरान तिलौथू प्रखंड में फर्स्ट ट्राइमेस्टर एएनसी जांच में बेहतर परिणाम देखने को मिला हैं। तिलौथू प्रखंड में पिछले तीन महीने के दौरान फर्स्ट ट्राइमेस्टर एएनसी जांच जहां 67 प्रतिशत के आसपास रहा वही वर्ष 2024-25 के पिछले तीन महीनों में बेहतर सुधार देखने को मिला। पिरामल स्वास्थ्य द्वारा चलाए गए संपूर्णता अभियान के दौरान जुलाई में लक्ष्य के विरुद्ध 94 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं ने जांच करवाया। वही अगस्त में 95 प्रतिशत तथा सितंबर में यह बढ़कर 100 प्रतिशत हो गया।

पिरामल स्वास्थ्य की टीम लीड पल्लवी बॉस ने बताया कि कई प्रखंडों में गर्भवती महिलाएं सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा लेने में वंचित है, उन्ही को अस्पताल तक लाने लाने के लिए तिलौथू प्रखंड में संपूर्णता अभियान चलाया गया जहां बेहतर परिणाम देखने को मिला। उन्होंने बताया कि एक टीम गठित किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ, आईसीडीएस, जनप्रतिनिधि को जोड़ा गया और उनके माध्यम से जगह जगह बैठक कर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, व बिहार सरकार के मंत्री से मिले रणविजय प्रताप सिंह



नवप्रदेश प्रतिनिधि/ शाहपुर। पटना में बिहार सरकार के भूमि सुधार मंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जयसवाल से शाहपुर बिधान सभा के योजस्वी क्रांतिकारी नेता रण विजय प्रताप सिंह उर्फ मुना सिंह तथा उनकी पत्नी भाजपा नेत्री सुनीता कुमारी भी साथ में मिलकर जिले की समस्याओं से अवगत कराय। नेता ने मंत्री के जमीन सर्व पर गहन रूप से चर्चा की गई। मंत्री महोदय बातों को ध्यान पूर्वक सुना तथा विकास करने का भरोसा जताया। मंत्री को अंग वस्त्र बुके देकर सम्मानित किया गया।

खरीददारी कर रही महिला के पर्स से गहने की चोरी, थाने में दिया आवेदन

नवप्रदेश प्रतिनिधि

करगहर/स्थानीय करगहर बाजार में सोमवार को खरीददारी कर रही महिला के पर्स से लगभग छः लाख रुपए के मूल्य के गहने को अज्ञात चोरों ने उडा.कर चंपत हो गये। जिसको लेकर करगहर थाना में आवेदन दी गई है।घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुछिला निवासी सरिता देवी अपने ननद के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने लडुई जा रही थी। वह करगहर बाजार में उतर कर पार्चून के दुकान पर कुछ समान की खरीददारी करने लगी। उसके साथ उसकी एक छः वर्षीय बेटी भी थी जो बार बार खिलौने व मिठाई खरीदने की ज़िद कर रही थी और वह बार बार उसे डाट रही थी। पीड़ित महिला ने बताया कि हाथ में वह पर्स ली थी जिसमें वैवाहिक कार्यक्रम में पहनने के लिए एक डब्बे में डालकर रख ली थी। इसी का फायदा उठाकर उसके आस-पास चार से पांच महिलाएं खड़ी थी जो उसे बार-बार देख रही थी। उसके पर्स के चैंन को खोलकर उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, सोने का चेंन, अंगूठी, कान का झुमका सहित अन्य अन्य गहने निकाल कर चंपत हो गई। इस दौरान पीड़ित महिला को लगा कि उसकी बेटी हो सकता है पर्स को हिला डुला रही हो । वह पार्चून के दुकान से चूड़ी व मनिहारी का समान खरीदने लगी। जब समान रखने के लिए उसने पर्स खोला तो हक्का बक्का रह गई। उसके पर्स से लगभग छः लाख रुपए मूल्य का गहने गायब थे। महिला दहाड़ मार कर वहीं रोने लगी तो आस पास के लोगों ने उसे थाना में भेजा। जहां महिला ने करगहर थाना में गहने चोरी होने को लेकर आवेदन दी।जिसके बाद पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। लोगों चर्चा का विषय बना है आये बाजारों प्रतिदिन कुछ ना कुछ चोरी की घटनाएं सुनने को मिलती है। इस पर स्थानीय प्रशासन को ध्यान देना चाहिए

बिहार मैट्रिक बोर्ड का डमी एडमिट कार्ड नहीं मिलने से छात्र व छात्राओं में आक्रोश

छात्र-छात्राओं ने स्कूल के लैब ईस्ट्रक्टर शशि कुमार पर लपरवाही का लगाया आरोप

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बगहा। पंचायत राज कोल्हा चौतरवा के 10+2 राजकीयकृत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कोल्हा चौतरवा विद्यालय में मैट्रिक का डमी एडमिट कार्ड नहीं आने पर सोमवार को छात्र-छात्राओं का गुस्सा स्कूल प्रबंधन पर फूट पड़ा। और विद्यालय में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।विद्यार्थी भूख हड़ताल कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। यह मामला लगभग पांच दिसंबर से चला आ रहा हैं। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ विद्यार्थी के अभिभावक ने मीडिया से मुखातिब होते हुए, बताया कि आज विद्यालय एक सौ दस बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस विद्यालय के उदासीनता की देन हैं। की आज बच्चो का गुस्सा जाहिर करना एकदम लाजमी है। वही स्कूल के प्रधानाचार्य कुमार गौरव ने मीडिया को बताया कि सभी छात्र व छात्राओं का फार्म फ्लिप कर बिहार बोर्ड के वेबसाईट पर लोड कर दिया गया था। लेकिन टेक्निकल ईरर आ जाने के कारण फॉर्म निरस्त कर दिया गया। जिसके चलते आज इस परेशानी व छात्र व छात्राओं का आक्रोश का सामना करना लाजमी है। वही इस संबंध में लैब ईस्ट्रक्टर शशि कुमार ने बताया कि डमी एडमिट कार्ड नहीं आने की सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी की सूचना आवेदन व ईमेल के माध्यम से दे दिया गया है। और बिहार बोर्ड को आठ बार ईमेल पर भेजा गया है। वही इसके प्रति छात्रा जिज्ञासा कुमारी, परिधि कुमारी, साहिस्ता परवीन, रोशन तारा खातून, उजाला खातून, सृष्टि कुमारी, रुखसाना खातून, नूरजहां खातून, नव्या खातून, गुलबसा खातून, सकीना खातून, चुलबुली कुमारी, नंदनी कुमारी, रिमझिम खातून, प्रीति कुमारी,अंजू कुमारी, तरन्नुम जहां अंजलि फुलवंती सविता शालू कुमारी व छात्र उज्जवल कुमार, दीपू कुमार, आशीष कुमार, अभिनव कुमार, रमजान मियां, बुलेट कुमार, अभय कुमार, अजीत कुमार, आक्रोशित छात्र व छात्राओं ने कहा कि अविलंब एडमिट कार्ड जारी करने की मांग कर रहे हैं।इससे पूर्व में छात्रों ने स्कूल के शिक्षक को घंटों बंधक बनाए रखा।बताया जा रहा है उक्त विद्यालय में दसवीं के कूल एक सौ दस छात्र-छात्राओं के द्वारा फॉर्म भरने के बावजूद भी अंतिम तिथि तक डमी एडमिट कार्ड नहीं मिला। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार गौरव को दोषी मान रहे हैं। छात्रों के हंगामा को देखते हुए, छात्र व छात्राओं ने बताया कि प्रधानाध्यापक की लापरवाही से हम लोगों का डमी एडमिट कार्ड नहीं आया है। इसको लेकर छात्र छात्राओं ने कहा अगर दो से तीन दिन के अंदर हमलोगो का एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा तो हमलोग स्कूल परिसर में भूख हड़ताल करेंगे।

10 करोड़ रुपये के ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि/मोतिहारी में एक महत्वपूर्ण अभियान में पुलिस ने एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसके पास से लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स जब्त की गई। यह गिरफ्तारी पूर्वी चंपारण जिले के लखौरा पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हुई, जहां नेपाल से भारतीय सीमा की ओर बड़ी मात्रा में ड्रग की खेप आने की सूचना मिली थी।खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने डीएसपी जितेश पांडे की अगुवाई में एक विशेष टीम गठित की और छापेमारी की। यह अभियान लखौरा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले छोटा पाखी गांव में केंद्रित था, जहां टीम ने एक जाने-माने ड्रग तस्कर भोला राय के घर पर छापा मारा। छापेमारी सफल रही, जिसके परिणामस्वरूप 11.2 किलोग्राम ब्राउन शुगर हेरोइन, 6.1 किलोग्राम हशीश और 2.14 किलोग्राम सिंथेटिक मारिजुआना सहित भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुए। जब्त की गई दवाओं का अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करोड़ों में है, जो इस क्षेत्र में सक्रिय ड्रग तस्करी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि, मोतिहारी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। लखौरा थाना क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से ग्यारह किलोग्राम से अधिक ब्राउन शुगर हेरोइन बरामद की गई है। करीब छह किलोग्राम हशीश और मारिजुआना बरामद किया गया है।बरामद मादक पदार्थ का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य करोड़ों रुपये में है। गिरफ्तार तस्कर भोला राय फिलहाल पुलिस की हिरासत में है और पूछताछ की जा रही है।

रोहतास जिला मिलर्स एशोसिएशन की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि/डेहरी गांधी नगर डेहरी उर्वशी होटल में रोहतास जिला बिहार स्टेट राईस मिल एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष बिरेंदर गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। जिसमें रोहतास कैमूर जिला के सभी उसना राइस मिलर्स के सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार मिलिंग चार्ज मिलर के खाते में ट्रांसफार्मर करे। एवं उसना मिल लगाने में अत्यधिक पैसा लगता है और बिजली बिल भी अधिक लगता है और इसका वायोप्रोडक्ट भुसा बुआयलर में जल जाता है। इसलिए सरकार अन्य राज्यों की तरह मिलिंग चार्ज पर 150 रुपए क्विंटल बोनस के रूप में सहयोग करें। इस कार्य के लिए हमलोग 15 दिनों का समय देते हैं और विचार करने तक हड़ताल की घोषणा करते हैं। और सरकार के मिलिंग कार्य से हमलोग किनारा करते हैं।

एक नजर

नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ की गयी बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बिक्रमगंज। रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड के नोनहर पैक्स के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक पंचायत सरकार भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष अमन कुमार ने किया। जहां प्रबंधकारणी समिति की पहली बैठक में उपस्थित लोगों ने पैक्स अध्यक्ष का फूल माला से स्वागत किया। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया। बैठक किसानों की धान अधिप्राप्ति सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। कार्यकारिणी समिति का गठन सभी सदस्यों की सहमति से किया गया है। खाद वितरण को लेकर चर्चा किया गया। ताकि किसानों की अनुकूल महत्वाकांक्षी लाभ मिल सके। वही पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता किसानों की समस्याओं को दूर करना है। मौके पर सभी पैक्स सदस्य उपस्थित थे। बैठक में प्रबंधक के अनुपस्थित रहने पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारी से शिकायत करने का निर्णय लिया।

कृषि चौपाल का हुआ आयोजन

नवप्रदेश प्रतिनिधि/काराकाट प्रखंड क्षेत्र के कंचन टोला अमरथा में सोमवार को किसान चौपाल का आयोजन हुआ. चौपाल में कृषि कर्मियों ने पराली नहीं जलने, पौधा संरक्षा, मौसम अनुकूल खेती, करने से संबंधित जानकारियां दिया. बीटीएम अजीत कुमार ने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि जो किसान पराली जलते पकड़ा जाएगा. उस किसान को सरकार से मिलने वाली सभी प्रकार की लाभ बंद कर दिया जाएगा. कृषि समन्वयक अजय प्रताप सिंह ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया, जो किसान रबी फसल की बीज लेना चाहते है. ई किसान भवन अपनी किसान पंजीकरण ले कर आए. कृषि कर्मियों से मिले अनुदानित दर पर बीज मिलेगा. उक्त अवसर पर पैक्स अध्यक्ष लाल मोहर सिंह, पौधा संरक्षक श्याम बिहारी सिंह, कृष्ण सिंह, रंगलाल सिंह, मदन चंद्रवंशी, रामशीष सिंह, मनीष कुमार सहित कई अन्य किसान उपस्थित थे.

पंप चालकों का मानदेय बीते 2 साल से नहीं मिलने के कारण चार प्रखंड के पंप चालक हड़ताल पर

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा/हर घर नल के जल की आपूर्ति हेतु प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव में संवेदक के द्वारा रखे गए पंप चालकों का मानदेय बीते दो वर्षो से नहीं मिलने के कारण चार प्रखंड के पंप चालक हड़ताल पर चले गए हैं. दावथ के पंप चालक हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संवेदकों के द्वारा पिछले दो वर्षों से दावथ, दिनारा, नटवार, परसथुआ प्रखंड में पंप चालकों के मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण सभी के परिवारों के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. जिसके कारण उक्त प्रखंड के सभी पंप चालक 17 नवंबर 2024 से पानी सप्लाई करना बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं. अपनी मानदेय की मांग को लेकर पत्रकारों से बताया कि इस बात की जानकारी सभी पंप चालकों ने विभागीय कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता तथा जिला पदाधिकारी को भी इसकी सूचना देने के बाद ही सभी लोग मौन साधे हुए हैं. जिसके कारण हम सभी के परिवारों के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है.

भंगहा पुलिस द्वारा 20 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद

अंधेरा एवं घने जंगल का लाभ उठाकर तस्कर फरार

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बेतिया: पुलिस अधीक्षक पश्चिम चम्पारण बेतिया के आदेशानुसार दिनांक 8.12.2024 को भंगहा थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं एस.एस.बी.पचरौता के जवानों द्वारा भारतीय क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 429/3 से लगभग 50 मी भारत के तरफ जंगल में छापामारी कर 20 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया। गांजा तस्कर अंधेरा एवं घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। इस संबंध में भंगहा थाना कांड संख्या अंकित कर विधि करवाई की जा रही है। उक्त जानकारी पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी जय प्रकाश सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। वही योगापट्टी थाना अन्तर्गत शराब तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई में 32 ली. 580 एम.एल. विदेशी शराब सहित दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर एक मोटरसाईकिल जप्त किये गये।

पतिलार पंचायत में डॉ अभिषेक मिश्रा के पहल पर मोबाइल पशु चिकित्सालय के टीम द्वारा पंचायत में किया गया पशुओं का ईलाज

नवप्रदेश प्रतिनिधि/बगहा पतिलार पंचायत में मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्रा के पहल पर बिहार सरकार पशु एवम मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा संचालित मोबाइल पशु चिकित्सालय के टीम द्वारा पंचायत में पशुओं का इलाज किया गया मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर अभिषेक मिश्रा ने बताया कि लगातार बढ़ते हुए सर्दी के प्रकोप पशुओं पर स्वास्थ्य को लेकर विशेष असर पड़ता है पशु बेजुबान होते हैं और वह अपनी परेशानियों को बता पाने में सक्षम नहीं होते हैं जिसको देखते हुए चिकित्सकों की टीम को बुलाकर संबंधित बीमारियों का इलाज और ठंड के समय में आने वाले विभिन्न प्रकारों की बीमारियों का सही रोकथाम किया जा सके इसकी समुचित जानकारी डॉक्टरों की टीम द्वारा दी गई इसमें गाय भैंस बैल बकरी सभी तरह के जानवरों की बीमारियों की पहचान और बीमार पशुओं को दवा और इंजेक्शन दिया गया पशुपालकों में कपिलदेव शर्मा, बच्चा राव, विशाल कुमार, मोहन यादव कृष्णा पासवान मुनीर मियां कोलाई देवान आदि लोगो ने बताया की हम लोगों को इससे पहले इस तरह की कोई सुविधा नहीं मिलती थी लेकिन मुखिया प्रतिनिधि डॉक्टर अभिषेक मिश्रा के द्वारा समय-समय पर सरकार से मिलने वाली हर एक सुविधाओं को सभी स्तरों तक पहुंचाने का कार्य बड़ी सजकता से किया जाता है डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर महताब, प्राइवेट विनोद कुमार झा थे।

गार्ड वाल नहीं बनाने से होती रहती है दुर्घटना



नवप्रदेश प्रतिनिधि/संझौली, काराकाट प्रखंड क्षेत्र के अमरथा - धवनी पथ में अमरथा गांव के समीप गार्ड वाल बनाने की मांग ग्रामीण करने लगे हैं. गौरतलब है कि लगभग एक दशक पहले मध्य विद्यालय अमरथा के समीप, बाहा(आहार)में बने पुल से अमरथा गांव तक बने, पीसीसी सड़क के दक्षिण तरफ, गार्ड वाल नहीं बनने के कारण, आए दिन आकस्मिक घटनाएं होती रहती है. ग्रामीण रंजीत कुमार, नंद कुमार सिंह, मुनिलाल सिंह, सरजू पासवान, खुशी सिंह, रामानुज सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि राजपुर - बेलवाई पथ, मध्य विद्यालय अमरथा से अमरथा गांव होते हुए, धवनी में जाने वाली पथ में मध्य विद्यालय के समीप, आहार पुल से अमरथा गांव तक जाने वाली सड़क के दक्षिण तरफ गार्ड वाल नहीं बनने से आए दिन दुर्घटना होती रहती है. चुकी उक्त सड़क से राजपुर, संझौली, काराकाट व बिक्रमगंज प्रखंड के दर्जन भर गांव के ग्रामीण आते जाते हैं. इतना ही नहीं अमरथा गांव सहित कई अन्य गांव के बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल आते जाते हैं. ग्रामीणों की माने तो आमने सामने से आने जाने वाले वाहन कई बार साइड लेने देने में आहार की पानी में गिर चुके है, लेकिन सौभाग्य से अभी तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है. कहते हैं कई बार साइकिल से स्कूल आने जाने के दौरान छात्र, छात्राएं आहार की गहरी पानी व विपरीत साइड खेत में गिर कर घायल हो गए हैं. लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए, कई बार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से आहार की तरफ से गार्ड वाल बनाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है. कहते है अगर गार्ड वाल का निर्माण हो जाता है, तो आकस्मिक घटनाओं से स्कूल आने जाने वाले बच्चे व यात्री सुरक्षा घेरे में हो जाते.

उक्त पथ में गार्ड वाल बनाने के संबंध में स्थानीय विधायक अरुण सिंह कहते है, घटना होने की सूचना कई बार मिलती है. सड़क किनारे गार्ड वाल बनाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कहा जाएगा.

गरीबों के बीच कम्बल और स्वेटर का किया गया वितरण

नवप्रदेश प्रतिनिधि/नासरीगंज। रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड अंतर्गत सुकहरा डीहरी गांव में सोमवार को सामाजिक संस्था कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच के द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल एवं स्वेटर का वितरण किया गया। बता दें की संस्था द्वारा ठंड के मौसम में गरीबों के बीच लगातार कंबल का वितरण किया जा रहा है, ताकि गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से बचाया जा सके। इसी के तहत सोमवार को संस्था द्वारा सुकहरा बाजार में गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया जिसमें सुकहरा डीहरी पंचायत अंतर्गत मरझिया, पानापुर, अमलोवा गांव सहित आस पास के गांव से पहुंचे 150 गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया गया। संस्था के शाहाबाद प्रभारी डीएन कुशवाहा ने बताया कि कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच के बिहार ही नहीं बल्कि भारत के कई राज्यों के लोग जुड़े लोग जुड़े हुए हैं और संस्था के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में गरीबों के बीच समय-समय पर कंबल एवं गर्म कपड़े के साथ-साथ बच्चों को किताबें और पेंसिल बांटने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि इसी के तहत रोहतास जिले के विभिन्न प्रखंडों में अभियान के तहत कंबल और गर्म कपड़ा वितरित किया जा रहा है। डीएन सिंह ने बताया कि सोमवार को नासरीगंज प्रखंड के सूकहरा डीहरी में कैंप का आयोजन कर बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया एवं बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी इस तरह का कार्यक्रम और निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा ताकि गरीब एवं जरूरमंद लोगों को लाभ पहुंच सके। मौके पर संस्था के अमरेंद्र कुमार, डॉ चंद्रशेखर कुशवाहा, शत्रुघ्न कुशवाहा, मेघराज कुशवाहा, किरण देवी, मीनाक्षी कुशवाहा के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि में नासरीगंज प्रखंड के पूर्व जिला परिषद रवि कुमार गांधी, समाजसेवी अखिलेश कुमार, अमृता सिंह, रविन्द्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

केके पाठक की इंट्री से गोरखपुर में हड़कंप, बेतिया राज से जुड़ा है मामला

बिहार राजस्व विभाग की इस सक्रियता ने जमीन विवादों को सुलझाने की एक नई पहल की है। यदि बिहार सरकार इस जमीन को अपने कब्जे में ले पाती है, तो यह ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कदम होगा

नवप्रदेश प्रतिनिधि/पटना

बेतिया राज की ऐतिहासिक जमीन पर बिहार सरकार ने अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। बिहार राजस्व परिषद अध्यक्ष और चर्चित आईएएस अधिकारी केके पाठक ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जाकर बेतिया राज की जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर के जिलाधिकारी के साथ बैठक कर जमीन के मौजूदा हालात की समीक्षा की।

51 एकड़ जमीन का मामला, गोरखपुर बना चर्चा का केंद्र: गोरखपुर के पॉश इलाकों में बेतिया राज की लगभग 51 एकड़ जमीन है। इसमें से कुछ हिस्सों पर सरकारी इमारतें, आवासीय कॉलोनियां, स्कूल और सड़कें बनाई जा चुकी हैं। जबकि बाकी जमीन पर निजी मकानों का निर्माण हो चुका है। इस मुद्दे पर सक्रियता बढ़ने के बाद गोरखपुर में जमीन पर कब्जा रखने वालों में बेचैनी देखी जा रही है।

यूपी में तैनात हुए राजस्व अधिकारी और अमीन: राजस्व परिषद ने उत्तर प्रदेश में बेतिया राज की जमीन की देखरेख और सर्वेक्षण के लिए एक विशेष टीम गठित की है। इसके तहत गोरखपुर में राजस्व अधिकारी बद्री प्रसाद गुप्ता और पांच अमीन- रामानंद प्रसाद, सुनील यादव, अभय कुमार, नीरज कुमार और संतराज कुमार की तैनाती की गई है। इन अधिकारियों का काम जमीन की माप-जोख और वास्तविक स्थिति का आकलन करना है।

बिहार सरकार का बड़ा कदम: बिहार सरकार ने बेतिया राज की संपत्ति को वापस सरकारी कब्जे में लेने के लिए विशेष कानून बनाया है। इस कानून के तहत अब बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में बेतिया राज की जमीनों की **खोजबीन और पुनः** अधिग्रहण किया जा रहा है।

गोरखपुर में जमीन का ऐतिहासिक महत्व: गोरखपुर में स्थित बेतिया राज की जमीन पर सरकारी परिसरों, आवासीय कॉलोनियों और सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण हो चुका है। इसमें मंडलायुक्त आवास परिसर, अधिकारियों के आवास, आवास विकास कॉलोनी, स्कूल, सड़क और पानी की टंकी शामिल हैं। इन उपयोगों ने जमीन को महत्वपूर्ण बना दिया है।

जमीन पर कब्जा रखने वालों की बढ़ी चिंता: बिहार सरकार की सक्रियता और केके पाठक के निरीक्षण के बाद जमीन पर कब्जा रखने वालों में खलबली मच गई है। कई लोग अपने दस्तावेजों को वैध साबित करने की कोशिश में जुट गए हैं। वहीं, सरकार ने यह साफ कर दिया है कि बेतिया राज की जमीन का हर इंच बिहार की संपत्ति है और इसे वापस लिया जाएगा।

केके पाठक का सख्त संदेश: राजस्व परिषद के अध्यक्ष केके पाठक ने स्पष्ट किया कि बेतिया राज की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जमीन बिहार की ऐतिहासिक धरोहर है और इसे बचाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

बिहार-यूपी में कानूनी विवाद की संभावना: बेतिया राज की जमीन को लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच कानूनी विवाद बढ़ने की संभावना है। बिहार सरकार ने गोरखपुर में जमीन का पूरा सर्वेक्षण और रिकॉर्ड तैयार करने के लिए विशेष टीम भेजी है। वहीं यूपी प्रशासन ने भी मामले में संयम से काम लेने का संकेत दिया है।

क्या है बेतिया राज की जमीन का ऐतिहासिक महत्व: बेतिया राज की जमीन ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही है। यह संपत्ति पश्चिमी चंपारण के बेतिया राजघराने से जुड़ी है, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी योगदान दिया। लेकिन वर्तमान में इसका एक बड़ा हिस्सा बिहार और यूपी के विभिन्न हिस्सों में फैला हुआ है।

बे मौसम की वारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, किसानों की चिंता बढ़ी, खेती-बारी प्रभावित

खरीफ धान कटनी की रफ्तार में ब्रेक

नव प्रदेश संवाददाता

बुढ़मू। मौसम विज्ञान की भविष्यवानी के अनुरूप इस क्षेत्र मे सोमवार की अहले सुबह से हो रही बे मौसम की वारिश ने यहाँ के लोगों का जन जीवन अस्त ब्यस्त कर दिया है। वही खरीफ धान फसलों की कटनी की रफ्तार भी रुक सी गई है। सोमवार सवेरे से हो रही बूंदा ब।न्दी की रफ्तार बढ़ जाने से धान की खडी फसल को क्षति पहुंचने का अनुमान है मौसम विज्ञान की अनुमान की ओर गौर किया जाय तो मंगलवार तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है जिससे किसानो को और दो दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है वैसे भी खेतो मे कही कही जल जमाव हो जाने से पक कर तैयार धान फसल को नुकसान होने का अनुमान है। सोमवार को दोपहर के बाद वारिस तो थम गई धूप भी खिली लेकिन घने कुहासे के कारण दिन मे ही अंधेरा छा गया। कोहरे के कारण रवी की फसलों को भी नुकसान का अनुमान है। कोहरा से खास कर आलू की फसल के साथ साथ प्याज के बिचडे को भी नुकसान हो सकता है। खेतो के साथ साथ खलिहान मे भी जल जमाव की स्थिति बनी हुइ है नमी के कारण धान मे अंकुरण होने का भी अनुमान है तथा उपज का अधिकांश हिस्सा बर्वाद होने के कगार पर होगा ओर किसानो का मेहनत ब्यर्थ चला जायेगा जिसकी भरपाई कर पाना सम्भव नहीं है।

बदला मौसम का मिजाज, किसानों की बड़ी चिंता

ईचागढ़। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़, व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में भी साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर दीख रहा है। मौसम का मिजाज बदला और सोमवार की सुबह से ही झमाझम बारिश शुरू हुआ। जहां असमय बारिश से मौसम का मिजाज क्षबदला और झमाझम बारिश के साथ चारों ओर कोहरा छा गया। दिन को ही रात का नजारा देखने को मिला। असमय बारिश से जहां ठंड बड़ा वही किसानों में मायुसी देखने को मिला। तैयार पके धानों व टमाटर आदि फसलों पर बारिश को असर से किसान परेशान हैं। एक सप्ताह के भीतर किसानों के खेतों में पके धान खलीहानो तक पहुंच जाता, मगर अचानक बेमौसम बारिश से खड़े व कटे धानों को किसान अपने खलिहानों में नहीं ले जा पा रहे हैं। कटे धान भींग जाने से किसान अपने खेतों में ही कटे धानों को छोड़ दिया। अगर मौसम का रूख नहीं बदला तो खेतों में ही पके और कटे धान सड़कर नष्ट हो जाएगा। वहीं किसान प्रेम सिंह मुण्डा ने बताया कि बेमौसम बारिश से जहां ठंड बढ़ गया, वहीं खेतों में कटे व पके धान भी बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को मौसम की बेरूखी का मार झेलना पड़ रहा है। तैयार धानों पर बारिश से भींगने से खेत में ही सड़ने का डर सता रहा है। खेत में लगे टमाटर,आलु आदि फसलों पर भी इस झमाझम बारिश का असर होगा। कीड़ा लगने का डर है और पानी से पौधा मरने का डर है। उन्होंने कहा कि अगर दो चार दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा तो धान सहित अन्य फसल बर्बाद हो जाएगा।

रोमांचक मुकाबले में संत जॉन स्कूल बना इंटर स्कूल फुटबॉल का चैंपियन

नव प्रदेश संवाददाता

मांडर। रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा रांची में रांची सहोदया स्कूल काम्पलेक्स के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबाल टूनार्मेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ।
इस प्रतियोगिता में सी बी एस ई विद्यालयों के 19 टीम भाग लीं। टूनार्मेंट का पहला सेमीफाइनल मैच टेंडर हार्ट स्कूल रांची एवं आक्सब्रीज स्कूल मांडर के बीच खेला गया ,जिसमें आक्सब्रीज स्कूल मांडर विजेता रहा। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच डी.ए.वी.विवेकानंद स्कूल बेड़ो एवं संत जॉन स्कूल रांची के बीच खेला गया जिसमें संत जॉन स्कूल विजेता रहा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर एवं संत जॉन स्कूल रांची के बीच खेला गया जिसमें संत जॉन स्कूल रांची विजेता रहा! दोनों टीमों के बीच बेहद ही रोमांचक मुकाबला हुआ। इस अवसर पर शालिनी विजय, प्राचार्य गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल रांची, मोहम्मद तौफीक आलम, निदेशक ऑक्सब्रिज पब्लिक स्कूल मांडर,श्री शक्तिनाथ लाल दास, माननीय अध्यक्ष शिशु विकास मंदिर समिति झारखंड धुर्वा रांची, डॉक्टर धनेश्वर महतो, माननीय सह मंत्री शिशु विकास मंदिर समिति,डॉ उमाशंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

चौक-चौराहों पर जलने लगे अलाव

पिस्का नगड़ी। शीतलहरी के देखते हुए उपायुक्त के निदेर्शानुसार नगड़ी अंचल के द्वारा सोमवार को चौक चौराहों में अलाव जलाया गया। नगड़ी के चेकनाका चौक, नगड़ी मस्जिद चौक, मंदिर चौंक, देवरी मोहल्ला सहित विधान सभा के बाहर भी अलाव की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर अंचल पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, प्रभारी अंचल निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, अंचल उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, संतोष कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जिकिरुल्ला अंसारी, विक्रांत भगत, बलराम सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

कैंप लगाकर पोषण आहार का वितरण किया गया

नव प्रदेश संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को बड़ामुरी पंचायत में पोषित बचपन अभियान के तहत दूसरा फॉलोअप आयोजित किया गया। इस दौरान मुरी पंचायत के 25 कुपोषित बच्चों का वजन और लंबाई मापी गई। साथ ही, उनके पोषण में सुधार के उद्देश्य से पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोषण वाटिका का उदघाटन भी किया गया। जिसका उद्देश्य रसोई उद्यान (किचन गार्डन) को बढ़ावा देना है । इसके तहत उपस्थित परिवारों को विभिन्न प्रकार के बीज वितरित किए गए। ताकि वे अपने घरों में पोषण वाटिका स्थापित कर सकें और संतुलित आहार सुनिश्चित कर सकें। यह पहल बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है स्थानीय समुदाय ने इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई। इस मौके पर सन्नी, गोवर्धन एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

टंड बढ़ी, चौक-चौराहों पर अलाव की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

चौपारण : अचानक मौसम के करवट लेने से ठंड अत्यधिक बढ़ जाने के वजह से जनजीवन प्रभावित होने लगा है. सुबह और शाम के बाद ठंड में इजाफा हो रहा है. लिहाजा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.जानकारी के मुताबिक सोमवार को चौपारण प्रखंड के गांवों में न्यूनतम तापमान 15 से 17 डिग्री था. इस वजह से सुबह में स्कूल जाने में स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ठंडी हवा भी सिहरन जैसी पैदा कर रही थी. ठंड की वजह से सभी स्वेटर, जैकेट पहनकर घरों से बाहर निकले. हालांकि दोपहर में धूप से लोगों को थोड़ी राहत मिली लेकिन शाम होते ही कनकनी का एहसास शुरू हो गया। आम जनता प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की है. ताकि दिहाड़ी मजदूरों को राहत मिल सके,इधर प्रखंड प्रशासन को चहिये की ठंड के मद्देनजर प्रखंड प्रशासन को जल्द अलाव की व्यवस्था कराया जाय हालांकि इसको लेकर अब तक कोई सरकारी आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। प्रशासन के द्वारा चिन्हित कर चौक-चौराहों पर राहगिरों की सुविधा को लेकर अलाव की व्यवस्था करया जाए प्रशासन को चाहिए कि जनता के हितों को लेकर गंभीर रहें।

राणी सती दादी का भव्य विवाह उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

जय दादी के जयकारों से गूंज उठा मंदिर परिसर

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग : शहर के मालवीय मार्ग रोड स्थित राणी सती दादी मंदिर में सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के बीच राणी सती दादी का भव्य विवाह उत्सव पूरे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। यह आयोजन भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक उत्सव के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन का संगम बन गया। उत्सव की शुरूआत हल्दी और मेहंदी की रस्मों से हुई। दादी के विवाह की तैयारियों में सजी-धजी महिलाएं उत्साहपूर्वक इन रस्मों में शामिल हुईं। पूरे मंदिर परिसर में मंगल गीत गूंजते रहे, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। हल्दी और मेहंदी के बाद ढोल-नगाड़ों और शहनाई की मधुर धुन के बीच दादी की भव्य बारात निकाली गई। बारात में राणी सती दादी के दूल्हे, तनधन जी के बाल स्वरूप में साची को दूल्हे के वेश में सजाया गया था। बारात में महिलाएं और पुरुष जय दादी की के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा से झूमते नजर आए। यह बारात शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद राणी सती दादी के विवाह की सभी रस्में पारंपरिक रूप से संपन्न की गईं। राणी सती दादी के बाल स्वरूप में पूर्वी और तन धन जी के बाल स्वरूप ने दादी भक्तों को आशीर्वाद दिया इस मौके पर सभी भक्तों ने जमकर नृत्य किया और खुशी मनाई। विवाह उत्सव के समापन पर भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। सभी दादी भक्तों ने इस अवसर पर प्रसाद ग्रहण कर दादी का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन भक्तों के लिए अध्यात्म,आस्था और आनंद का अद्भुत संगम बन गया। दादी के विवाह उत्सव को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। इस आयोजन ने सभी भक्तों के दिलों में भक्ति का नया जोश भर दिया। राणी सती दादी मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कहा की राणी सती दादी का विवाह उत्सव हमारे मंदिर और दादी भक्तों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमारी धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है, बल्कि श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और आपसी एकता का भी प्रतीक है। इस आयोजन में भक्तों का जोश और आस्था देखकर हमें बेहद खुशी हुई। हर साल इस उत्सव को और भी भव्य बनाने की हमारी कोशिश रहती है। इस बार भी सभी रस्मों को विधिवत संपन्न किया गया। भक्तों की उपस्थिति और उनका उत्साह हमारे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

दुर्घटना में परिजनों खोने वाले परिवार के लिए दुर्घटना बीमा कानून 2022 आपदा से कम नहीं

नए कानून में बीमा दाखिल करने का समय अव्यावहारिक : सुमन

मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम संशोधन 2022 में सुधार के संबंध में एक विचार संगोष्ठी

नव प्रदेश संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग बार सभागार में सोमवार को मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम संशोधन 2022 में सुधार के संबंध में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय प्रवेश अधिवक्ता राणा राहुल प्रताप ने कराया। कहा कि मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम 1988 में दावा दाखिल करने का समय सीमा निर्धारित नहीं था, जिसमें काल बाधा की समस्या से दो-चार आम जनता (आहत परिवार या आहत व्यक्ति) के समक्ष समस्या के रूप में प्रकट नहीं होता था, किंतु नये परिवहन अधिनियम 2022 के संशोधन में दुर्घटना के 6 माह के अंदर दावा दाखिल करने की निर्धारित समय सीमा है, जबकि आहत परिवार या जख्मी व्यक्ति ईलाज में ही 6 माह या सालभर लग जाते हैं और इस चक्कर समय सीमा के अंदर फाइल नहीं होने पर विलंब से माफी की प्रावधान इस अधिनियम में कहीं नहीं है जो अव्यावहारिक है। महासचिव सुमन कुमार सिंह ने कहा कि अधिनियम 2022 में माफी का प्रावधान न होना से हजारीबाग कोर्ट में लगभग 60 केस लंबित है, जो काफी चिंता का विषय है । सुधार हेतु झारखंड के सभी सांसद, विधायक तथा ज्ञापन के माध्यम से सभी बार एसोसिएशन को अवगत अवगत कराएगी। अधिवक्ता रमेश सिंह ने कहा कि आम जनता की विलंब से माफी के प्रावधान है । संपत्ति से संबंधित हो या फिर श्रम अधिनियम में केस के मामले में भी विलंब से केस दाखिल की माफी के प्रावधान निर्धारित जिसे काल बाधा के रूप में भी हम लोग जानते हैं । नए अधिनियम में मात्र 6 छः माह निर्धारित की गई है जबकि पुलिस के द्वारा चार्जसीट फाइल करने में 1 साल, 2 साल, 3 साल तक लग जाता है। हैं ऐसे में समय सीमा निर्धारित किया जाना न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है। अधिवक्ता विजय सिंह ने कहा कि यह नियम आम जन या आहत व्यक्ति या उसके आहत परिवार की पक्ष में प्रतीत ना होकर, बीमा कंपनी की पक्ष में खड़ी कानून नजर आ रही है। वरीय अधिवक्ता शैलेंद्र सिन्हा ने नए कानून की विशेषता और खामियां पर चर्चा करते हुए कहा कि नए कानून की धारा 150 और 150 ए) के तहत डालसा सचिव और ट्रिब्युनल को इसके लिए जवाबदेह बनाया गया है। अगर ये दोनों संस्थाएं सक्रिय हो जाए तो फिर वाद लाने की आवश्यकता हीं नहीं पड़ेगी। परंतु वर्तमान समय में घटना के 48 घंटा बाद सूचना एकत्रित कर कोर्ट के साथ बीमा कंपनी और ट्रिब्युनल को अवगत कराने का प्रावधान किया गया है। बिहार सरकार द्वारा बनाए गए कानून की चर्चा की गई और उसकी विशेषता को बताया गया। बीमा संबंधित मामले को देखने वाले अधिवक्ता विजय कुमार सिंह ने भी कार्यशाला में अपने विचार को रखा और नए कानून में वाद दाखिल करने के लिए दिए समय को चार्जशीट के बाद देने की बात कहीं। कार्यशाला में मनमीत अकेला, बब्लू कुमार, कुणाल भारद्वाज, दीपक वर्मा, अरविंद राणा, दयानंद गुप्ता, नीलेश कुमार सिंह, अनुपम, राघवेंद्र प्रताप सिंह, संत कुमार दीक्षित, दिनेश महतो आदि उपस्थित थे।

राणा राहुल प्रताप को स्मार पत्र तैयार करने की दी गई जवाबदेही

मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम संशोधन 2022 में वाद दाखिल करने को लेकर दिए गए समय और उससे हो रहे परेशानी को लेकर आम जनता के पहल पर बार एशोसिएशन द्वारा एक स्मार पत्र सांसद, विधायक, केंद्रीय मंत्री, बार कौंसिल ऑफ इंडिया, बीसीआई झारखंड, राज्रू के महाधिवक्ता और राज्य के सभी जिलो में सक्रिय बार को देकर इस दिशा में पहल करने की मांग करने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि इस कार्य को गति अधिवक्ता राणा राहुल प्रताप देंगे और उनके द्वार तैयार स्मार पत्र को बार के माध्यम से दिया जायेगा।

एक नजर

पिकअप वैन व बाइक में टक्कर, किशोर की मौत

अनगड़ा। साल्हन में सोमवार की सुबह करीब सात बजे एक पिकअप वैन व मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर हो गई। घटना में बाईक सवार एक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेड़वारी निवासी महेश महतो के 16 वर्षीय पुत्र रोहित महतो के रूप में किया की गई है ।बताया गया कि अपने बाईक में सवार होकर रोहित महतो साल्हन से अपने घर वापस लौट रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से (सिल्ली से रांची) से आ रही एक पिकअप वैन (जेएच 01एम 2725) से हो सीधी टक्कर हो गई। गंभीर चोट लगने से रोहित की मौत मौके पर ही हो गई ।उसने हेलमेट भी नहीं पहना था। मौके पर पहुंचे अनगड़ा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से तेज रफ्तार बाइक पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि युवाओं और किशोरों की जान बचाई जा सके।

100 मीटर फरार्टा दौड़ में सुदेश को स्वर्ण और 200 मीटर में अंश ने जीता स्वर्ण

अनगड़ा। जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी महोत्सव में सोमवार को फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल के पेनाल्टी शूटआउट में जेकेएसएस एफसी ने जूनियर स्टार रांची को 3-2 से पराजीत किया और सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया है।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जेकेएसएस एफसी के गोलकीपर अनमोल तिर्की को दिया गया। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में सुदेश कुमार महतो को स्वर्ण, श्रवण मुंडा को रजत और अंश महतो को कांस्य पदक मिला। वहीं 200 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अंश महतो को स्वर्ण, संदीप मुंडा को रजत, श्रवण मुंडा को कांस्य पदक, 200 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में जितेंद्र बेदिया को स्वर्ण, रूपेश मुंडा को रजत, हिमांशु बेदिया को कांस्य पदक,100 मीटर बैक दौड़ जूनियर बालक वर्ग में अंश महतो को स्वर्ण, संदीप मुंडा को रजत और श्रवण मुंडा को कांस्य पदक मिला। मुख्य अतिथि जसपुरिया बीएड कॉलेज के अध्यक्ष सह भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने सब्जी विजेता खिलाड़ी को पदक,ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विशिष्ठ अतिथि पूर्व पंसस महेश गंझू, विधायक प्रतिनिधि अजगुत करमाली उपस्थित थे। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार व ब्रज किशोर प्रसाद ने किया।

विधायक अमित कुमार महतो से ममता सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की

सिल्ली। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के झामुमो विधायक अमित कुमार महतो से पार्टी कार्यालय सिल्ली में रविवार को ममता सिंह अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार और अपराध नियंत्रण संगठन की सिल्ली ईकाई की प्रखंड अध्यक्ष ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने विधायक जी से इस संस्था द्वारा होनेवाले आगामी सामाजिक कार्य को लेकर आवश्यक बातें भी की।

हत्यारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो : सुनील साहू

हजारीबाग : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन हजारीबाग के जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में उपायुक्त के समझ एक दिवसीय धरना दिया गया। उक्त मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव की उपस्थिति रही। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आए दिन तेली समाज के लोगों की हत्याएं लगातार हो रही है और हत्या करने वाले अधिकतर हिंदू समाज के ही लोग होते हैं। तेली समाज के लोगों की हत्या पर सभी राजनीतिक पार्टी चुप्पी साधे रहती है। इसीलिए हम सभी को एकजुट और जागरुक होना अति आवश्यक है। प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव ने कहा कि मृतक उदय साहू सर्व समाज के गरीबों, शोषितों, वंचितों, मजदूरों, विस्थापितों, किसानों के बीच लोकप्रिय थे। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव ने कहा कि इस हत्याकांड में धनबल और माफियाओं की संलिप्तता समझ आती है। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद, महिला अध्यक्ष प्रियंका साहू, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अशोक, जिला मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव, पलामू जिला अध्यक्ष अशोक साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव, समाजसेवी रेखा कुमारी, लातेहार जिला अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, लातेहार, रणधीर साव अरविंद साहू तालेश्वर साव, ग्राम अध्यक्ष डमर साव, सुनील साहू, . ट्यूनी साहू बांका, चतरा जिला अध्यक्ष मुरारी साव, विकास कुमार सिंहरावा, सुखदेव साहू, गणेश प्रसादगुप्ता, कुलदीप साहू, चौहान साव,बैजनाथ कुमार गुप्ता,प्रमोद कुमार गुप्ता, केशव साव, भुलान साव, अजय साव, रणधीर साहू, चौहान साव, दीपक गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सुबोध साव, बासुदेव साव, विकास कुमार गुप्ता, महेंद्र साव, सुनील साहू, कुलदीप साव, नंदू साव, जयप्रकाश साव, चेतलाल साव, सोहन कुमार साव, टुनी साव, मुरारी साव, जयनारायण साव समेत सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति रही।

अमित कुमार महतो से औपचारिक मुलाकात की

सिल्ली। सिल्ली विधानसभा के विधायक अमित कुमार महतो से सिल्ली विधायक कार्यालय में रविवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, लोटा पंचायत के पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला सचिव मंजूर मोमिन, डॉ पशुपति महतो, चन्द्र मोहन महतो, गुहीराम महतो, उपेंद्र नाथ महतो, रामपदो महतो, अजय महतो, मलिंदर महतो इत्यादि ने औपचारिक मुलाकात की।

सोनिया गांधी का जन्म दिन मनाया गया

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में त्याग की मूर्ति व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय सोनिया गांधी का 67वां जन्म दिन सादगी से मनाया गया। महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत प्रदेश सचिव बिनोद सिंह प्रखंड अध्यक्ष अजित सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, साजिद अली खान, दीपक गुप्ता, सलीम रजा, गुड्डू सिंह, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, राजू यादव, अजित अनिल भुईया, भैया असीम कुमार, मो. वारिस, सैयद अशरफ अली के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)